फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 244 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 7 अप्रेल , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot


ARBiT



**The Forest Speaks to You** — See an owl in flight to understand the meaning of grace. Complete silence so that its prey has no idea of death as it comes to it in the dark.

**Steroid Shot To Ease Neck Pain**

**Of Legacy, History & Food** — Kanota family's ode to General Amar Singh Kanota



*न्यूज़ीलैंड के शोधकर्ताओं ने पैनग्विन की दो प्राचीन किंतु अज्ञात प्रजातियों के जीवाश्म खोजे हैं। इनमें से एक प्रजाति तो धरती पर मिलने वाली अब तक की सबसे बड़ी पैनग्विन प्रजाति है। पांच करोड़ साल पहले 154 किलोग्राम वजनी यह पैनग्विन समुद्र में उस जगह विचरण करती थी, जहां आज न्यूज़ीलैंड है। इस नई प्रजाति, कूमीमानू फॉरडाइस के अवशेष न्यूज़ीलैण्ड के सदर्न आइलैंड पर नॉर्थ ओटागो में बीच बोल्डर्स के अंदर, आठ अन्य नमूनों के साथ मिले हैं। इनमें से 5 अवशेष एक अन्य नई प्रजाति, पैट्राडीप्टीस स्टोनहाउसेई के हैं, एक अवशेष विशाल पैनग्विन कूमीमानू बाइसीए का है और दो अवशेषों की पहचान नहीं हुई है। जिन चट्टानों में अवशेष मिले हैं, वो 59.5 मिलियन वर्ष से 55.5 मिलियन वर्ष तक पुरानी बताई जाती हैं। जर्नल पेलिऑनटॉलजी में छपे एक शोध में वैज्ञानिकों ने इन दोनों नई प्रजातियों के वजन का अनुमान आधुनिक पैनग्विन की हड्डियों के आकार और घनत्व के साथ तुलना करके लगाया। टीम ने पाया कि, पैट्राडीप्टीस स्टोनहाउसेई का वजन लगभग 110 पाउंड रहा होगा, जो एम्परर पैनग्विन से कुछ ही ज्यादा है तथा के. फॉरडाइस का वजन इससे तीन गुना रहा होगा। शोध के प्रथम लेखक, डैनिअल सैप्का ने कहा, हमारे विश्लेषण के अनुसार अभी तक ज्ञात पैनग्विन्स में के. फॉरडाइस सबसे बड़ी है। डैनिअल सैप्का ग्रीनविच में ब्रूस म्यूज़ियम के क्यूरेटर और पेलिऑनटॉलजिस्ट हैं। इससे पहले तक पैलियोडीप्टीस कोकाओस्की को सबसे बड़ी पैनग्विन माना जाता था, जो लगभग 3.7 करोड़ वर्ष पूर्व एन्टार्कटिका में रहती थी और इसका वजन 256 पाउण्ड व कद 2 मीटर था। इसे कोलोसस पैनग्विन भी कहते थे। हाल ही में प्राप्त दोनों नई प्रजातियां प्राचीनकालीन पैनग्विन हो सकती हैं। नई खोज से यह पता लग सकेगा कि, समय के साथ पैनग्विन का उद्विकास कैसे हुआ। डैनिअल ने कहा कि, इनकी फ्लिपर बोन्स तुलनात्मक रूप से प्राचीन थीं। ये, उन चिड़ियों की फ्लिपर बोन्स के समान थीं जो हवा में उड़ सकती हैं और पानी के अंदर अपने पंखों के सहारे आगे बढ़ सकती हैं। गौरतलब है कि, 6 करोड़ साल पहले पैनग्विन की उड़ने की क्षमता खत्म हो गई थी और वो माहिर तैराक बन गईं थीं।*

# इस ''डिज़ाइन बॉक्स'' एजेन्सी का मालिक कौन है, जिसने भारी रकम लेकर गहलोत को मु.मंत्री बनाने का जिम्मा लिया है?

## गहलोत के अलावा कर्नाटक के नेता डी.के. शिव कुमार भी ''डिज़ाइन बॉक्स'' के नये ग्राहक हैं

- हाल ही में ''डिज़ाइन बॉक्स'' ने वरिष्ठ पत्रकारों, जिनमें मुख्यतया संपादक थे, व टी.वी. एन्कर्स को रात्रि भोज पर दिल्ली में शिव कुमार से मिलाया था।
- मजे की बात है ''डिज़ाइन बॉक्स'' को हर बार नये-नये ग्राहक कैसे मिल जाते हैं, जबकि, उनकी सफलता का आंकड़ा ज़ीरो है।
- हिमाचल की आशा कुमारी ने उन्हें जिम्मेदारी दी थी, पर खुद तो हारी हीं साथ ही उनके भाई टी.एस. सिंह देव, जिन्होंने भी डिज़ाइन बॉक्स से सहायता ली थी, अभी तक छत्तीसगढ़ के मु.मंत्री नहीं बन पाये।
- पंजाब के तत्कालीन वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बरार ने ''डिज़ाइन बॉक्स'' को उन्हें मु.मंत्री बनवाने का काम सौंपा था, पर, उस विधानसभा चुनाव में पंजाब में कांग्रेस ही बुरी तरह हार गयी।
- हरियाणा के नेता भूपिन्दर सिंह हुड्डा ने उन्हें हरियाणा में जिम्मेदारी सौंपी थी, पर कांग्रेस तीस सीटों पर ही सिमट कर रह गयी।

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 अप्रैल। ''जहाँ-जहाँ पांव पड़े संतन के, तहाँ-तहाँ बटांधार।।'' यह एक लोकप्रिय कहावत है और ''डिजाइन बॉक्स'' के बारे में प्रायः यही कहा जाता है। यह कम्पनी नेताओं व राजनैतिक पार्टियों के प्रचार का काम करती है। उसके नवीनतम ग्राहक हैं कर्नाटक के वरिष्ठ नेता डी.के. शिव कुमार। शिव कुमार कांग्रेस के चुनाव जीतने की स्थिति में राज्य के मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं।

डिजाइन बॉक्स ने डी.के. शिव कुमार के साथ डिनर मीटिंग के लिए कुछ वरिष्ठ पत्रकारों को आमंत्रित किया, जिसमें कुछ वरिष्ठ एडीटर्स तथा न्यूज-चैनल्स के कुछ हाई प्रोफाइल एंकर्स शामिल थे, ये सभी मोदी के भक्त हैं तथा रात-दिन मोदी का गुणगान करते रहते हैं।

मजे की बात यह है कि डिजाइन बॉक्स ने जिस भी नेता का काम हाथ में लिया उसमें वह बुरी तरह असफल रहा। हिमाचल प्रदेश की आशा कुमारी ने उसकी सेवाएं लीं, वे अपना चुनाव हार गईं। छत्तीसगढ़ में टी.एस. सिंह देव ने भी डिजाइन बॉक्स की सेवाएं ली ताकि व उनके लिए जोड़-तोड़ करे और उन्हे मुख्यमंत्री बनाने के समीकरण बिठाएं, पर वे अभी तक भूपेश बघेल को हटाने में सफल नहीं हुए हैं।

पंजाब के वित्त मंत्री मनप्रीत ब्रार ने भी उनकी सेवाएं ली थी पर उन्हे भी सफलता नहीं मिली और पंजाब में कांग्रेस की करारी हार हुई।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

## नैशनल पार्टी का दर्जा प्राप्त करने के लिए तरस रही है आप

- आप ने चुनाव आयोग में आवेदन कर रखा है, पर वहां से कोई जवाब नहीं मिला तो पार्टी ने कर्नाटक हाई कोर्ट में याचिका दायर की है।

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 अप्रैल। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। उनकी पार्टी के दो नेता जेल में हैं, सत्येन्द्र जैन और मनीष सिसोदिया। पर उनके सामने इससे भी बड़ी समस्या है कि चुनाव आयोग उनकी पार्टी आप को राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ए.के. एन्टनी के पुत्र भाजपा में शामिल हुए

## कांग्रेस के द्वितीय श्रेणी के नेता टॉम वडक्कन ने एन्टनी पुत्र अनिल को भाजपा में लाने में प्रमुख भूमिका निभाई

- वडक्कन, जो ए.आई.सी.सी. में कुछ जिम्मेवारी संभाले हुए थे तथा सोनिया गांधी के नज़दीक होने के लिये प्रयासरत थे, 2019 के लोकसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये थे।
- अनिल एन्टनी इंजीनियर हैं तथा उन्होंने स्टैनफर्ड युनिवर्सिटी से एम. एस. सी. की डिग्री प्राप्त की है।
- जब ए.के. एन्टनी रक्षा मंत्री थे, तो, कई शस्त्रों के सौदागर अनिल एन्टनी से सम्पर्क बढ़ा कर, हथियार सप्याई करने के व्यापार में सफल होने का सपना देख रहे थे।
- पर, ए.के. एन्टनी की ईमानदारी व विश्वसनीयता के कारण न तो अनिल एन्टनी को रक्षा मंत्रालय में एन्ट्री मिली और न हथियारों के सौदागरों को कोई भी सप्लाई का ऑर्डर।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 अप्रेल। एन्टनी कांग्रेस नेता तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री ए.के. एन्टनी के पुत्र अनिल ऐन्टनी आखिरकार आज भाजपा में शामिल हो गये।

एन्टनी परिवार के निकटस्थ सूत्रों का कहना है कि अनिल के इस कदम को उनके पिता की सहमति-स्वीकृति प्राप्त नहीं है तथा उन्होंने इस कदम को ''लज्जाजनक'' बताया है। ए.के. एन्टनी, जिनके पास कांग्रेस का हर महत्वपूर्ण पद रहा तथा जो गांधी परिवार के बहुत नजदीक रहे, अपने पुत्र के नाराज रहे चलते है तथा उन्होंने अपने पुत्र को राजनीति के लिये तैयार करने की कोशिश कभी भी नहीं की। अनिल की अपनी महत्वकांक्षाएं हैं तथा अपने पिता के साथ उनके संबंध भी कुछ-कुछ तनावपूर्ण ही रहे हैं।

सूत्रों ने कहा कि एक दूसरे दर्जे के कांग्रेस नेता टॉम वडक्कन, जो ए.आई.सी.सी. और सोनिया गांधी के आवास पर मंडराते रहते थे, 2019 के लोकसभा चुनावों से ठीक पहले भाजपा में शमिल हो गये थे, ने अनिल एन्टनी के लिये सत्तारूढ़ दल भाजपा में जाने का मार्ग प्रशस्त कर दिया था।

सूत्रों का कहना है कि अनिल के भाजपा में शामिल होने का समय इस तरह तय किया गया है कि इस घटना से लोगों का ध्यान अडानी-मुद्दे से हट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## जज पत्नी ने सरकारी वकील पति से भरण पोषण मांगा

जयपुर, 6 अप्रैल (का.सं.)। शहर की फैमिली कोर्ट संख्या- एक ने बच्चों के भरण पोषण मामले में जज पत्नी के प्रार्थना पत्र पर सरकारी वकील पति को हर माह 24 हजार रुपए देने के आदेश दिए हैं। अदालत ने इस राशि की गणना 20 दिसंबर 2021 से करने को कहा है। अदालत ने यह आदेश एडीजे इंदिरा बनेरा के प्रार्थना पत्र पर दिया।

- शहर की फैमिली कोर्ट संख्या एक ने जज पत्नी की प्रार्थना को स्वीकार करते हुए सरकारी वकील पति को 24,000 रू. प्रति माह देने के आदेश दिए।

प्रार्थना पत्र में कहा कि प्रार्थी की शादी जयपुर में भारत अजमेरा से 24 नवंबर 2007 को हुई थी। उनके 2010 में एक बेटी व 2015 में एक बेटा हुआ। दोनों बच्चे अपनी मां के साथ रहे और पति ने उन्हें कभी भी नहीं रखा। विवाह होने के समय अप्रार्थी रोजगार के लिए प्रयासरत था और उसने आर्थिक सहयोग दिया। जिसके चलते अप्रार्थी अजमेर में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'मेरे पुत्र का निर्णय गलत है और मेरे लिये पीड़ादायक क्षण'

## मुझे नहीं पता मेरी कितनी ज़िन्दगी बची है, पर अंतिम दिन तक मैं कांग्रेस व नेहरू-गांधी परिवार प्रति वफादार रहूँगा-ए.के. एन्टनी

- एन्टनी ने यह भी कहा कि, मैं सदा से आर.एस.एस. व भाजपा के साम्प्रदायिक व लोगों को बांटने वाले एजेण्डा के खिलाफ रहा हूँ।
- ''मैं कांग्रेस पार्टी व नेहरू गांधी परिवार को देश को एक रखने व देश की विविधता सुरक्षित रखने का श्रेय देता हूँ।''

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 अप्रैल। पूर्व रक्षा मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता ए.के. एन्टनी ने एक नोट लिख कर अपने बेटे अनिल के भाजपा में जाने के निर्णय पर गहरी निराशा और दुख व्यक्त किया और इसे बेहद ''गलत फैसला'' करार दिया तथा कहा कि यह पल उनके लिए ''बेहद पीड़ादायक'' है। उन्होंने कहा कि वे कभी भी भाजपा और उसकी सैद्धान्तिक जननी आर.एस.एस. (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) की विचारधारा का समर्थन नहीं करेंगे, जिस पर उन्होने देश को बांटने व लोकतंत्र की नींव कमज़ोर करने का आरोप लगाया।

पत्रकारों से बात करते हुए एन्टनी ने कहा कि वे हमेशा से भाजपा और आर.एस.एस. उनके साम्प्रदायिक व विभेदकारी एंजेडा के लिए विरोध करते रहे हैं और अपनी आखिरी सांस तक करते रहेंगे। उन्होने कहा कि वे कांग्रेस पार्टी और नेहरु-गांधी परिवार के प्रति हमेशा निष्ठावान रहे हैं, जिसे वे भारत को एकजुट करने और भारत की विविधता का सम्मान करने का श्रेय देते हैं। उन्होने कहा कि इंदिरा गांधी उनकी प्रेरणा स्रोत थीं और इंदिरा गांधी ने ही उन्हे राजनीति में आने के लिए प्रोत्साहित किया था। सिर्फ एक बार नीतिगत मसलों पर उनके इंदिरा गांधी से मतभेद हुए थे पर उसके बाद वे कांग्रेस में लौट आए और इंदिरा गांधी का और ज्यादा सम्मान करने लगे।

एन्टनी ने कहा, ''मैं अपने राजनैतिक करियर के अंतिम दौर में हूं मैं नहीं जानता कि मैं कब तक जिऊंगा। पर जब तक ज़िदां रहूंगा कांग्रेस के लिए रहूंगा।'' उन्होने कहा कि अपने बेटे के कदम के बारे में उन्हे कुछ और नहीं कहना है। उन्होने मीडिया से आग्रह किया कि उनकी निजता का सम्मान किया जाए।

अनिल एन्टनी जो कई सामाजिक कार्यक्रमों व कांग्रेस के डिजिटल अभियान से जुड़े रहे हैं, ने गुरुवार को सुबह भाजपा में शामिल होने की घोषणा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नाबालिग से बार-बार दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को बीस साल की सजा

जयपुर, 6 अप्रैल (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत, क्रम-3 महानगर प्रथम, ने दसवीं कक्षा की छात्रा से बार-बार दुष्कर्म कर उसे गर्भवती करने वाले अभियुक्त सुरेश बैरवा को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर सत्तर हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि, नाबालिग की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है।

- अदालत ने आरोपी सुरेश बैरवा पर 70 हजार रू. का जुर्माना भी लगाया और कहा कि, नाबालिग की सहमति कानून में कोई मायने नहीं रखती है, इसलिए आरोपी के प्रति नर्मी नहीं बरती जा सकती है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'भाजपा नेताओं के प्रति अरूचि है, इसलिये सिने स्टार को लाई है, अपनी बात कहने के लिये'

## कर्नाटक कांग्रेस के नेता शिव कुमार ने भाजपा पर व्यंग्य कसा तथा कुल 224 सीटों में से 141 सीटें जीतने का दावा किया

- शिव कुमार ने यह भी कहा कि, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा तथा उसके बाद राहुल गांधी के ''डिस्क्वालिफिकेशन'' व मकान खाली कराने की घटनाओं से पार्टी को चुनाव में भारी लाभ होगा।
- शिव कुमार, शायद चुनाव के बाद मु.मंत्री बनने की महत्वकांक्षा रखते हैं, इसलिए उनका राहुल गांधी को जीत का श्रेय देना हाई कमान की ''गुड-बुक्स'' में रहने का प्रयास भी माना जा सकता है।
- पर, निष्पक्ष सर्वे के अनुसार, कर्नाटक में इस बार भी त्रिशंकु विधानसभा होने की संभावना है तथा पिछली बार की तरह जद (एस) के कुमारास्वामी ही ''किंगमेकर'' की भूमिका निभायेंगे।

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 अप्रैल। आज, जब धुर उत्तर के रहने वाले गुलाम नबी आज़ाद से लेकर धुर दक्षिण के गांधी परिवार के प्रति वफादार ए.के. एन्टनी के पुत्र अनिल एन्टनी जैसे कांग्रेस के पूर्व नेता पार्टी तीखे हमले करने में लगे रहे वहीं कर्नाटक में भले-बुरे सभी प्रकार के दिनों में पार्टी के साथ रहे कांग्रेस नेता तथा पार्टी प्रदेशाध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के डबल इंजन- शिव कुमार और सिद्धारमैया 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी को बड़े आराम से जीत और सत्ता तक पहुंचायेंगे।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री तथा 50 साल तक कांग्रेस में रहे गुलाम नबी आज़ाद ने कांग्रेस, राहुल गांधी और उनकी कार्य शैली के खिलाफ कटु निंदा का अभियान छेड़ दिया है, लगभग वैसे ही हमले कांग्रेस के एक अन्य शीर्ष नेता के पुत्र अनिल एन्टनी, जो आज भाजपा में शामिल हो गये, की तरफ से हो रहे हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ इस विस्फोट का समय समझ-सोचकर तय किया गया है ताकि राहुल गांधी की छवि को ऐसे समय पर ध्वस्त करने की जाये, जब उन्हें मानहानि केस में हुई सजा तथा उसके तत्काल बाद संसद से, उनकी डिस्क्वालिफिकेशन के बाद जनता की सहानुभूति मिल रही है। और तो और, राहुल से सरकारी आवास भी ''खाली'' कराया जा रहा है।

के.पी.सी.सी. अध्यक्ष डी. के. शिवकुमार ने इस पूरे परिदृश्य पर मीडियाकर्मियों से विविधतापूर्ण संवाद करते हुए कहा, ''राहुल गांधी के ईर्द-गिर्द केन्द्रित इस पूरे घटनाक्रम से कांग्रेस को निश्चित रूप से फायदा होगा। मीडिया के समक्ष उनके इन जबरदस्त हमलों, जो विभिन्न टी.वी. चैनलों पर टेलीकास्ट हो रहे थे, का उद्देश्य संभवतः पार्टी कार्यकर्ताओं को विजय के लिये प्रचार करने हेतु और ज्यादा प्रेरित और उत्साहित करने का था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सरकार बनाने के लिये अन्य किसी पार्टी के सहयोग-समर्थन की जरूरत नहीं पड़ेगी तथा वह आधी, अर्थात 113 से अधिक सीटें जीतेगी।

शिवकुमार के अनुसार, कांग्रेस की जीत के कारणों की तलाश में दूर जाने की जरूरत नहीं है। जीत के कारण होंगे- सभी मोर्चों पर बासवराज बोम्मई की घोर विफलता, अनियंत्रित भ्रष्टाचार, जबरदस्त महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी तथा आमजन में व्यापक स्तर पर व्याप्त निराशा। कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्य में जनता का ऐसा कोई वर्ग नहीं है जो

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## तुष्टिकरण की राजनीति?

जयपुर, 6 अप्रेल (का.सं.)। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि उदयपुर जिला कलेक्टर द्वारा धार्मिक प्रयोजनों के अवसर पर धार्मिक ध्वज लगाने पर धारा 144 लागू करने का यह तुगलकी आदेश गहलोत सरकार की तुष्टीकरण की राजनीति का एक और जीता जागता प्रमाण है।

- नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि, उदयपुर कलैक्टर का धार्मिक ध्वज लगाने पर धारा 144 लागू करने का आदेश गहलोत सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति का प्रमाण है।

राठौड़ ने कहा कि क्या अब आमजन त्योहारों पर भी धार्मिक ध्वज लगाने के लिए प्रशासन से अनुमति लेंगे? कलेक्टर का यह फरमान हिंदुओं की धार्मिक आस्था पर कुठाराघात है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**जो वस्तु आनंद प्रदान नहीं कर सकती, वह सुन्दर हो ही नहीं सकती। –प्रेमचंद**

# क्या राहुल गांधी की संसद की सदस्यता बहाल होगी?

राहुल गांधी को संसद की सदस्यता से निरर्हत (Disqualify) किये जाने से देश की राजनीति में तूफान आ गया है। कांग्रेस सडकों पर उतर आई है। मोदी के विरूद्ध लगभग सभी विपक्षी पार्टियां, 2024 के चुनावों में एक साथ दिखाई दे रही हैं। देश भर में सत्याग्रह करने का नारा कांग्रेस ने दिया है।

मानहानि के एक फौजदारी केस में जो धारा 499/500 आईपीसी के तहत् था, कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 2 साल की सजा दी गई तथा रू. 1500/– जुर्माना किया। इस केस में निर्णय दिनांक 23.03.2023 के विरूद्ध सेशन कोर्ट में अपील का प्रावधान है। ट्रायल कोर्ट ने राहुल गांधी को जमानत पर रिहा किया और 30 दिन में अपील करने का आदेश दिया।

यहां यह लिखना समीचीन होगा कि सदस्यता रद्द करने से मानहानि के केस का कोई सम्बन्ध नहीं है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 102 में एमपी की सदस्यता को रद्द करने के कारण दिये हैं। अनुच्छेद 102(म) निम्न प्रकार से है:–

"यदि वह संसद द्वारा बनाई गई किसी विधि द्वारा या उसके अधीन इस प्रकार निरर्हित (Disqualify) कर दिया जाता है।"

संसद सदस्य (एमपी) का चुनाव होता है और चुनाव "रिप्रेजनटेशन ऑफ पिपुल्स अधिनियम 1951" से होता है, तथा संविधान के अनुच्छेद 102(म) में सदस्यता के लिये निरर्हताओं (अयोग्यता) का उल्लेख है। R.P. Act, 1951 की धारा 8(3) के रूप में प्रावधान है कि यदि किसी एमपी को 2 वर्ष की सजा होती है तो वह एमपी की सदस्यता के हेतु अयोग्य हो जावेगा। राहुल गांधी को 2 वर्ष की सजा दी गई है। किसी व्यक्ति ने स्पीकर के कार्यालय को सूचित किया कि सूरत की फौजदारी आदलत ने राहुल गांधी को 2 वर्ष की सजा दी है अत: उनकी एमपी की सदस्यता धारा 8(3) के अनुसार स्वत: ही रद्द हो जाती है। स्पीकर के कार्यालय से राहुल गांधी को सूचित किया कि उनकी सदस्यता समाप्त हो गई है। सजा के बाद राहुल गांधी की अपील सेशन कोर्ट में दिनांक 03.04.2023 को पेश की है। अपील के साथ राहुल गांधी ने दो प्रार्थना पत्र स्टे यानी अन्तरिम आदेश के लिये पेश किये हैं। सेशन कोर्ट ने राहुल गांधी की सजा पर अन्तरिम आदेश नहीं दिया है, केवल बेल (जमानत) ली है। एक प्रार्थना पत्र में अपील के निस्तारण तक सजा पर स्टे लगाया है और दूसरे प्रार्थना पत्र में दोष सिद्धि Conviction व सजा पर स्टे चाहा है। पहले प्रार्थना पत्र पर 13.04.2023 को तथा दूसरे पर 03.05.2023 को बहस होगी।

राहुल गांधी को 2 वर्ष की सजा हुई है और इस कारण उनकी एमपी की सदस्यता रद्द हो गई है, वे अब संसद सदस्य नहीं रहे। Conviction पर रोक लगने की सूचना स्पीकर कार्यालय को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजना होगा। कुछ जूरिष्ट मानते हैं कि सजा पर स्टे मात्र से उनके विरूद्ध Conviction पर असर नहीं होगा।

अपील करने से पूर्व कांग्रेस के कुछ नेताओं की यह राय थी कि राहुल गांधी को जेल चले जाना चाहिये। इससे मोदी सरकार की कमर तोडने में मदद मिलेगी और राहुल गांधी को हीरो के रूप में उभरने का अवसर मिलेगा कुछ नेता कहते हैं कि अपील न कर जेल जाने से आगामी चुनाव में लाभ मिलेगा और कुछ नेताओं का विचार है कि यह सोच आग से खेलना जैसा है। नुकसान अधिक होगा।

मोहम्मद अब्दुल्ला, आजम खान, उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य रहे हैं। मोहम्मद अब्दुल्ला की विधानसभा की सदस्यता निरस्त की गई है, क्योंकि वे विधानसभा की सदस्यता के हेतु जो उम्र अपेक्षित थी उससे छोटे थे अर्थात् चुनाव लडने के हेतु वे फनंसपलि Qualify नहीं थे। ट्रायल कोर्ट ने 2 वर्ष की सजा दी थी। निर्णय के दूसरे दिन ही उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया और सीट को वेकेन्ट सीट नोटिफाई कर दी गई। खान ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील की। चुनाव आयोग ने घोषणा की कि चुनाव की प्रक्रिया 13.04.2023 से प्रारम्भ की जावेगी। सुनवाई में देरी हो रही थी, अत: खान ने Conviction को निष्प्रभावी करने के लिये सुप्रीम कोर्ट में अपील की। जहां दिनांक 05.04.2023 को सुनवाई हो चुकी है और इलाहाबाद उच्च न्यायालय को निर्देश दिये हैं कि खान के Conviction पर स्टे की कार्यवाही का निस्तारण Highest Priority पर करें।

मानहानि के केस में पुर्णेश मोदी नामक व्यक्ति ने एक इस्तगासा (कमप्लेन्ट) राहुल गांधी के विरूद्ध सीजेएम कोर्ट (सूरत की फौजदारी अदालत) में पेश किया है वह केस है पुर्णेश मोदी बनाम राहुल गांधी। यह केस धारा 499/500 आईपीसी के तहत है। जैसा ऊपर लिखा गया है उनकी संसद की सदस्यता समाप्त कर दी गई है। संसद की सदस्यता से Disqualification, Representation of People Act की धारा 8(3) के तहत है और चूंकि संसद की सदस्यता अयोग्यता होने से समाप्त हुई है। संबंधित प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 102(म) में दिया है, अत: यह संवैधानिक प्रावधान है और Disqualification (अयोग्यता) का निर्णय सही है या नहीं इस बाबत निर्णय करने का अधिकार राष्ट्रपति जी को है वे इस संबंध में चुनाव कमीशन से सलाह लेंगे और उसके अनुसार कार्यवाही करेंगे जैसा संविधान के अनुच्छेद 103 में दर्शाया गया है।

> **सेशन कोर्ट ने राहुल गांधी की सजा पर अन्तरिम आदेश नहीं दिया है, केवल बेल (जमानत) ली है। एक प्रार्थना पत्र में अपील के निस्तारण तक सजा पर स्टे लगाया है और दूसरे प्रार्थना पत्र में दोष सिद्धि ण्दहन्मूदह व सजा पर स्टे चाहा है। पहले प्रार्थना पत्र पर 13.04.2023 को तथा दूसरे पर 03.05.2023 को बहस होगी।**

यहां यह लिखना समीचीन होगा कि धारा 499 व धारा 500 आईपीसी तथा धारा 199(1) व 199(4) सीआरपीसी की धाराओं की वैधता को चुनौती दी गई थी, किन्तु दो सदस्यों की सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने इस वैध माना है। सुप्रीम कोर्ट की खण्डपीठ से यह माना है कि व्यक्ति की ख्याति Reputation का संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीने के अधिकार का ही एक अभिन्न अंग है उसे आसानी से खण्डित नहीं किया जा सकता और दूसरे की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के कारण उनके महत्व से इन्कार नहीं किया जा सकता। राहुल गांधी को सूरत की एक कोर्ट ने मानहानि के केस में अभियुक्त माना है और सजा दी है। अत: प्रश्न यह है कि राहुल गांधी ने चुनाव के प्रचार के संबंध जो Speech 2019 में दी थी 'सभी मोदी चोर हैं' क्या उक्त कथन कानून के तहत अर्थात् 499/500 आईपीसी के तहत अपराध माना जा सकता है? इस संबंध में सुब्रह्मण्यम स्वामी के केस में प्रकाश डाला गया है। इसके अतिरिक्त श्रया सिंघल के केस में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि कोई कथन उसी समय मानहानि कारक होगा जब व्यक्ति की Reputation को आघात पहुंचा हो क्योंकि व्यक्ति की Reputation आधारभूत आवश्यक अंग है। फरियादी को यह साबित करना होगा कि व्यक्ति के यश को आघात पहुंचा है। इसे सिद्ध करना आवश्यक नहीं है, केवल यह बतलाना पर्याप्त है शिकायतकर्ता की जानकारी में है तथा उसके पास मानने के पर्याप्त आधार हैं कि उसे (शिकायतकर्ता) की रेपुटेशन को दाग लगा है। सुब्रह्मण्यम स्वामी के केस को एस. खुशबू बनाम कनियाम्मल के केस पर विचार किया गया है और उक्त सिद्धान्त को सही माना है।

लोकसभा सेक्रेटेरियट की विज्ञप्ति से राहुल गांधी को 2 साल के Conviction के के कारण संसद की सदस्यता रद्द कर दी गई, यहां पुन: यह प्रश्न उठता है कि क्या ऐसा करना उचित था जब कि मजिस्ट्रेट ने सजा को Suspend किया था ताकि 30 दिन की अवधि में वे अपील प्रेषित कर सके।

बी.आर. कपूर बनाम स्टेट ऑफ तमिलनाडू के केस में उस समय की मुख्यमंत्री जयललिता के Conviction को मद्रास हाईकोर्ट ने निलम्बित किया था सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह बहस की गई थी कि मद्रास हाईकोर्ट ने जो सजा को सस्पेंड किया था उसका अर्थ ही वास्तव में Conviction को सस्पेंड करना था। इस विचार धारा को धारा 389 सीआरपीसी की पृष्ठभूमि में देखना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह माना कि 2 वर्ष की सजा के Execution को सस्पेंड करना जयललिता के Disqualification को हटाने का अधिकार नहीं था।

सुप्रीम कोर्ट ने Hemeue Lily Thomas (2013) व लोक प्रहरी (2018) के केसों में यह माना है कि अपील कोर्ट द्वारा Conviction को सस्पेंड करने से Disqualification समाप्त नहीं होगा। क्या पुर्णेश मोदी के केस में यह माना जावेगा कि अपील कोर्ट द्वारा Conviction को सस्पेंड करने से राहुल गांधी की सदस्यता रद्द की गई है वह Inoperative हो जावेगी। आजम खान के केस में Hate Speech देने के कारण Conviction हुआ था और असेम्बली ने सीट को वेकेन्ट (रिक्त) घोषित कर दी थी। आजम खान ने अपील की थी और स्टे लिया था। अपील में निर्णय पर विचार होगा। अत: Prima Facie कोर्ट ने माना कि स्टे जो दिया वह Conviction की तारीख से होगा अत: आजम खान का Disqualificatin Inoperative रहेगा।

जैसा ऊपर लिखा है कि दोष सिद्धि Conviction के विरूद्ध सीजेएम के आर्डर की अपील सेशन कोर्ट में होती है। यहां पर साधारण रूप से अपील सीआरपीसी के तहत् हो सकती है, किन्तु यह केस अजीब सा है, इसमें दोष सिद्धि (Conviction) के विरूद्ध अपील होगी, किन्तु Conviction के कारण राहुल गांधी की सदस्यता रद्द हुई यह स्थिति आर पी एक्ट की धारा 8(3) से स्पष्ट होगी चूंकि आर पी एक्ट की धारा 8(3) का संबंध संविधान के अनुच्छेद 102/103 से है अत: दोष सिद्धि के आदेश के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही (अपील) संविधान के अनुच्छेद 103 प्रावधान के अनुसार होगी। अनुच्छेद 102 कहता है कि यदि कोई संसद सदस्य संसद द्वारा बनाई गई किसी विधि द्वारा या उसके अधीन इस प्रकार निरर्हित (Disqualify) कर दिया जाता है तथा अनुच्छेद 103 यह कहता है कि यदि यह प्रश्न उठता है कि संसद के किसी सदस्य अनुच्छेद 102 के खण्ड (1) में वर्णित किसी Disqualification से ग्रस्त है या नहीं तो यह प्रश्न राष्ट्रपति को विनिश्चय के लिए निर्देशित किया जावेगा। राष्ट्रपति निर्णय से पूर्व निर्वाचन आयोग की राय लेंगे इस संबंध में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

कुछ लोगों का यह विचार है कि राहुल गांधी को सजा देने वाली कोर्ट में ही दोष सिद्धि के स्टे की कार्यवाही करनी चाहिये।

कानून कहता है दो वर्ष का कन्विक्शन होने की स्थिति में सांसद की सदस्यता रद्द होगी। रिप्रेजन्टेशन ऑफ पिपुल्स एक्ट सांसद की अयोग्यता की बात धारा 8(3) में करता है, किन्तु आदेश को कहां चुनौती दी जावेगी इसका कोई उल्लेख नहीं है। अत: रिट् याचिका द्वारा भी इसको चुनौती दी जा सकती है। स्टे के लिये सीजेएम की कोर्ट में कार्यवाही की जा सकती है और रिट् में भी स्टे का प्रार्थना पत्र पेश किया जा सकता है। देश का कानून बहुत स्पष्ट नहीं है, किन्तु Conviction को Inoperative रखा जा सकता है। Conviction दिनांक 23.03.2023 को लागू हो गया है इसलिये Disqualification भी Inoperative उसी दिन से होगा। आजम खान के केस में दिया गया आदेश निम्न प्रकार से है:–

"The bench was prima facie of the view that the stay, if any, on the conviction by an appellate court would be effective from the date of conviction in the Trial court and as a result the disqualification becomes inoperative."


इस प्रकार तीन कानूनी प्रश्न अपील कोर्ट को निर्णित करने हैं। प्रथम प्रश्न है क्या चुनाव के दौरान दिया गया भाषण धारा 499 व 500 आईपीसी के तहत अपराध है। दूसर प्रश्न है स्टे में Conviction कब से Inoperative होगा अर्थात् सजा पर रोक लगती है तो क्या संसद की सदस्यता बहाल होगी। तीसरा प्रश्न है अनुच्छेद 103 में राष्ट्रपति की भूमिका का महत्व।

केस कानूनी दांव पेचों से भरा हुआ है, अत: फाइनल निर्णय माननीय सर्वोच्च न्यायालय का ही होगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

## सप्त शताब्दी जयंती पर विशेष

# गढ़ गागरोन के राज संन्यासी– संत पीपाजी



**नरेंद्र चौहान**

भारतीय भूमि की पावनता एव इसकी उदात्त संस्कृति के कारण ही यहां की पावन धरा पर समय-समय पर संत व महापुरुषों ने जन्म लेकर संस्कृति की अजय धारा को प्लावित रखा। यही परंपरा हमारे लिए अवतार की संज्ञा से संबोधित की गई है..... और इस अवतारवाद के अमर सिद्धांत ने ही मानवता के गुणों को आज दिन तक जीवित रखा। संत पीपाजी भी उनमें एक है। उनकी गणना स्वामी रामानंद जी के बारह शिष्यों अन्नतानंद, कबीर, रैदास इत्यादि में की जाती है। आपका जन्म राजस्थान के जिला झालावाड़ के समीप गढ़ गागरोन के खींची चौहान कुल गौत्र में हुआ। कालांतर में आप राजा प्रतापसिंह खींची (चौहान) के नाम से जाने जाते थे। जिनका जन्म चैत्र पूर्णिमा विक्रम संवत 1380 माना गया है। बाल्यावस्था से ही इनके ह्रदय में धार्मिक भावनाओं का अंकुर हो चुका था। राजसिंहासन पर बैठने पर भी यह धार्मिक भावना कम नही हुई। ये शक्ति के उपासक थे...परंतु शक्ति-भक्ति से ही इनके वैष्णव धर्म के प्रति अनुराग उत्पन हुआ। उन्होंने उस समय के सुविख्यात स्वामी रामानंदजी के पास काशी जाकर वैष्णव धर्म की शिक्षा ग्रहण की। महाराजा अब संत पीपाजी महाराज हो चुके थे। संत पीपाजी ने भक्ति धर्म के लिए अपना जीवन सिद्धांत ही बदल बैठे और जीवनांत करने वाली शक्ति की प्रतीक तलवार का त्याग करके.. जीवन की रक्षा करने वाली सुई को अंगीकार कर, मानवता की रक्षा का पाठ पढ़ाया। यह पीपाजी की धार्मिक भावना और लोक कल्याण की सतोगुणि प्रवृत्ति का परिचायक है।

**रहिमन देख बडेंन को, लघु न दीजिए डार।**
**जहां काम आवे सुई, कहा करै तलवार।।**

यह नीति परख दोहा पुस्तकों के माध्यम से हर बालक को पढ़ाया जाता है, आपने तथा मैंने भी एक बार नहीं अनेकों बार पढ़ा है, परंतु इसके मुलार्थ तक मेरे जैसा अल्पज्ञ तो बार-बार की तोता रटन्त लगाने पर भी पहुंच नहीं पाया।

परमात्मा के बनाए हुए सभी जीव हैं और सबको जीने का बराबर का अधिकार है। क्षत्रियों को परमात्मा की बनाई सृष्टि की रक्षा करना चाहिए, हिंसा को बढ़ावा नहीं देना चाहिए, परमेश्वर के प्रति आस्था रखने वाले क्षत्रियों को तलवार की जगह सुई धारण कर, जोड़ने का काम कर जीवन का निर्वाहन करना चाहिए।

संत पीपाजी ने गुरुजी से आज्ञा प्राप्त कर अपनी साध्वी सीता सहचरी के साथ द्वारकापुरी को प्रस्थान किया। द्वारकापुरी में रहते हुए भक्ति साधना में तल्लीन इस संत दंपति पर भगवान की असीम कृपा हुई और द्वारकाधीश दर्शन के साक्षात के लिए सागर जल में कूद पड़े। जहां भगवान श्रीकृष्ण व रुकमणी को अगुवाई करते पाया और द्वारावती में शेष शैय्यालीन भगवान विष्णु के सौम्यरूप का दर्शन कर संत दंपति परमानंद को प्राप्त हुए। परंतु लोक कल्याण हेतु भगवान ने उनको स्मृति चिन्ह छाप – कमलपुष्प, शंख, पद्म व गदा प्रदान कर स्वयं ने उन्हें समुंद्र से बाहर निकाला, जिसका भक्तमालाओं में उल्लेख मिलता है–

**कृष्ण चले पहुंचाय के, पीपै उलघियो नीर।**
**सीता सखी समीप है, भींग्यो नाही चिर ।।**

इस घटना का उल्लेख नाभादास जी द्वारा रचित भक्तमाल में भी किया गया है। द्वारकापुरी में आगंतुक तीर्थयात्रियों के आग्रह पर जो छाप लगाई जाती है, उसके लिए किवदंती है कि यह संत पीपाजी व सीता सहचरी को मंदिर में प्रदान की हुई ही छाप की परंपरा है, जो आज दिन तक निभाई जा रही है। भक्त मीराबाई के निम्न दो पदों में संत पीपाजी का नाम उल्लेख हुआ है–

**धन्ना भगत पीपा पुन सेवरी मीरा की करो गणना...**
**पीपा कू प्रभु परचयौ दिन्हो दियो रै खजीनापुर...**

संत दंपति ने द्वारका से प्रभु की आज्ञा पाकर जूनागढ़ की ओर प्रस्थान किया। बीहड वन में एक भयानक सिंह और सिंहनी से उनका सामना हो गया। पीपाजी व सहचरी सीता के दिव्य प्रभाव के कारण वे पालतू जानवर की तरह संत चरणों में लौटने लगे। पीपाजी ने सिंहराज के मस्तिष्क पर भगवान के नाम से तिलक लगाकर गले में माला पहना कर कहा कि वह भविष्य में किसी जीव को न सताऐ। उस पर उपदेश का प्रभाव हुआ...... उसने शिकार करना छोड़ दिया। इस घटना का एक दोहा भी प्रचलित है–

**परस प्रणाली सरस भाई, सकल विश्व मंगल कियो।**
**पीपा-प्रताप जग वासना, नाहर को उपदेश दियो।।**

विभिन्न भक्तमालाओ में इसका उल्लेख मिलता है। कल्याण के अंक में भी वर्णन आया है कि जूनागढ़ के इसी नाहर ने ही अपने पुर्वजन्म में नरसी मेहता के रूप में जन्म लिया। संतों के चरित्र के साथ बहुत सी चमत्कारिक बातें जुड़ ही जाती है क्योंकि वे समाज सुधारक होते ही है और उनके उपदेशों से मानव जाति का कल्याण भी होता है। अत सतोगुणी संत पीपाजी का चरित्र भी चमत्कारों से भरा पड़ा है। यह सामाजिक क्रांति का शंखनाद गागरोन से लगातार होता रहा। क्षत्रिय वंश में जन्म लेने के कारण क्षत्रियों को भी उद्बोधन करते हुए संत पीपाजी ने कहा कि क्षत्रिय जाति का धर्म लोक रक्षा करना है न कि उदरपूर्ति हेतु हिंसा करके अनाचार फैलाना। सत्य व अहिंसा का प्रचार इतने वेग से हुआ कि अनेक क्षत्रिय पीपाजी के अनुयाई बन गए। क्षत्रियों के सामने यह विडंबना थी कि तलवार कैसे छोड़े, परंतु पीपाजी के सद उपदेशों के प्रभाव से–


**जो ब्रह्मामांडे सो ही पिंडे, जो खोजे सो पावै।**
**पीपा प्रणवै परम तत्व कूं, सतगुरु हुआ लखावै।**
**पीपा पारस परसतां, लोह कंचन होय।**
**सिद्ध के कांटे बैठता, साधक सिद्ध हो जाय।।**

पीपाजी के सद उपदेशों से एक नूतन सतोगुणी समाज की रचना होने लगी। इनके आव्हान पर अनेक परिवार तलवार की वृत्ति त्याग कर..सुई-धागे की प्रवृत्ति को अपनाने लगे। जीवनयापन के लिए पीपाजी के अनुयायियों ने भी काया का संयम सुई से और परोपकार के धागे से सीना शुरू कर दिया और यही सिंवन कला बेरोजगारी मिटती, शांति का पाठ पढ़ाती, विभेदों को मिटाती.. एकता का जामा सीने लगी। सतोगुणी संत पीपाजी का जीवन समाजोत्थान के लिए उत्सर्ग करने करने वाले व्यक्ति का जीवन है। जिसकी साधना से मानवीय मनोवृति में महान परिवर्तन आया और सिवान कला के माध्यम से विचार करते, कार्यों की व जीवन की दृष्टि ही बदल गई। श्री गुरुग्रंथ साहिब जो सिक्ख धर्म का पवित्र ग्रंथ है में संत पीपाजी की निम्न वाणी को जनमानस के लिए समाहित किया गया है –

कायऊ देवा काईईऊ देवल, काई आऊ जंगम जाती। लेखक श्री पीपा प्रकाश मासिक पत्रिका का पिछले 48 वर्षो से संपादन कर रहे हैं।

**–नरेंद्र चौहान, जोधपुर**

# भाजपा का राष्ट्रवाद; भारत के बुनियादी विकास से लेकर वैचारिक मुद्दों का समाधान



**डॉ. सतीश पूनियां**

विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक संगठन के रूप में निरंतर आगे बढ़ रही भाजपा सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ काम कर रही है, जिसमें भाजपा की अनंत यात्रा में राष्ट्रवाद के विचार को सुदृढ़ करते हुये बुनियादी विकास से लेकर वैचारिक मुद्दों का समाधान प्राथमिकता है, जिससे देश का जनमानस मन से अटूट जुड़ाव रखता है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात कर लक्ष्य अंत्योदय, प्रण अंत्योदय, पथ अंत्योदय के जरिए जन-जन का कल्याण और उत्थान कर रही है। किसानों के हित में योजनाओं को धरातल पर लाने का कार्य पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने किया। देश के किसानों के लिये किसान क्रेडिट कार्ड योजना वरदान साबित हो रही है तो वहीं किसानों को मासिक पेंशन देने की व्यवस्था भी श्री नरेंद्र मोदी सरकार ने की है, इस योजना से देश के लगभग 20 लाख किसान साथ जुड़ चुके हैं, राजस्थान में 38 हजार से अधिक किसान इस योजना का लाभ ले रहे हैं।

देश को एक परिवार मानकर धरातल पर कार्य रही भाजपा एक दल ही नहीं, एक विचार है, जिसका ध्येय राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण है और यह साबित हो रहा है श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के मजबूते इरादों और जनकल्याणकारी योजनाओं से, जिसकी पहुंच अंतिम पंक्ति के घर तक उसके उत्थान के रूप में हो रही है।

भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ 44 वर्ष की ऐतिहासिक यात्रा पूर्ण कर चुकी भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को किया गया, जिसके प्रथम अध्यक्ष श्री अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए, जो देश के प्रधानमंत्री पद पर भी आसीन हुए, जिन्होंने किसानों और बुनियादी विकास के लिये ऐतिहासिक कार्य किये, जिन्हें नये विजन के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं।

कांग्रेस की एकाधिकार वाली एक-दलीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था के रूप में जानी जाने वाली भारतीय राजनीति को भाजपा ने दो ध्रुवीय बनाकर एक गठबंधन-युग के सूत्रपात में अठाणी भूमिका निभाई है और देश को परिवारवाद की राजनीति से बाहर निकालकर हर वर्ग की राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित की। तीन दशक बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसी एक पार्टी को देश की जनता ने 2014 और 2019 में पूर्ण बहुमत दिया है तथा भारी बहुमत से भाजपा नीत एनडीए सरकार केन्द्र में विद्यमान है, जो आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत बनाने के लिये प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को हुआ, लेकिन इसका इतिहास भारतीय जनसंघ से जुड़ा हुआ है। कांग्रेस की नेहरू सरकार के समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगाकर देश में एक नया राजनीतिक षड्यंत्र रचा जाने लगा। सरदार पटेल के देहावसान के पश्चात् कांग्रेस में नेहरू का अधिनायकवाद प्रबल होने लगा। महात्मा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल दोनों के ही नहीं रहने के कारण कांग्रेस 'नेहरूवाद' की चपेट में आ गई तथा कांग्रेस सरकार की अल्पसंख्यक तुष्टिकरण, लाइसेंस-परमिट-कोटा राज, राष्ट्रीय सुरक्षा पर लापरवाही, राष्ट्रीय मसलों जैसे कश्मीर इत्यादि पर घुटनाटेक नीति, अंतरराष्ट्रीय मामलों में भारतीय हितों की अनदेखी आदि अनेक विषय देश में राष्ट्रवादी नागरिकों को उद्विग्न करने लगे।

'नेहरूवाद' तथा पाकिस्तान एवं बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर भारत के चुप रहने से क्षुब्ध होकर महान राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने नेहरु मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया। एक नई पार्टी को सशक्त बनाने का कार्य अंत्योदय के प्रणेता पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के कंधों पर आ गया। भारत-चीन युद्ध में भी भारतीय जनसंघ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा राष्ट्रीय सुरक्षा पर तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू की नीतियों का डटकर विरोध किया। 1967 में पहली बार भारतीय जनसंघ एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नेतृत्व में भारतीय राजनीति पर लम्बे समय से बरकरार कांग्रेस का एकाधिकार टूटा, जिससे कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की पराजय हुई। जनान्दोलनों से घबराकर इंदिरा गांधी की कांग्रेस सरकार ने जनता की आवाज को दमनचक्र से कुचलने का प्रयास किया। परिणामत: 25 जून, 1975 को देश पर दूसरी बार आपातकाल भारतीय संविधान की धारा 352 के अंतर्गत 'आंतरिक आपातकाल' के रूप में थोप दिया गया। जयप्रकाश नारायण के आव्हान पर एक नये राष्ट्रीय दल 'जनता पार्टी' का गठन किया गया। पूर्व घोषणा के अनुसार 1 मई, 1977 को भारतीय जनसंघ ने एक अधिवेशन में अपना विलय जनता पार्टी में कर दिया।

4 अप्रैल, 1980 को जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति ने अपने सदस्यों के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य होने पर प्रतिबंध लगा दिया। पूर्व के भारतीय जनसंघ से संबद्ध सदस्यों ने इसका विरोध किया और जनता पार्टी से अलग होकर 6 अप्रैल, 1980 को एक नये संगठन 'भारतीय जनता पार्टी' की घोषणा की। इस प्रकार भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई, जो आज 18 करोड़ से अधिक सदस्य संख्या के साथ दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है।

भाजपा ने लोकसभा में 1989 में 85, 1991 में 120 तथा 1996 में 161 सीटें प्राप्त कीं। भाजपा का जनसमर्थन लगातार बढ़ रहा था। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में पहली बार भाजपा सरकार ने 1996 में शपथ ली, परन्तु पर्याप्त समर्थन के अभाव में यह सरकार मात्र 13 दिन ही चल पाई। इसके बाद 1998 के आम चुनावों में भाजपा ने 182 सीटों पर जीत दर्ज की और अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने शपथ ली। परन्तु सरकार लोकसभा में विश्वासमत के दौरान एक वोट से गिर गई। 1999 में भाजपा 182 सीटों पर पुन: विजय मिली तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 306 सीटें प्राप्त हुईं। एक बार पुन: अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा-नीत राजग की सरकार बनी। भाजपा-नीत राजग सरकार ने श्री अटल बिहारी के नेतृत्व में विकास के अनेक नये प्रतिमान स्थापित किये। पोखरण परमाणु विस्फोट, अग्नि मिसाइल का सफ़ल प्रक्षेपण, कारगिल विजय जैसी सफलताओं से भारत का कद अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर ऊंचा हुआ।

गृहमंत्री अमित शाह के राष्ट्रीय अध्यक्षीय कार्यकाल में भाजपा ने लोकसभा चुनावों से लेकर विभिन्न राज्यों में जो विजय यात्रा का शंखनाद किया, वह वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा के नेतृत्व में निरंतर जारी है। भाजपा का संगठन पांच क से चलता है, कार्यकर्ता, कार्यकारिणी, कार्यक्रम, कोष और कार्यालय, यह सभी चीजें भाजपा के पास हैं, यह पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से संभव हो रहा है। वर्ष 2014 में श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनी, जो आज 'सबका साथ, सबका विकास' की उद्घोषणा के साथ आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर रही है। तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा लगभग 11 करोड़ सदस्यों वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनी और आज श्री नडडा के नेतृत्व में सदस्य संख्या बढ़कर 18 करोड़ से अधिक पहुंच गयी है।


26 मई, 2014 यह भारत की राजनीति के नये युग की शुरुआत थी, इस ऐतिहासक दिन के अवसर पर श्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ठाहण की।

मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने कम समय में ही अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने विश्व में भारत की गरिमा को पुन:स्थापित किया, राजनीति पर लोगों के विश्वास को फिर से स्थापित किया। मोदी सरकार ने अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं से नए युग की शुरुआत की। अन्त्योदय, सुशासन, विकास एवं समृद्धि के रास्ते पर देश उन्नित की तरफ बढ़ रहा है।

राष्ट्रीय अखण्डता, कश्मीर के भारत में पूर्ण विलय, कबाइली वेश में पाकिस्तानी आक्रमण के प्रतिकार, परमिट व्यवस्था एवं धारा 370 का निस्तारण व पृथकतावाद से निरन्तर संघर्ष करने वाली एकमात्र पार्टी भाजपा है, जिसने अपने एजेंडे में शामिल एक देश, एक प्रधान, एक विधान, एक निशान लागू कर दिखाया। अटल बिहारी वाजपेयी एवं नरेन्द्र मोदी भारतीय लोकतंत्र में विकल्प के नियामक हैं। भारतीय लोकतंत्र के लिए अपेक्षित अखिल भारतीय संगठन एवं नेतृत्व आज केवल भाजपा के पास है, जो देश के सभी वर्गों के सपनों को समानता के साथ पूरा कर रही है। राजनीति केवल सत्ता प्राप्त करने का साधन नहीं है। समाज को अपेक्षित दिशा में प्रगति पथ पर ले जाना भी उसका कार्य है और यह कार्य भाजपा और मोदी सरकार पूर्ण निष्ठा के साथ कर रहे हैं। आज भाजपा विकास और विश्वास का पर्याय बन चुकी है, नए विचार का पर्याय बनकर देश की विकास और विजय यात्रा में अपनी भूमिका निभा रही है। भाजपा के लिये सदैव राष्ट्र सर्वोपरि है, एक भारत-श्रेष्ठ भारत जिसकी आस्था का मूलमंत्र रहा है। भाजपा के मोदी युग में भारत के नये युग की शुरुआत हो चुकी है, जो पूरी दुनिया का सिरमौर बनने को अग्रसर है।

**डॉ. सतीश पूनियां**
**( भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष, राजस्थान )**

## राशिफल शुक्रवार 7 अप्रैल, 2023



**पंडित अनिल शर्मा**

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2080, चित्रा नक्षत्र दिन 1:32 तक, हर्षण योग रात्रि 1:24 तक, कौलव करण दिन 10:31 तक, चन्द्रमा तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-तुला, मंगल-मिथुन, बुध-मेष, गुरू-मीन, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज श्री एकलिंग जी का पाटोत्सव है और गुड फ्राइडे है और राजयोग दिन 10:21 से दिन 1:32 तक है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** सूर्योदय से 7:50 तक, लाभ-अमृत 7:50 से 10:57 तक, शुभ 12:21 से 2:04 तक, चर 5:08 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:15, सूर्यास्त 6:43

**मेष**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से व्यावसायिक संबंध बनेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

**सिंह**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बढ़ेगा। घर-परिवार में शुभ-धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**तुला**
मानसिक तनाव दूर होगा। मन: स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

**वृश्चिक**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक मामलों में दुविधा बनी रहेगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

**धनु**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित योजना बनेगी। घर-परिवार में शुभ-धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। विवादित मामलों से राहत मिलेगी।

**कुंभ**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार होगा। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। घर-परिवार में वाद-विवाद बढ़ सकते हैं। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

# गुर्जर युवाओं का हितैषी कौन, चिट्ठी पर भिड़े विधायक इंद्राज गुर्जर और विजय बैंसला

## इंद्राज गुर्जर ने समझौता लागू करने के लिये मुख्यमंत्री को लिखी चिट्ठी तो विजय बैंसला ने कसा था तंज

**जयपुर, (का.प्र.)।** गुर्जर समाज के युवाओं के भविष्य को लेकर अधिक चिंता किसे है, इस बात को लेकर कांग्रेस विधायक इंद्राज गुर्जर और गुर्जर नेता विजय बैंसला के बीच में ट्विटर वार छेड़ा और एक दूसरे पर वार पलटवार किए गए इसमें कई युवा गुर्जरों ने विजय बैंसला को लेकर निशाना साधा।

यह बात उस समय शुरू हुई जब कांग्रेस विधायक इंद्राज गुर्जर ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को चिट्ठी लिखकर रीट भर्ती 2018 के 327 पदों पर नियुक्ति देने के समझौते की पालना नहीं करने पर सवाल उठाए। इंद्राज गुर्जर की चिट्ठी सामने आने पर कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे और गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के नेता विजय बैंसला ने व्यंगात्मक टिप्पणी की। इस टिप्पणी के आने पर विधायक इंद्राज गुर्जर ने जवाब दिया तो उसके बाद उनके समर्थकों ने भी बैंसला पर पलटवार किये हैं।

- **विधायक इंद्राज गुर्जर ने विजय बैंसला पर पलटवार करते हुए लिखा कि ''जब आपने सरकार से समझौता किया तो गुर्जर समाज के विधायकों को नहीं बुलाया और अब जब युवा आपसे समझौता लागू करवाने की कहते हैं, तो आप उनको गुर्जर समाज के विधायकों के पास जाने के लिए कहते हो। यह दोहरी बात नहीं चलेगी।''**

दरअसल विधायक इंद्राज गुर्जर ने मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिखने के बाद उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट किया तो उस पर तंज कसते हुए विजय बैंसला ने लिखा कि ''इंद्राज गुर्जर देर आए दुरुस्त आए। सरकार भी आपकी, समझौता भी सरकार का, चिट्ठी भी आपकी, समाज भी आपका। हैरतअंगेज है कि सरकार को सरकार के लिए चिट्ठी लिखनी पड़ रही है। स्तब्ध हैं कि सरकार खुद ही चिट्ठी भी लिखे और खुद ही बांचे भी। उम्मीद है केवल चिट्ठी ही नहीं आप नौकरी भी दिलवाएंगे।''

विजय बैंसला की ओर से यह व्यंगात्मक टिप्पणी आने के बाद विधायक इंद्राज गुर्जर ने पलटवार करते हुए लिखा गया कि ''सरकार से समझौता आपने किया। उस समय तो आप समाज के विधायकों को समझौता समिति में नहीं बुलाते थे और जब युवा आपसे समझौता लागू करवाने की बात करते हैं, तो आप उनको समाज के विधायकों के पास जाने के लिए बोलते हो। यह दोहरी बात नहीं चलेगी। मैं हमेशा समाज के हक, आवाज उठाता रहा हूं और उठाता रहूंगा।''

विधायक इंद्राज गुर्जर ने चिट्ठी में लिखा था कि ''खेल मंत्री अशोक चांदना, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अवाना और गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला के बीच में वार्ता के बाद दिसम्बर 2022 में एमबीसी भर्तियों के संबंध में एक हाई पावर कमेटी गठित की गई थी। इससे प्रक्रियाधीन रीट भर्ती 2018 के 372 पदों पर नियुक्ति को लेकर महीने भर में रिपोर्ट देने और इन भर्तियों में नियुक्तियां देने पर एक बार फिर समझौता हुआ था, जिसकी पालना अभी तक नहीं हुई।''

चिट्ठी में यह भी लिखा गया कि ''इससे पहले अशोक चांदना, रघु शर्मा की मौजूदगी में 31 अक्टूबर 2020 को संघर्ष समिति और राजस्थान सरकार के बीच समझौता हुआ था। इसमें भी प्रक्रियाधीन रीट भर्ती 2018 के शेष 4 प्रतिशत 372 पद सृजित हुए, इन्हें सात दिन में नियुक्ति देने का समझौता हुआ। उस समझौते की भी पालना अभी तक नहीं हुई। एमबीसी वर्ग के युवाओं को समझौते के हिसाब से नौकरी दें।

इस चिट्ठी के बाद विजय बैसला और इंद्राज गुर्जर के बीच में ट्विटर वार शुरू हुआ, जिसमें बाद में कई गुर्जर युवा जुड़े। इस दौरान विधायक समर्थक कई युवाओं ने विजय बैंसला पर सरकार की गोद में बैठने और विधायकों को समझौते से दूर रखने के आरोप लगाए हैं।

# सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत का उद्बोधन आज

## 45 प्रांतों, 11 क्षेत्रों के स्वैच्छिक सेवा संगठनों के 3000 प्रतिनिधियों के सेवा कार्यों की प्रदर्शनी भी लगाई है



राष्ट्रीय सेवा भारती के तीसरे सेवा संगम में भाग लेने के लिये राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ.मोहनराव भागवत गुरूवार को ट्रेन से जयपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे।

**जयपुर।** राष्ट्रीय सेवा भारती के तीसरे सेवा संगम का शुभारंभ जामडोली में शुक्रवार को होगा। सेवा संगम परिसर में एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया है जिसका उद्घाटन आज विश्व जाग्रति मिशन के संस्थापक आचार्य सुधांशु महाराज ने किया। सेवा संगम में देशभर से आए और शिक्षा, स्वास्थ्य और भारत को स्वावलंबी बनाने के लिए कार्य कर रही विभिन्न संस्थाओं ने अपने सेवा कार्यों को स्टॉलों पर प्रदर्शित किया। राष्ट्रीय सेवा भारती की महासचिव रेणु पाठक ने प्रेस वार्ता में बताया कि 7 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे सरसघंचालक डॉ मोहनराव भागवत सेवा संगम का उद्घाटन करेंगे। डॉ भागवत द्वारा उद्बोधन होगा। पीरामल समूह मुंबई के चेयरमैन अजय पीरामल बतौर मुख्य अतिथि रहेंगे। राष्ट्रीय संत बालयोगी उमेशनाथ महाराज प्रतिनिधियों को आर्शीवचन देंगे।

- **प्रदर्शनी की थीम है, स्वावलंबी भारत, समृद्ध भारत**

सेवा भारती की महासचिव रेणु पाठक ने बताया कि नर सेवा नारायण सेवा के ध्येय वाक्य के साथ बीस वर्षों से वंचित, पीड़ित, उपेक्षित और अभावग्रस्त बंधुओं के उत्थान में जुटे सेवा भारती का यह तृतीय महासंगम होगा। समाज में प्रगति करने के लिए पूरे देश में अथक परिश्रम करने वाले स्वयंसेवकों की सफलता की सौ कहानियां यहां सबको बताई जाएंगी।

सेवा संगम में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और सामाजिक विषयों पर विचार विमर्श होगा। सेवा संगम का मुख्य और निहित उद्देश्य सेवा भारती से जुड़े स्वैच्छिक संगठनों के सामूहिक प्रयासों के बीच तालमेल स्थापित करके एक सामंजस्यपूर्ण, सक्षम और आत्मनिर्भर समाज और समृद्ध भारत का निर्माण करना है। साथ ही स्वयंसेवकों, महिलाओं का उत्साहवर्धन करना और भारत को सुपोषित बनाना भी एक उद्देश्य है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, उद्यमी नरसीराम कुलारिया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य सुरेश भैया जी जोशी, सह सरकार्यवाह मुकुंद सीआर, श्री स्वामी माधवानन्द विश्व शान्ति परिषद् के संस्थापक विश्वगुरु महामंडलेश्वर परमहंस स्वामी महेश्वरानन्द, विश्व जाग्रति मिशन के संस्थापक आचार्य सुधांशु जी महाराज, राजसमंद से संसद सदस्य दीया कुमारी और उद्यमी अशोक बागला उपस्थित रहेंगे।

# गुर्जर नेताओं के खिलाफ लंबित अवमानना याचिकाएं खारिज

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने गुर्जर महापंचायत के दौरान सड़क और रेल पटरी जाम करने के मामले में दिवंगत नेता कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला सहित अन्य के खिलाफ लंबित अवमानना याचिकाओं और तत्कालीन सीएस डीसी सामंत व डीजीपी एएस गिल के खिलाफ लिए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस महेन्द्र कुमार गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश राज्य सरकार की अवमानना याचिकाओं पर दिए।

- **राज्य सरकार की प्रार्थना पर हाईकोर्ट ने गुर्जर महापंचायत के दौरान सड़क और रेल पटरी जाम करने के मामले में आदेश दिये**

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता एमएस सिंघवी ने अदालत को बताया कि हाईकोर्ट ने 10 सितंबर, 2007 को लाखन मीणा की याचिका पर सुनवाई करते हुए अंतरिम दिशा-निर्देश जारी किए थे। इनकी पालना नहीं होने पर राज्य सरकार ने किरोड़ी सिंह बैंसला और एक दर्जन अन्य गुर्जर नेताओं के खिलाफ अवमानना याचिका पेश की थी। वहीं सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने भी तत्कालीन मुख्य सचिव डीसी सामंत और डीजी एएस गिल के खिलाफ प्रसंज्ञान लिया। महाधिवक्ता ने बताया कि लाखन मीणा की याचिका को 10 जुलाई 2009 को हाईकोर्ट ने वापस लेने के आधार पर खारिज कर दिया था। ऐसे में अंतरिम आदेश स्वत: ही समाप्त हो चुका है। इसलिए अंतरिम आदेश के आधार पर अवमानना याचिका दायर करने का कोई औचित्य नहीं है। इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाओं को खारिज कर दिया है।

गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने दस सितंबर 2007 को अंतरिम आदेश देते हुए कहा था कि गुर्जर नेता महापंचायत करने पहले जिला कलेक्टर से अनुमति लेंगे और रास्ता नहीं रोकेंगे। इस प्रार्थना पत्र पर कलेक्टर आदेश देते समय देखेंगे की नागरिकों के अधिकारों का हनन ना हो। वहीं राज्य सरकार इन अधिकारों का हनन रोकने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करेगी। अदालत ने यह भी अंतरिम आदेश दिया था कि राज्य सरकार गुर्जर समुदाय के दबाव में इन्हें एसटी वर्ग में शामिल करने के लिए केन्द्र सरकार को कोई पत्र नहीं लिखेगी।

### इन गुर्जर नेताओं के खिलाफ थी याचिका

कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला, कैप्टन हरप्रसाद, कैप्टन जगराम सिंह, कैप्टर अतर सिंह, शिवचरण, भरतसिंह, लाखन सिंह गुर्जर, कैप्टन रामहरि, कैप्टन विजेन्द्र सिंह, उदल सिंह, भीमसिंह गुर्जर, कैप्टन अटरूप, अशोक धाभाई और प्रहलाद गुंजल सहित अन्य गुर्जर नेता।

## डॉ. पूनियां ने सुना मोदी का संबोधन

**जयपुर।** भाजपा के स्थापना दिवस पर जयपुर में भाजपा करणी विहार मंडल के 'कमल संकल्प उत्सव' में सम्मिलित होकर भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनियों ने ध्वजारोहण किया एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा के प्रेरक संबोधन को कार्यकर्ताओं के साथ सुना।

वहीं उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने नेशनल हाइवे-48 से नटाटा ग्राम तक के सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके बाद डॉ. पूनियां अशोक विहार में श्रीहनुमानजी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। इस दौरान जिला प्रमुख रमा देवी, आमेर प्रधान बद्रीनारायण बागड़ा इत्यादि सहित आमजन और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रदेश में गुरुवार से 15 मई तक वॉल राइटिंग अभियान चलेगा : सी.पी.जोशी

**जयपुर।** भाजपा ने देशभर में वॉल राइटिंग का कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं जयपुर शहर के 22 गोदाम पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने की। प्रदेश में वॉल राइटिंग अभियान 6 अप्रेल से 15 मई तक चलेगा। अलवर दक्षिण, दौसा, जयपुर दक्षिण, नागौर देहात व शहर के जिलाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष ने वॉल राइटिंग अभियान की शुरूआत की तथा दौसा व नागौर लोकसभा प्रवासी के तहत वॉल राइटिंग अभियान जिलों व मंडलों के अध्यक्षों ने शुरूआत की।

- **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश में वॉल राइटिंग अभियान शुरू किया**
- **अलवर दक्षिण, दौसा, जयपुर दक्षिण, नागौर के जिलाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष ने अभियान की शुरूआत की**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने वाल्मीकि बस्ती में समाज के बन्धुवों से मुलाकात की। इसके बाद हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में स्वेज फार्म स्थित सिद्धेश्वर हनुमान मन्दिर में अवधेशाचार्य महाराज से आशीर्वाद लिया। सीपी जोशी का पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी विमल कटियार ने साफा पहनाकर व भाजपा पार्षद कविता कटियार ने शॉल ओढाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कोठारी, जयपुर शहर के सह-प्रभारी नरेश बंसल, विधायक कालीचरण सर्राफ, प्रदेश मीडिया कार्यालय प्रभारी चम्पालाल रामावत, एससी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष पूनमचंद्र थनवाल उपस्थित रहे।

# 200 से अधिक अभिभावकों ने शिक्षा संकुल पर किया प्रदर्शन



जयपुर में गुरुवार को अभिभावकों ने शिक्षा संकुल पर आरटीई उपनिदेशक ओम प्रकाश गुप्ता और जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

**जयपुर।** राजधानी में गुरुवार को प्रात: 10 बजे से 4 बजे तक 200 से अधिक अभिभावकों ने शिक्षा संकुल पर एकजुट होकर निजी स्कूलों की मनमानी और हठधर्मिता के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया, इस दौरान पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों हटाने का भी प्रयास किया किन्तु एक भी अभिभावक तस से मस नही हुआ। संयुक्त अभिभावक संघ के नेतृत्व में चले विरोध प्रदर्शन में अभिभावकों ने आरटीई उपनिदेशक ओम प्रकाश गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र शर्मा हंस और यूडीसी आशीष शर्मा ने मुलाकात की और अपनी समस्या रखी किन्तु सभी ने अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि ''उनके हाथ मे कुछ भी नही'' सरकार और उच्च अधिकारी आरटीई पर निर्णय लेंगे।

## जयपुर में बिल्डर ग्रुप के ठिकानों पर आयकर विभाग के छापे

**जयपुर, (का.सं.)।** आयकर विभाग की टीम ने आज जयपुर के एक बिल्डर ग्रुप के ठिकानों पर छापे मारे हैं।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार विभाग की टीमें सुबह से छापेमारी की कार्रवाई कर रही हैं जो देर रात तक जारी रही। बिल्डर्स के तीन ऑफिस में सर्च की कार्रवाई की जा रही है। कंस्ट्रक्शन कम्पनी व सहयोगी कम्पनी पर यह छापे की कार्रवाई की गई है।

सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग को करोड़ों रुपये की काली कमाई के दस्तावेज पकड़े जाने की भी जानकारी मिली है। जिन जगहों पर छापेमारी की जा रही है। वहां पर सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल भी लगाया गया है।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



**तीये की बैठक**



अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय **कर्नल एन. पी. भार्गव** (ARTY) (पुत्र स्व. श्री बसन्तलाल भार्गव) का बैकुण्ठवास दिनांक 5.4.2023 को हो गया है। तीये की बैठक (शुक्रवार) दिनांक 7.4.2023 को सायं 5.00 से 6.00 बजे महर्षि भृगुसदन, सुन्दर मार्ग, तिलक नगर, जयपुर पर होगी। शोकाकुल:- अजीत- रेनूका (पुत्र-पुत्रवधु), शुभ्रा- अनमोल (पौत्री- दामाद), आलोक- अरूदिती (पौत्र-पौत्रवधु), अंश, किआन (पडपौत्र), अविरा (पडपौत्री), कैलाशप्रसाद, डॉ. शांतिस्वरूप (भाई), अशोक, डॉ. प्रदीप, सुनील, संदीप, अमित, अतुल, पराग, राजीव (भतीजे) एवं समस्त भार्गव परिवार- 9829200074, 9928590449


# शहीदों के माता-पिता को मिलेगा वीर माता-पिता का पहचान पत्र

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र की पहल पर सैनिक कल्याण विभाग द्वारा अब शहीद माता को ''वीर माता'' और शहीद पिता को ''वीर पिता'' पहचान पत्र जारी किया जाएगा। इसी तरह शहीद सैनिकों और गैलेंट्री अवार्ड से अलंकृत सैनिकों के नाम से विद्यालयों या सार्वजनिक स्थलों के नामकरण की नीति में सरलीकरण किया जाएगा। राज्यपाल मिश्र ने इस संबंध में प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित कर कार्यवाही किए जाने के भी निर्देश दिए हैं।

- **शहीदों के परिजनों और पूर्व सैनिकों को समाज में समुचित सम्मान देने के लिए सभी मिलकर करें कार्य : राज्यपाल**

राज्यपाल कलराज मिश्र की अध्यक्षता में राजभवन में गुरुवार को सैनिक कल्याण बोर्ड की बैठक में यह निर्णय लिए गए। बैठक में राज्यपाल मिश्र ने पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन किए जाने के भी निर्देश दिए। बैठक में सैनिक कल्याण मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा, राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह जसोल, उपाध्यक्ष राम सहाय बाजिया, मुख्य सचिव उषा शर्मा सहित विभिन्न विभागों एवं सेना के अधिकारी उपस्थित रहे।



राज्यपाल कलराज मिश्र की अध्यक्षता में राजभवन में गुरूवार को राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड और अमलगमेटेड फण्ड की बैठक आयोजित की गई।

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि शहीदों के परिजनों और पूर्व सैनिकों को समाज में समुचित सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहीदों के आश्रितों की सामाजिक, पारिवारिक एवं आर्थिक समस्याओं का समाधान करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सैनिक कल्याण से जुडी विभिन्न योजनाओं और उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाना चाहिए ताकि इनका अधिकाधिक लाभ पूर्व सैनिक और उनके परिजन ले सकें।

सैनिक कल्याण विभाग मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा ने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्व सैनिकों और शहीदों के आश्रितों के कल्याण के लिए महती कार्य किए हैं। उन्होंने शहीद आश्रितों को भूमि आवंटन के लम्बित प्रकरणों के निस्तारण के लिए विशेष प्रयास किए जाने पर जोर दिया।


**राजस्थान उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम**
**राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक-279 दिनांक-06.04.2023

**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 9/GH/L12/12 (2-F) (LIG) का आवंटन श्री त्रिलोक चन्द पुत्र श्री लादूराम को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2718 दिनांक 07.02.2012 को जारी किया गया था। उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक सम्भलाया गया। श्री त्रिलोक चन्द की मृत्यु दिनांक 30.03.2020 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती कमला देवी पत्नी स्व.श्री त्रिलोक चन्द द्वारा आवासन मण्डल में अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास/फ्लैट का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती कमला देवी पत्नी स्व. श्री त्रिलोक चन्द का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम
राज.आवा. मण्डल, जयपुर



**कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त प्रथम,**
**राजस्थान आवासन मंडल वृत्त- प्रथम प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक: 312 **आम जाहिर सूचना** दिनांक: 06.04.2023

राजस्थान आवासन मण्डल की वाटिका आवासीय योजना सांगानेर जयपुर में आवेदक श्री कैलाश चन्द पंवार पुत्र श्री कैन्हया लाल पंवार द्वारा आवेदन क्रमांक RHB/012875 अल्प आय वर्ग में आवास आवंटन हेतु निवेदन किया गया था। मण्डल नियमानुसार वरियता लॉटरी दिनांक 06.01.2021 के द्वारा वरियता क्रमांक P-16/G.I.II/LIG/HPS/Vatika/2020 निर्धारित किया जाकर पूर्व ग्रहण राशि मांग क्रमांक 4500 दिनांक 16.07.2021 जारी किया गया था। तत्पश्चात आवास आवंटन लॉटरी दिनांक 24.03.2022 के द्वारा आवास संख्या 2/123 आवंटित किया गया। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 15436 दिनांक 09.02.2023 को जारी किया गया था। श्री कैलाश चन्द पंवार की मृत्यु दिनांक 08.11.2022 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती आशा देवी पत्नी स्व. श्री कैलाश चन्द पंवार द्वारा आवासन मण्डल में अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: उक्तपंजीकरण/आवंटन का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्रीमती आशा देवी पत्नी स्व. श्री कैलाश चन्द पंवार का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

**भवदीय, संपदा प्रबंधक, वृत प्रथम, राज. आ. मण्डल, जयपुर**



**आम सूचना** दिनांक 05.04.2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अचल सम्पत्ति प्लाट नम्बर ए-38, योजना अशोकपुरा कच्ची बस्ती, सोडाला, जयपुर, राज. का दक्षिणी हिस्सा, कुल क्षेत्रफल 63.75 वर्गगज है। उक्त सम्पत्ति मूल रघुनाथ को नगर विकास न्यास, जयपुर द्वारा जरिये आवंटन पत्र द्वारा आवंटित हुई एवं रघुनाथ ने जयपुर नगर निगम, जयपुर द्वारा उक्त सम्पत्ति का अपने नाम से रजिस्टर्ड पट्टा विलेख नम्बर 1655 दिनांक 23.06.2013 प्राप्त कर लिया। रघुनाथ मीणा एवं उनकी पत्नी श्रीमती पदमा देवी के स्वर्गवास के पश्चात उनके विधिक उत्तराधिकारियों में उनके दो पुत्र साधुराम मीणा एवं बन्ना लाल मीणा उक्त सम्पत्ति के संयुक्त रूप से मालिक, स्वामी व अधिकारी काबिज हुए। साधुराम मीणा एवं बन्ना लाल मीणा के मध्य मूल सम्पत्ति बाबत हुए रजिस्टर्ड विभाजन पत्र दिनांक 26.11.2018 द्वारा बन्ना लाल मीणा के हिस्से में उक्त प्लाट नम्बर ए-38 का दक्षिणी हिस्सा, क्षेत्रफल 63.75 वर्गगज आया। इस प्रकार बन्ना लाल मीणा उक्त सम्पत्ति दक्षिणी हिस्सा, क्षेत्रफल 63.75 वर्गगज के एकमात्र रूप से विधिक रूप से मालिक, स्वामी, अधिकारी काबिज हुए। अब इनसे मुकेश कुमार मीना उक्त सम्पत्ति दक्षिणी हिस्से को क्रय कर रहे है जिस बाबत मेरी अभिभाष्य वित्तीय संस्था HDFC Ltd. से ऋण ले रहे है, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे व अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करे अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।

ऋषिकेश महर्षि, एडवोकेट (एस.आर.एम.पार्टनर)
पता:- 82, एवरेस्ट विहार, किंग्स रोड, निर्माण नगर, जयपुर, राज.



**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम संजय कुमार कट्टा से बदलकर संजय कट्टा कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। पता-11/ए, राधे निवास सरपंच वाटिका, गोल्यावास, मानसरोवर, जयपुर

I Ramanand S/o Narayan Joshi R/o Sadasukh Niwas, near Bhairu ji mandir, Opp Pareek General Store, pareek chowk, Bikaner, Rajasthan-334001, have changed my name to Shashank Joshi

I Mohammed Haroon resident of H.No.4000, F-II, Mithi Kothi, Behind Gotta Factory, Galta Road, Jaipur 302003, have changed my Son name from Mohammed Bustan Haroon to Prince Haroon, in future he will be known by name of Prince Haroon.



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 19/2022
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री सुनील कुमार निवासी प्लाट नं. ए-147, शिव शक्ति नगर, मॉडल टाउन, जगतपुरा जिला जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत एकलव्य फाउण्डेशन प्लाट नं. ए-147, शिव शक्ति नगर, मॉडल टाउन जगतपुरा जिला जयपुर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 22.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 29.05.2023

मोहर अदालत
रतनलाल योगी (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 20/2022
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि सुश्री पूजा अरोरा निवासी बी-206 महिमा डिजायर जयसिंहपुरा भांकरोटा जिला जयपुर-302026 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत भवानी विद्यालय ट्रस्ट बी-206 महिमा डिजायर जयसिंहपुरा भांकरोटा जिला जयपुर-302026 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 22.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 29.05.2023

मोहर अदालत
रतनलाल योगी (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 25/2022
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री मदन मोहन गुप्ता निवासी प्लाट 68/43 हल्दीघाटी मार्ग, प्रताप नगर, जिला जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत मॉतुल्स सेवा शिक्षा समिति बी-1-ई-203, यूनिक टॉवर, प्रताप नगर जिला जयपुर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 22.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 29.05.2023

मोहर अदालत
रतनलाल योगी (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

# मुंडावर बाल विकास परियोजना की दो महिला सुपरवाइजर रिश्वत लेते गिरफ्तार

## पोषाहार बिलों के किए गए भुगतान में से 15 प्रतिशत राशि एवं अन्य सहयोगी को किए गए भुगतान से भी 15 प्रतिशत कमीशन इकट्ठा करके देने का दबाव बना रही थी

**बहरोड़/ मुंडावर/अलवर,** (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने अलवर के मुंडावर में बाल विकास परियोजना की दो महिलाओं को रिश्वत लेते रंगे हाथों धर दबोचा। कार्यवाही के दौरान सुशीला देवी महिला सुपरवाइजर कार्यालय समेकित बाल विकास परियोजना मुंडावर जिला अलवर को 26000 रुपए एवं कृष्णा शर्मा महिला सुपरवाइजर कार्यालय समेकित बाल विकास परियोजना मुंडावर जिला अलवर को परिवादी से 10000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक ने बताया कि एसीबी की अलवर की इकाई को परिवादियों द्वारा शिकायत की गई थी कि एसएचजी द्वारा सप्लाई पोषाहार बिलों के किए गए भुगतान में से 15 प्रतिशत राशि एवं अन्य सहयोगी को किए गए भुगतान से भी 15 प्रतिशत कमीशन इकट्ठा करके देने का दबाव बनाकर सुशीला महिला सुपरवाइजर द्वारा 28000 रुपए एवं कृष्णा शर्मा महिला सुपरवाइजर कार्यालय समेकित बाल विकास परियोजना मुंडावर जिला अलवर द्वारा 15000 रुपए रिश्वत की राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर कार्यवाही करते हुए जयपुर उपमहानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरविजन में एसीबी अलवर की द्वितीय इकाई के उप अधीक्षक पुलिस परमेश्वर लाल के द्वारा शिकायत का सत्यापन करने के बाद 6 अप्रैल को टीम के साथ ट्रेप कार्यवाही करते हुए सुशीला पत्नी कुलवीर सिंह जाट निवासी रानोठ तहसील मुंडावर जिला अलवर हाल महिला सुपरवाइजर कार्यालय समेकित बाल विकास परियोजना मुंडावर जिला अलवर को परिवादी से 26000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।


एसीबी की टीम ने महिला सुपरवाईजर को रिश्वत लेते पकड़ा।

- सुशीला देवी महिला सुपरवाइजर कार्यालय समेकित बाल विकास परियोजना मुंडावर जिला अलवर को 26000 रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया
- कृष्णा शर्मा महिला सुपरवाइजर कार्यालय समेकित बाल विकास परियोजना मुंडावर को 10000 रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया
- दोनों आरोपी महिला सुपरवाइजर द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान 4000 रुपए परिवादी से रिश्वत के रूप में वसूल कर लिए थे

वहीं दूसरी कार्यवाही में पुलिस निरीक्षक सुरेश चंद एसीबी टीम सीकर द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुए कृष्णा शर्मा पत्नी हरिओम शर्मा निवासी बीएस नगर कंगाल हाता कटी घाटी अलवर हाल निवासी अरावली विहार अलवर हाल महिला सुपरवाइजर कार्यालय समेकित बाल विकास परियोजना मुंडावर जिला अलवर को परिवादी से 10000 रुपए की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि दोनों आरोपी महिला सुपरवाइजर द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान 4000 रुपए परिवादी से रिश्वत के रूप में वसूल कर लिए थे। एसीबी के महानिरीक्षक पुलिस सवाई सिंह गोदारा के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ जारी है वहीं मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अठिाम अनुसंधान किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि सुपरवाइजर बिल पास करने का 15 पर्सेंट कमिशन लेती थी। रिश्वत देकर परेशान हो चुकी कार्यकर्ता ने आखिर एसीबी को शिकायत की। इसके बाद एसीबी की टीम ने रिश्वत लेने की पुष्टि की।

# वन्दे भारत एक्सप्रेस के लिए रेल कर्मचारियों का प्रदर्शन जारी

## नॉर्थ-वेस्टर्न रेलवे एम्पलॉईज यूनियन-अजमेर ने प्रदर्शन किया

**अजमेर,** (कासं)। नॉर्थ-वेस्टर्न रेलवे एम्पलॉईज यूनियन के तत्वाधान में वन्दे भारत एक्सप्रेस के संचालन की मांग के लिए रेल कर्मचारियों का प्रदर्शन जारी रहा। यूनियन के मंडल अध्यक्ष मोहन चेलानी ने बताया कि देश की प्रतिष्ठित रेल, वन्दे भारत का संचालन नियमानुसार अजमेर मंडल के लोको पायलेट, ट्रेन मैनेजर एवं चैकिंग स्टॉफ का है, जिसे रेल प्रशासन हल्के में ले रहा है। उन्होंने बताया कि रेल प्रशासन ने वन्दे भारत गाडी के संचालन का कार्य अजमेर मंडल से करवाने का निर्णय शीघ्र नहीं किया, तो रेल कर्मचारियों का यह प्रदर्शन उग्र होगा और सोमवार से अजमेर स्टेशन पर अनिश्चित कालीन विशाल धरना दिया जायेगा।

यूनियन की स्टेशन शाखा क अध्यक्ष के.के वर्मा और सचिव बालमुकन्द सैन ने बताया कि नई गाड़ियों के संचालन के निर्णय में कोई व्यवधान नहीं रहे, इसके लिए प्रशासन ने यूनियन के साथ समझौता किया है कि स्टॉफ द्वारा संचलित गाड़ियों के किलोमीटर बैलेसिंग के आधार पर कार्य का आवंटन किया जाता है, इस बार प्रशासन इसके लिए गम्भीर नहीं है। गुरुवार को रेलवे स्टेशन पर हुए प्रदर्शन में अनिल तनेजा, के.के.वर्मा, बालमुकन्द सैन, नाथूराज जाट, धर्मेन्द्र सिंह, गौरव मेहरा, बलदेव सिंह, संजय सिंह, जयसिंह कुलेहरी, राजेश यादव, दीपमाला परमार सहित सैकडों कर्मचारी उपस्थित रहे।

यूनियन द्वारा जारी लगातार विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर आज जयपुर मुख्यालय में प्रमुख वाणिज्य प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे ने एक बैठक बुलाकर इस विषय में चर्चा की है। यूनियन का कहना है कि जब तक अजमेर मण्डल के पक्ष में किमी बैलेंसिंग के सिद्धांत पर निर्णय नहीं हो जाता है, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।


# चोरी गई अष्टधातु राधा कृष्ण की मूर्ति बरामद, एक गिरफ्तार

## चोरी के मामले में एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया

**बौंली/बामनवास,** (निसं)। क्षेत्र के जयगढ़ किले के नीचे प्राचीन देवस्थान झरझरी बाग बौंली से 31 मार्च की रात्रि को की गई मंदिर की अष्टधातु राधा कृष्ण जी की मूर्ति सहित अन्य मूर्तियों को बौंली पुलिस ने मात्र पांच दिवस में चोरी का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया व एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है।

बामनवास सीओ तेज कुमार पाठक ने बताया कि बौंली थाने में पुजारी द्वारा झरझरी बाग मंदिर में अष्ट धातु मूर्तियां सहित अन्य छोटी-मोटी मूर्ति और पूजा सामग्री की चोरी हो जाने का मामला दर्ज कराया था। जिसमें अनुसंधान के बाद आरोपी अरबाज खान निवासी बौंली उम्र 22 वर्ष व एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है जिसमें बाल अपचारी को सूर्यास्त से पूर्व ही गुरुवार को न्यायालय में पेश कर दिया गया एवं मुख्य आरोपी को शुक्रवार को पेश किया जाएगा। सीओ तेज कुमार पाठक ने बताया कि आरोपी अरबाज खान पर पांच चोरी व बाल अपचारी की 11 चोरियों में लिप्त होने की जानकारी मिली थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद के निर्देशन में बामनवास सीओतेज कुमार पाठक के सुपरवजन में एक टीम गठित की गई। जिसमें बौंली सर्किल इंस्पेक्टर कुसुम लता मीणा, साइबर सेल के सहायक उप निरीक्षक अजीत मोगा, सहायक उपनिरीक्षक अंबालाल, हेड कांस्टेबल पुष्पेंद्र, व साइबर सेल के हेड कांस्टेबल महेंद्र, कांस्टेबल जीतराम, महेंदर, लोकेश, करतार, महेंद्र, हनुमान, राजपाल, राजकुमार, बाबूलाल, व जावेद की टीम ने कडी मेहनत कर सभी संदिग्धों से पूछताछ के बाद आरोपियों की पहचान हो जाने पर जयपुर व दिल्ली तक दबिश दी। व आरोपी अरबाज खान निवासी बौंली उम्र 22 वर्ष को जयपुर से गिरफ्तार किया गया व बाल अपचारी को निरुद्ध कर निशानदेही पर मंदिर के पास बने गड्ढे से ही मूर्ति चोरी की गई मूर्तियां दो बड़ी राधा कृष्ण की अष्टधातु की व पांच छोटी मूर्तियां सहित अन्य पूजा का सामान बरामद कर लिया गया है।



मूर्ति चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया।

# जन सुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत में दो गुट भिड़े

**भीलवाड़ा,** (निसं)। ज़िले के आसींद थाना क्षेत्र के बोरेला गांव की ग्राम पंचायत में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। वहीं दोनों पक्षों ने आसींद थाने पहुंचकर मामला दर्ज करवाया। मारपीट में घायल पक्ष ने बताया कि सरपंच प्रतिनिधि धर्मचंद कोली एवं उसके पुत्रों के द्वारा सरिये से हमला कर दिया जिससे उगम लाल गुर्जर के सिर में गंभीर चोटें आई। घायल को आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहा स्थिति गंभीर होने पर भीलवाड़ा के महात्मा गांधी चिकित्सालय भीलवाड़ा के लिए रेफर किया गया।

वहीं दूसरे पक्ष ग्राम पंचायत की ग्राम विकास अधिकारी सरोज देवी मीणा के द्वारा आसींद थाने में पहुंचकर मामला दर्ज करवाया जिसमें बताया कि उक्त व्यक्ति जिसमें हुकमाराम सुखलाल एवं पोखर चंद गुर्जर ग्राम पंचायत कार्यालय के बाहर पहुंचे एवं पंचायत कार्यालय में चल रही जन सुनवाई के दौरान लड़ाई झगड़ा करने लगे। सरपंच प्रतिनिधि के द्वारा समझाइश करने पर धक्का-मुक्की कर सरकारी दस्तावेज जिसमें कोरम रजिस्टर को छीनकर फाड़ देने का राजकार्य में बाधा का मामला दर्ज करवाया है।

विवाद के बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लगाए आरोप-प्रत्यारोप लगाना शुरू कर दिया। आसींद थाना पुलिस ने दोनों पक्षों का मामला दर्ज कर उक्त विवाद को लेकर आसींद पुलिस के द्वारा अनुसंधान जारी है।



हमले में घायल युवक।

- पंचायत कार्यालय में चल रही जन सुनवाई के दौरान झगड़ा करने लगे थे दोनों पक्ष
- दोनों पक्षों ने आसींद थाने में मामला दर्ज करवाया

# बायोमेट्रिक हाजिरी पर ही छात्रवृत्ति

**नोखा,** (निसं)। कस्तूरबा बालिका विद्यालय में अब बायोमेट्रिक हाजिरी बनाने वाले शिक्षकों को मानदेय व छात्राओं को छात्रवृति दी जाएगी। रजिस्टर पंजी में दर्ज उपस्थिति अब मान्य नहीं होगा। कस्तूरबा के छात्राओं की शत प्रतिशत के लिए बायोमिट्रिक सिस्टम लगाने का निर्देश दिया गया है। अब कस्तूरबा विद्यालय के संचालन का भी तरीका बदल गया हैं। कस्तूरबा विद्यालय में अब अलग से दिव्यांग के लिए भी सीट आरक्षित करने का प्रावधान दिया गया है। इसको लेकर सभी कस्तूरबा विद्यालय में इसका निर्देश भी दिया गया है। इस कार्यक्रम से संबंधित लोगों को इसकी जिम्मेदारी भी तय करने का निर्देश दिया गया है। कस्तूरबा विद्यालय में नामांकित सभी छात्राओं को शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश भी दिया गया है। इसका समय समय पर निरीक्षण भी किया जाएगा।

निरीक्षण के दिन भौतिक उपस्थिति को उक्त तिमाही का उपस्थिति मानते हुए विभिन्न मदों में राशि निकासी एवं भुगतान मान्य होगा। अधिक राशि निकासी पर वार्डन एवं संचालक पर आवश्यक करवाई भी कि जाएगी।सभी वार्डन को वर्ष 2023-2024 में कस्तूरबा गांधी विद्यालय का संचालन शत प्रतिशत करने का भी निर्देश मिला है। कस्तूरबा विद्यालय के बच्चियों को शत प्रतिशत विद्यालय में ठहराव करने का जिम्मेदारी वार्डन को मिला है। सभी नामांकित बालिकाओं का बचत खाता कार्यालय में उपलब्ध कराना है।

# कुर्क की गई फसल को नष्ट किया, तीन को सुनाई सजा

**अनूपगढ़,** (निसं)। क्षेत्र के चक 53 जीबी में कुछ लोगों के द्वारा राजरकबा पर अवैध अतिक्रमण कर उस पर गेहूं व सरसों की फसल की बिजाई की गई थी। प्रशासन के द्वारा राजरकबा पर खड़ी फसल को कुर्क किया गया था मगर आरोपियों ने फसल को खुर्दबुर्द कर दिया। इस पर रामसिंहपुर पुलिस थाने में 21 मार्च को मामला दर्ज करवाया गया था। गुरुवार को तहसीलदार राजेंद्र सिंह चौधरी ने आरोपी प्रकट सिंह, आरोपी दलबीर सिंह और आरोपी रघुवीर सिंह के विरुद्ध राजस्थान उपनिवेशन अधिनियम 1956 की धारा 22(2) के तहत 3 माह की सिविल कारावास की सजा सुनाई है। तहसीलदार राजेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि रामसिंहपुर पुलिस थाना अधिकारी के नाम से तीनों आरोपियों के गिरफ्तारी वारंट जारी किए जा चुके हैं। तहसीलदार राजेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि आरोप सिद्ध होने पर तीनों अतिक्रमियों के द्वारा कब्जा की गई भूमि पर खड़ी फसल को कुर्क किया गया था, मगर प्रकट सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह द्वारा कुर्क शुदा फसल को खुर्दबुर्द कर दिया गया था।

# पेपर लीक मामले में छात्र नेताओं ने प्रदर्शन किया

- कुलपति को ज्ञापन सौंपकर जांच एस.ओ.जी. से कराने की मांग, परीक्षा शुरू होने से पन्द्रह मिनट पहले ही पेपर व्हाट्सएप पर आ गया था

**अजमेर,** (कासं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में बुधवार को आयोजित हुई बीएससी तृतीय वर्ष की बॉटनी और फिजिक्स की परीक्षा से पूर्व पेपर लीक होने के मामले को लेकर गुरुवार को छात्र नेताओं ने यूनिवर्सिटी के बाहर प्रदर्शन किया। छात्र नेताओं ने कुलपति को ज्ञापन सौंपकर पेपर लीक मामले की जांच एसओजी से कराने की मांग की। छात्र नेताओं के प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर सिविल लाइन थाना पुलिस का जाप्ता भारी संख्या में तैनात रहा।

एमडीएस विवि की बीएससी तृतीय वर्ष बॉटनी और फिजिक्स की परीक्षा का पेपर बुधवार को आयोजित हुआ था। परीक्षा शुरू होने से दस से पन्द्रह मिनट पहले ही पेपर व्हाट्सएप पर आ गया, वहीं पेपर परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों को दिया गया था। गुरुवार को पेपर आउट मामले को लेकर पूर्व छात्र नेताओं के नेतृत्व में परीक्षार्थियों ने आक्रोश जताते हुए यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन किया गया और कुलपति को ज्ञापन सौंपने के लिए अंदर जाने लगे। इसी बीच पुलिस और गार्ड ने जब उन्हें रोका तो छात्र नेताआ उलझ गए। समझाइश के बाद कुछ देर बाद सभी छात्र नेता कुलपति प्रो. अनिल शुक्ला से मुलाकात करने उनके चैम्बर में आए और ज्ञापन सौंप कर मामले की जांच एसओजी से कराने की मांग की। कुलपति ने छात्र नेताओं को आश्वासन दिया कि मामले में उचित कार्यवाही की जाएगी।

पूर्व छात्र नेता भगवान सिंह चौहान ने कहा कि पेपर लीक मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन सिर्फ लीपापोती कर रही है। जब यह अधिकारियों और विवि प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है कि परीक्षा से पन्द्रह मिनट पहले पेपर वाट्सएप पर पहुंचा। उन्होंने कहा कि अभी तक पेपर आउट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ नहीं हो पाया है। जिसके चलते ऐसे अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। विश्वविद्यालय की उदासीनता के चलते लगातार पेपर आउट हो रहे हैं, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई नहीं करना चाहता। चौहान ने कहा कि पूर्व में भी वि.विद्यालय में पेपर आउट हो चुका है। कुलपति को ज्ञापन सौंपकर एसओजी से मामले में जांच करवाने की मांग की है।

चेतावनी दी है कि यदि तीन दिनों में मामले में कोई जांच नहीं हुई तो छात्र नेताओं द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। मामले में आईटी सेल से भी मदद मांगी गई है, हालांकि पेपर लीक हुआ है या नहीं यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। अभी जल्दबाजी में कुछ नहीं कहा जा सकता। परीक्षा समिति ही इसमें निर्णय करेगी। उन्होंने कहा कि 10 से 15 मिनट पहले पेपर व्हाट्सएप पर भेजना विकृत मानसिकता के लोग हैं, जिसमें कुछ शिक्षक, छात्र भी होंगे, इसी का नतीजा है, नहीं तो परीक्षा से पहले पेपर आउट होना कोई रीजन नहीं है।

# बीदासर क्षेत्र में आये आंधी-तूफान से जीवन अस्त-व्यस्त

## विद्युत विभाग के 50 पोल और पांच डी.पी. टूटे

**बीदासर,** (निसं)। क्षेत्र में बुधवार की रात्रि में नौ बजे के बाद आये तेज तूफान से आम जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। तूफान के दौरान अत्यधिक तीव्र गति से हवाएं चली और बिजलियां गिरी। लगभग दो घण्टे तक चली तेज हवाओं और आंधी से चारों ओर धूल का गुबार छा गया। इस दौरान अनेक स्थानों पर विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर, पेड़ उखड़ गये।

अंधड़ के चलते कस्बे की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से ठप्प हो गई। वहीं घरो में धुल ही धूल हो गई। जिससे गृहणियों को काफी परैशानीयों का सामना करना पड़ा। रात्रि में लगातार दो घण्टे तक चले तेज अंधड़ से जोधपुर डिस्कॉम के पचास विद्युत पोल और पांच डीपी गिर गई। जिससे कस्बे व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो की विद्युत सप्लाई बंद हो गई। बीदासर कस्बे में 132 केवी अनलाई जीएसएस से जुड़े अनेक फीडर अंधड़ के कारण फॉल्ट हो जाने के कारण आधा कस्बा रात्रि में अंधेरे के आगोश में डूबा रहा। रात्रि मे ठप हुई विद्युत व्यवस्था प्रातः 11 बजे के बाद बहाल हुई।

सहायक अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रो में सर्वाधिक विद्युत पोल अंधड़ से टूट कर जमीन पर आ गिरे। जिससे विद्युत व्यवस्था ठप्प हो गई तथा विद्युत पोल व डीपी टूट कर गिरने से निगम को भारी नुकसान हुआ है। वहीं तूफान के दौरान अनेक स्थानों पर पेड़ गिर गये और टीनशेड उड़ गये। ऐसे ही कस्बे की शिवकृष्ण गौशाला में नवनिर्मित चारागृह के टीन शेड उड़ गये। गौशाला अध्यक्ष राजकुमार राठी ने बताया कि इससे करीब 100 क्विंटल चारा पूरी तरह से बर्बाद हो गया है और काफी नुकसान हुआ है।

- तूफान से कहीं पेड़ उखड़े तो कहीं टिनशेड उड़ गये


तूफान के दौरान टूटकर गिरा विद्युत पोल।

# सम्मेलन में कवियों ने धूम मचाई

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। ज़िले के बनेड़ा घाटी के बालाजी धार्मिक स्थल पर चल रहे पांच दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में आमंत्रित देश के प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी रचनाओं से खूब धूम मचाई। शाहपुरा के ख्याति प्राप्त कवि एवं गीतकार डॉक्टर कैलाश मंडेला के प्रारंभिक संचालन में शुरू हुआ कवि सम्मेलन देर रात तक चला। कवि सम्मेलन का संचालन ऋषभदेव के हास्य कवि बलवंत बल्लू ने किया।

मां शारदे की वंदना अंता के राजस्थानी गीतकार विष्णु विश्वास ने थारा चरणां म म्हारो ध्यान से करके कार्यक्रम को प्रारंभ किया। बनेड़ा के गोविंद सिंह सोलंकी ने शुरुआत की। छोटी सादड़ी के राणा राजस्थानी ने अपनी हास्य कविताओं से सभी को खूब हंसाया। टोंक के वीर रस के युवा कवि महेश डांगरा ने अपनी कविताओं से श्रोताओं में जोश भर दिया। हास्य व्यंग्यकार डूंगरपुर के विपुल विद्रोही ने अपनी चुटकीली टिप्पणियां करके वातावरण को उन्मुक्त कर दिया। भोपाल से आई श्रृंगार रस की कवयित्री नम्रता नमिता ने अपने गीत गजलों से वातावरण को सरस बनाया। विष्णु विश्वास ने राजस्थानी भाषा में अपने बेहतरीन गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हास्य के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि सुरेंद्र यादवेंद्र बारां ने अपने चिर परिचित अंदाज में एक से एक लाजवाब कविताओं से श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। इस अवसर पर गौ सेवकों को भी मंच से सम्मानित किया गया।

# डोडा-पोस्त की तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार

**सादुलपुर,** (निसं)। महानिरीक्षक बीकानेर रैंज बीकानेर द्वारा मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक चूरू राजेश कुमार के निर्देशन में राजगढ थाना पुलिस ने बडी कार्यवाही करते हुए नाकाबंदी के दौरान ट्रक में कच्चे केलों की आड में तश्करी करते दो आरोपियों को अवैध डोडा-चूरा पोस्त सहित गिरफ्तार किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार बुटोलिया, वृताधिकारी वृत राजगढ इंसार अली के सुपरविजन में स्पेशल जिला पुलिस टीम चूरू की सूचना पर 6 अप्रेल को मन थानाधिकारी पुलिस थाना राजगढ सुभाष चन्द्र ढील पुलिस निरीक्षक ने गस्त व नाकाबंदी के दौरान मय पुलिस टीम के कार्यवाही करते हुए एन.एच. 52 सादुलपुर हिसार पर गौठया बडी पुलिस चौकी के पास ट्रक में कच्चे केलो की आड में ट्रक के केबिन में प्लास्टिक के कट्टो में छुपाकर ले जा रहे 30 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा पोस्त सहित भूषण पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी चिकलोहट थाना माछुवाडा जिला लुधियाना पँजाब व सुचासिंह पुत्र कर्मचन्द निवासी शेरपुर वेट थाना माछुवाडा जिला लुधियान पँजाब को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रकरण का अनुसंधान कर रहे थानाधिकारी सुभाष चन्द्र ढील सीआई राजगढ ने बताया कि अवैध डोडा चूरा पोस्त सहित गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ व अनुसंधान जारी है। प्रारंभिक पुछताछ में आरोपीगणों के द्वारा कच्चे केलों की आड में मादक पदार्थ मध्यप्रदेश से पंजाब लेकर जाना सामने आया है।

कार्यवाही में जिला स्पेशल टीम चूरू की अहम भूमिका रही। कार्यवाही में राजगढ थानाधिकारी सुभाष चन्द्र सीआई राजगढ, नवीन कुमार कास्टेबल, कुलदीप कुमार कास्टेबल व मुकेश कुमार कास्टेबल शामिल रहे।


तस्करी के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

**कृषि अनुसंधान केन्द्र, दाहोद रोड़, बोरवट फार्म, बांसवाड़ा**
Mob. No. 9414389929, 8112207969 Mail ID: zdr_arsb@yahoo.com
क्रमांक : एफ( )/कृअके/स्टोर/2023/823-829 दिनांक 05.04.2023
**कलमी आम फलों की नीलामी**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि इस केन्द्र के फल अनुसंधान केन्द्र, जलदाय विभाग के पिछे, बांसवाड़ा पर लगभग 280 कलमी आम के फलीत पेड़ों के फलों (दशहरी, केसर, लगड़ा, मल्लिका, आम्रपाली, बोम्बे ग्रीन, चोसा एवं अन्य) की खुली नीलामी दि. 20.04.2023 को प्रातः 11 बजे कृषि अनुसंधान केन्द्र, बोरवट फार्म, बांसवाड़ा पर जहाँ है जैसे है की स्थिति में की जानी है। अतः इच्छुक क्रेता समय पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग लेवें। बोली लगाने से पूर्व धरोहर राशि रू. 10000/- नगद जमा करवानी होगी तथा एक ब्लेंक चैक (खाली चैक) साथ में लाना होगा। अन्तिम बोली जिस व्यक्ति के नाम होगी उसे बोली की राशि की आधी राशि (50 प्रतिशत) तुरन्त जमा करवानी होगी। विस्तृत जानकारी एवं बगीचों के अवलोकन हेतु कार्यालय समय (प्रातः 10.00 बजे से 5.00 बजे तक) में सम्पर्क कर सकते हैं।
संभागीय निदेशक अनुसंधान

## संक्षिप्त

### बस ने यात्री को कुचला, मौत

**जयपुर** (कासं)। ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में एक व्यक्ति की बस से कुचलने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया मृतक अमर सिंह (45) निवासी कैलारस जिला मुरैना (एमपी) जयपुर में सीतापुरा एरिया स्थित फैक्ट्री में मजदूरी करता था। वह 4 अप्रैल की रात 8 बजे पत्नी के साथ निजी बस में सीतापुरा से मुरैना के लिए बैठा था। ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे पर बस रुकी तो वह टॉयलेट के लिए निकल गया। पत्नी बस में ही बैठी थी। आरोप है वापिसी में बस में चढ़ते समय टायर के नीचे आ जाने से उसकी मौत हो गई। बस चालक बस को लेकर मुरैना के लिए रवाना हो गया। इस दौरान बस में मृतक की पत्नी बैठी रही, उसे हादसे का पता नहीं चला। पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया।

### शाकाहार-सदाचार अभियान संपन्न

**जयपुर**। विश्वविख्यात परम संत उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज जो देश-दुनियां में जयगुरुदेव नाम का प्रचार करने के साथ-साथ जनमानस को शाकाहारी, सदाचारी, नशामुक्त, चरित्रवान एवं देशभक्त बनाने के लिए देश के कोने-कोने में जाकर वैचारिक परिवर्तन की अलख जगा रहे है। उनके आदेश से सम्पूर्ण भारत में 23 मार्च से 5 अप्रैल तक भक्तों द्वारा शाकाहार एवं नशामुक्ति जनजागरण का एक विशेष अभियान चलाया गया। संगत के मीडिया प्रभारी मुकुट बिहारी वर्मा ने मीडिया को बताया कि राजस्थान के सभी जिलों में गुरु के आदेश की पालना करते हुए सभी सत्संगी भाई बहनों, बुजुर्ग एवं छोटे बच्चों ने भी इस प्रचार अभियान में शामिल हुए। लाखों लोगों तक महाराज के सेवादारों द्वारा प्रभात फेरी, लिखाई, सतसंग, फ्लेक्स, बैनर स्टीकर लगाकर, पर्चे, सन्देश, वाहन शोभायात्रा के माध्यम से सभी धर्म के लाखों लोगों से शाकाहारी बनने, शराब को छोड़ने का आग्रह किया।

### बस में सवार युवक से नकदी लूटी

**जयपुर** (कासं)। गांधीनगर इलाके में एक यात्री से जहरखुरानी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया देहली गेट, अलीगढ (यूपी) निवासी मोहम्मद अलीम 1 अप्रैल की दोपहर नारायण सिंह सर्किल से आगरा के लिए बस में सवार हुआ था। दौसा निकलने के बाद उसने परिचालक से पीने के लिए पानी मांगा। आरोप है पानी पीने के बाद वह बेहोश हो गया। उसे भरतपुर के सहनावली गांव स्थित अस्पताल में होश आया। उसने जेब चेक किए तो 1.42 लाख की नकदी सहित मोबाइल गायब थे। पीड़ित ने चालक-परिचालक पर जहरखुरानी का शक जताया है।

### बदमाशों ने महिला का पर्स छीना

**जयपुर**। आदर्श नगर इलाके में बाइक सवार बदमाश एक महिला का पर्स छीन ले गए। पुलिस ने बताया 4/594, जवाहर नगर निवासी तनु बोहरा 4 अप्रैल की रात 8 बजे पिंक स्क्वायर के पास से घर की तरफ आ रही थी। इस दौरान बाइक सवार बदमाश हाथ झपट्टा मार पर्स छीन ले गया। पर्स में करीब 2 हजार रूपए, मोबाइल सहित चांदी का हाथी रखा हुआ था। वहीं, आदर्श नगर इलाके में बदमाश 5 अप्रैल की अलसुबह खंडेलवाल होम्योपैथिक स्टोर के पास हरीश माली का मोबाइल छीन ले गए। उधर, मुरलीपुरा इलाके में बाइक सवार बदमाश हनुमान ढाबे के पास वृंदा शर्मा का आईफोन छीन ले गए। पुलिस मामलों की जांच में जुटी है।

### निवेश के नाम पर ढाई लाख रु.ठगे

**जयपुर**। सुभाष चौक इलाके में एक महिला से ढाई लाख रूपए हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया सूर्य मंदिर कच्चा बंधा, आमेर रोड निवासी पूर्णिमा शर्मा ने रिपोर्ट दी है। आरोप है परिचित ताराचंद सांकरिया, प्रशांत शर्मा और रामचरण राठौड़ ने बिटकॉइन में निवेश पर मोटा मुनाफा देने का झांसा देकर ढाई लाख रूपए हड़प लिए। अब रूपए देने में आनाकानी कर रहे हैं।

### महिला के गले से चेन तोड़ी

**जयपुर**। जवाहर नगर इलाके में बाइक सवार बदमाश एक महिला की चेन तोड़ ले गए। पुलिस ने बताया सेक्टर-1, में निर्मला गुप्ता की सनराइज सरस पार्लर के नाम से दुकान है। वह 4 अप्रैल की दोपहर दुकान के बाहर खड़ी थी। इस दौरान एक व्यक्ति आया और गुटखा मांगा, मना करने पर गले पर झपट्टा मार सोने की चेन तोड ली और अपने साथी के साथ बाइक पर बैठ फरार हो गया।

# ऑनलाइन गेम खेलने की लत में पांच युवक बने शातिर चोर

## सूने मकानों की रैकी करके वारदात को अंजाम देते थे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। पुलिस कमिश्नरेट की सी.एस.टी. टीम ने सूने मकानों में नकबजनी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए 5 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए है।

आरोपी नशा और ऑनलाइन गेम खेलने के शौक को पूरा करने के लिए नकबजनी और चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने करधनी, करणी विहार, बिंदायका एवं कालवाड़ में दो दर्जन से अधिक वारदात करनी कबूली हैं। पुलिस अब बदमाशों के आपराधिक रिकॉर्ड को भी खंगाल रही है। पुलिस का मानना है कि बदमाशों से कई वारदातों का खुलासा हो सकता हैं।

एडिशनल कमिश्नर कैलाश चन्द विश्नोई ने बताया कि गिरफ्तार



पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने गुरूवार को पांच शातिर नकबजनों को गिरफ्तार किया।

आरोपी आदिल मोहम्मद, अजय मीणा, राधेश्याम चौधरी, कुलदीप सिंह और जतिन उर्फ जीतू पांच्यावाला करणी विहार के रहने वाले हैं। सीएसटी टीम ने करधनी थाना पुलिस के साथ दो अलग-अलग जगह कार्रवाई की। पहली कार्रवाई में आदिल मोहम्मद, अजय मीणा और राधेश्याम चौधरी को पकड़ा। जबकि दूसरी कार्रवाई में कुलदीप सिंह और जतिन उर्फ जीतू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने

- पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवर बरामद किए
- करधनी, करणी विहार, बिंदायका एवं कालवाड़ क्षेत्र में दो दर्जन वारदातें कर चुके हैं बदमाश

बताया कि गिरफ्तार आरोपी आदिल मोहम्मद और राधेश्याम चौधरी परबतसर नागौर के रहने वाले और जयपुर में किराए के मकान में रह रह थे। जबकि अजय मीणा, जतिन और कुलदीप सिंह जयपुर में किराए के मकान में रहता है। आरोपी सूने मकानों की रैकी कर रात में चोरी, नकबजनी की वारदातों को अंजाम देते थे।

# मध्यम मार्ग पर निशान लगाने पहुंची निगम टीम का विरोध

## गुस्साएं व्यापारियों ने बाजार बंद किया तो उलटे पांव लौटे अफसर

**जयपुर**। नगर निगम जयपुर ग्रेटर की टीम गुरुवार को मानसरोवर मध्यम मार्ग पर लाल निशान लगाने पहुंची। टीम ने जैसे ही दुकानों के बाहर लाल निशान लगाने शुरू किए, व्यापारियों विरोध में उतर आए। टीम की कार्रवाई के विरोध में व्यापारियों ने दुकानें बंद कर दी और नारेबाजी लगाना शुरू कर दिया। इस बीच निगम टीम और व्यापारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। इस बीच स्थानीय थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। विरोध बढ़ता देख निगम की टीम वापस लौट आई।

- हाईकोर्ट के आदेश के बाद ग्रेटर नगर निगम ने मध्यम मार्ग पर लोगों को अवैध निर्माण हटाने और व्यावसायिक गतिविधियां बंद करने को लेकर नोटिस दिए है

दरअसल हाईकोर्ट के आदेश के बाद नगर निगम ने मध्यम मार्ग पर लोगों को अवैध निर्माण हटाने और व्यावसायिक गतिविध बंद करने को लेकर नोटिस दिए है। निगम की ओर से गुरूवार को मौके पर अवैध निर्माणों पर लाल निशान लगाने के लिए टीम पहुंची। टीम ने मौके पर कुछ दुकानों पर लाल निशान लगाना शुरू किया। इस बीच व्यापारियों ने एकजुट होकर निगम टीम का विरोध करना शुरू कर दिया। व्यापारियों ने निगम टीम को लाल निशान लगाने से मना किया तो उनमें आपस में नोकझोंक शुरू हो गई। व्यापारियों ने बाजार बंद कर नारेबाजी शुरू कर दी और विरोध प्रदर्शन करने लगे। इस बीच मौके पर स्थानीय पुलिस भी पहुंची। विरोध बढ़ता देख निगम टीम वापस लौट गई। उधर, निगम अफसरों का कहना है कि वहां शोभायात्रा निकल रही थी, इसलिए 15-20 घरों पर ही निशान लगा पाए, अब सोमवार को बचे हुए घरों पर निशान लगाएंगे।

### मेडिकल स्टोर से दवा लेने निकला बच्चा लापता



**जयपुर** (कासं)। ज्योतिनगर इलाके के राधा कृष्ण नगर से करीब 20 दिन पहले लापता बच्चे का सुराग नहीं लगा है। ज्योति नगर थाना पुलिस ने लापता मासूम ऐश्वर्य सिंह की फोटो व पोस्टर जारी किया है। पुलिस ने बताया कि 18 मार्च को ऐश्वर्य के पिता भगवत सिंह ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि उनका बेटा ऐश्वर्य सिंह सुबह सवा 11 बजे इमली फाटक पर मेडिकल की दुकान से दवा लाने निकला था। जब दोपहर 12 बजे तक बेटा घर नहीं लौटा तो उसके पिता उसे तलाशने निकले। पूरे इलाके में ढूंढने के बाद भी जब बेटा नहीं मिला और उसका फोन भी बंद आया तो घबराए पिता ने ज्योतिनगर थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज करवाई। पीड़ित भगवत सिंह ने बेटे के अपहरण की संभावना जताते हुए उसके दोस्त सारांश यादव, अर्थव और आयुष के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने पुलिस को बताया कि आयुष उनके बेटे ऐश्वर्य का सबसे घनिष्ठ दोस्त है। मामले की गंभीरता देखते हुए पुलिस ने बच्चे की तलाश शुरू की, लेकिन 20 दिन बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है।

### रियायत अवधि

**जयपुर** (कासं)। प्रशासन शहरों के संग अभियान में स्टाम्प शुल्क, फ्री होल्ड पट्टे, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र हेतु शेष लीज राशि जमा कराने, ब्याज दरों में छूट की समय सीमा को 30 सितंबर तक बढ़ाया है। नगरीय क्षेत्रों और नगरपालिका सीमा क्षेत्रों के गांवों में कृषि भूमि पर बने आवासीय भूखंडों को फ्री होल्ड पट्टे जारी किए जाएंगे।

# पेपर लीक मामले में फरार शिक्षक उड़ीसा से गिरफ्तार

## आरोपी पर एक लाख रु. का इनाम घोषित किया था पुलिस ने

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने वरिष्ठ अध्यापक भर्ती पेपर परीक्षा लीक मामले में मोस्ट वांटेड चल रहे आरोपी शिक्षक शेरसिंह मीणा को उडीसा से पकड़ लिया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से आरोपी शेरसिंह को पकड़ने के लिए एक लाख रुपए का इनाम रखा हुआ था। एसओजी आरोपी से पूछताछ कर कई जानकारियां जुटाने में लगी हुई है।

एटीएस-एसओजी के एडीजी अशोक राठौड़ ने बताया कि आरोपी शिक्षक शेरसिंह के उडीसा में रहकर काम करने की जानकारी मिली थी। दो तीन दिन पहले ही एसओजी की टीम उडीसा पहुंची। जहां सूचना की तस्दीक करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर



आरोपी शिक्षक शेर सिंह

लिया। आरोपी को पकड़ने के लिए महानिरीक्षक एसओजी सत्येन्द्र सिंह के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान और पुलिस निरीक्षक मोहन पोसवाल की टीम उडीसा पहुंची थी। वहां गिरफ्तारी के बाद पुलिस शेरसिंह को पकड़कर जयपुर ले आई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पेपर लीक मामला उजागर होने के बाद वह उडीसा पहुंच गया था। आरोपी द्वारा बताए गए स्थानों पर जाने की तस्दीक भी की जा रही है। ज्ञात रहे कि इसी प्रकरण में वांटेड भूपेन्द्र सारण की बैंगलुरू एयरपोर्ट पर गिरफ्तारी के बाद अब आबू रोड सरकारी स्कूल में शिक्षक चौमूं के कालाडेरा स्थित धोला का बास निवासी शेरसिंह मीणा को एसओजी ने दबोचा है। आरोपी द्वारा वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा का पेपर परीक्षा से पहले गिरोह तक पहुंचाना सामने आया था।

### मजदूर महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर इलाके में एक मजदूर महिला से रेप का प्रयास का मामला सामने आया है।

पुलिस ने बताया जिला ललितपुर (यूपी) निवासी 26 वर्षीया महिला इलाके में अपने पति के साथ किराए के कमरे में रहकर बेलदारी करती है। घटनाक्रम के मुताबिक 1 अप्रैल की दोपहर पति उसके दोस्त लखन और विमल के साथ खाना खा रही थी। इस दौरान पति और लखन खाना खाकर ऊपर कमरे में चले गए। आरोप है इस दौरान विमल ने उसे पकड लिया और रेप का प्रयास करने लगा। पीड़िता के चिल्लाने पर पति मौके पर आया और विमल को डांटा तो उसने डंडे से पति का हाथ तोड दिया। इसके बाद विमल मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### निलम्बित सहायक अभियन्ता बहाल

**जयपुर**। जयपुर डिस्कॉम प्रषासन द्वारा बुधवार को एक आदेश जारी कर निलम्बित चल रहे सहायक अभियन्ता अशोक कुमार मीना को बहाल कर दिया है। बहाल करने के उपरान्त मीना को सहायक अभियन्ता (प.व.स), जयपुर डिस्कॉम, जैतपुरा के रिक्त पद पर पदस्थापित किया है। जयपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक आर.एन.कुमावत ने बताया कि 9 मार्च को जैतपुरा में एक निगम कर्मचारी का फेटल एक्सीडेन्ट होने के कारण अशोक कुमार मीना सहायक अभियन्ता-पवस, जैतपुरा को 10 मार्च को निलम्बित किया था।

# मंत्रालयिक कर्मचारियों का क्रमिक अनशन जारी

**जयपुर** (कासं)। मंत्रालयिक एकता मंच द्वारा किये जा रहे क्रमिक अनशन 22वें दिन गुरूवार को शिष्टमंडल ने शासन सचिवालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा और प्रमुख कार्मिक सचिव हेमंत गेरा से 6 सूत्रीय मांग पत्र पर वार्ता की।

मंत्रालयिक एकता मंच के प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि सकारात्मक माहौल में हुई वार्ता में कुछ मुद्दों पर और चर्चा किया जाना आवश्यक होने के कारण अगले दौर की वार्ता शीघ्र होगी। अन्तिम निर्णय होने तक क्रमिक अनशन जारी रहेगा। वार्ता हेतु शिष्टमंडल में गजेंद्र सिंह राठौड़, राजेश पारीक, सुरेश धाभाई, देवेंद्र सिंह नरूका और सर्वेश्वर शर्मा शामिल थे।

गुरूवार को छोटे लाल मीणा के नेतृत्व में राज्य बीमा एवं प्रावधाई निधि विभाग के रवि प्रकाश, दिनेश रायल, नरेंद्र, राकेश चौधरी तथा सांवरमल मीणा



एम.आई.रोड स्थित शहीद स्मारक पर मंत्रालयिक कर्मचारियों का क्रमिक अनशन गुरूवार को भी जारी रहा।

क्रमिक अनशन पर बैठे। उन्होंने बताया कि मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा सरकार द्वारा बजट में उपेक्षा किए जाने के बाद अपनी प्रमुख मांगों सहायक प्रशासनिक अधिकारी को ग्रेड पे 4200 एवं कनिष्ठ सहायक को आरंभिक वेतन 25 हजार 500 देने की प्रमुख मांगों के साथ मंत्रालयिक एकता मंच द्वारा 16 मार्च से शहीद स्मारक पर क्रमिक अनशन किया जा रहा है। मंत्रालयिक कर्मचारियों की मुख्य मांगें द्वितीय पदोन्नित के पद सहायक प्रशासनिक अधिकारी की ग्रेड पे 4200 करने, एक नया पदोन्नित का पद उप निदेशक प्रशासन ग्रेड पे 8700

- अति. मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा और प्रमुख शासन सचिव हेमंत गेरा से भी मिले प्रतिनिधि

में सृजित करने, कनिष्ठ एवं वरिष्ठ सहायकों के काटे गए पदों को बहाल करने, कनिष्ठ सहायक का आरंभिक वेतन 25500 करने, पंचायती राज संस्थाओं के कार्मिकों को भी राज्य कर्मचारी मानते हुए अन्य विभागों के समान पदोन्नित के पद सृजित करने तथा गृह जिला समायोजन, कनिष्ठ सहायक की शैक्षिक योग्यता स्नातक करने, पदोन्नित हेतु अनुभव में पूर्ण शिथिलता देने, चिकित्सालय एवं विद्यालयों में मंत्रालय कर्मचारियों को 5 दिन का सप्ताह करने, कंप्यूटर टंकण परीक्षा विभाग स्तर पर करवाने की है।

# हाथोज स्टैण्ड पर चार दुकानों को मिलाकर बनाया जा रहा कमर्शियल कॉम्पलेक्स ध्वस्त

## कालवाड़ रोड पर स्टार सिटी के सामने 'अरिहंत नगर' में हो रहा था अवैध निर्माण

**जयपुर ( कासं )**। जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने कालवाड़ रोड पर हाथोज स्टैंड पर गुरूवार को निर्माणाधीन अवैध दुकानों को जेसीबी से ध्वस्त किया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि मैन कालवाड़ रोड पर स्टार सिटी के सामने 'अरिहंत नगर' में यह अवैध निर्माण हो रहा था। भूखंड़ मालिक ने जेडीए प्रशासन से अनुमति लिए बिना दुकान नंबर 5 से 8 की जमीन को मिलाकर करीब 355 वर्गगज जमीन पर बेसमेंट खोदकर रातोंरात कॉम्पलेक्स बनाये की तैयारी थी। इस अवैध निर्माण की सूचना मिलते ही गुरूवार सुबह जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता से अवैध निर्माण ध्वस्त किया।

इसी प्रकार दहमी कलां में मणिपाल यूनिवर्सिटी के पीछे खसरा नम्बर-642, 651 व 652 में 3 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर रातोंरात बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को खुर्दबुर्द किया।

इसके अलावा बगरू के पास ग्राम झाग जयपुर में करीब 3 कृषि भूमि पर जेडीए की बिना अनुमति ''बजरंग विहार'' के नाम से अवैध कॉलोनी बसाने की तैयारी थी। मुहाना में करीब 4 बीघा कृषि भूमि पर भी ऐसा ही निर्माण चल रहा था। काश्तकारों ने भू-रूपांतरण करवाये बिना और जेडीए से निर्माण स्वीकृति लिए बिना ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया था, इस पर उन्हें भी खुर्द-बुर्द किया।



जेडीए की प्रतर्वन टीम ने गुरूवार को हाथोज स्टैंड पर निर्माणाधीन कॉम्पलेक्स को ध्वस्त किया।

### राजस्व आसूचना व आर्थिक अपराध निदेशालय बनेगा

**जयपुर**। प्रदेश में आर्थिक अपराधों की रोकथाम और राजस्व के स्त्रोतों पर अब अधिक मजबूती से निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्व आसूचना एवं आर्थिक अपराध निदेशालय के गठन का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने निदेशालय के गठन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी है। राज्य स्तर पर निदेशालय का नोडल व प्रशासनिक विभाग वित्त (राजस्व) विभाग होगा।

निदेशालय द्वारा आर्थिक अपराधों के नियंत्रण, अनुसंधान, जांच व अभियोजन के कार्य किए जाएंगे। इसमें भूमि पर अवैध कब्जा करने, रियल एस्टेट में धोखाधड़ी या अनियमितता करने, बैंक, बीमा या जमापूंजी संबंधी कार्य में धोखाधडी या अनियमितता करने, झूठा दिवालियापन घोषित करने, फर्जी कम्पनियों का गठन करने, सरकारी साख समितियों के कार्य में धोखाधडी करने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा। इसके साथ ही राज्य में राजस्व रिसाव की विभिन्न स्त्रोतों से सूचना प्राप्त कर उनका विश्लेषण एवं अन्वेषण किया जाएगा। राजस्व के समस्त स्त्रोतों पर निगरानी रखने तथा कर अपवंचना को रोकने संबंधी कार्य भी किए जाएंगे।

## सार-समाचार

### जौहरी बाजार में शोभायात्रा का स्वागत



**जयपुर**। जौहरी बाजार में हनुमान जन्मोत्सव पर निकलने वाली शोभायात्रा का पार्षद कुसुम यादव और पूर्व पार्षद व चेयरमैन अजय यादव ने स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा करके भगवान हनुमानजी की आरती उतारी और शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक पार्षद कुसुम यादव ने बताया कि शोभा यात्रा में भगवान राम-लक्ष्मण व जानकी और हनुमान महाराज की झांकियों पर पुष्प वर्षा कर आरती की। बैंड बाजे ढोल मंजीरे की धुनों पर युवा और महिला शक्ति हाथों में भगवा झंडा लेकर झूमते नाचते साथ चल रहे थे। रास्ते भर में श्री राम जय राम जय-जय राम की मधुर स्वर लहराए जय श्रीराम और जय हनुमान के जोशीले जय घोष से पूरा जौहरी बाजार गुंनजायमान था। इस दौरान सर्राफा कमेटी अध्यक्ष कैलाश मित्तल, जौहरी बाजार व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल, प्रभात शर्मा, उमेश शर्मा, पवन टिक्कीवाल, संपत जैन, गौरीशंकर सोनी, योगेश सोनी, युवराज सिंधड, पिंकू शर्मा, सुरेश यादव, रॉकी जैन, विष्णु मीणा, संपत बिसला, मनीष बिवाल, राकेश शर्मा, ईश्वर गोडवानी, राघव भार्गव, सुशील शर्मा, महेश व्यास, प्रकाश टिल्लानी, राकेश यादव, रमेश यादव, पदम गांधी, अक्षय यादव, सियाशरण शर्मा व रवि जोशी मौजूद थे।

### कलश यात्रा के साथ हनुमान कथा शुरू



**जयपुर**। पानीपेच आरपीए रोड स्थित श्री शिव हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर दिव्य श्री हनुमान कथा के आयोजन की शुरुआत कलश यात्रा से हुई। कलश यात्रा नेहरू नगर स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर से उठकर गाजे बाजे के साथ विभिन्न मार्गो से होते हुए कलश लिए महिलाएं एवम हनुमान जी की पताका लिए पुरुष पानीपेच स्थित श्री शिव हनुमान मंदिर पहुंचे। कथा के प्रथम दिन कथावाचक धनश्रीराम ने बताया कि श्री हनुमान जी महाराज का प्रताप,उनकी कृपा युगों युगों से चल रही है। चाहे सतयुग हो, त्रेता युग हो, द्वापर युग हो या कलियुग हो उनकी कृपा थी, है और रहेगी। मोहनलाल अग्रवाल एवम मनीष केडिया ने बताया कि कथा का आयोजन टीम 39 जहां चाह वहां राह जन कल्याण सेवा ट्रस्ट द्वारा 8 अप्रैल तक दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक किया जाएगा।

### दो साल से फरार बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने दो साल से फरार चल रहे इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी हत्या के मामले में कई दिनों से फरार चल रहा था। आरोपी के खिलाफ दो हजार रुपए का इनाम रखा हुआ था। डीसीपी (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि 19 सितंबर 2021 को आरोपी मोहम्मद अशफाक उर्फ बाबू ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मेहराज खान उर्फ बाबू साहब की कर्बला मैदान में लाठी डंडा और सरिया चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। आरोपी मोहम्मद अशफाक उर्फ बाबू गिरफ्तारी से बचने के लिए इधर उधर छिप रहा था। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही कि इतने साल उसने फरारी कहां कहां काटी। पुलिस इसके साथ ही यह भी देख रही है कि इन दिनों उसने कोई अपराध तो नहीं किया है। पुलिस पकडे गए आरोपी से पूछताछ कर अन्य जानकारियां जुटा रही है। डीसीपी ने बताया कि स्थाई वारंटी को पकडने के लिए एडिशनल कमिश्नर कैलाश चन्द्र विश्नोई, एडिशनल डीसीपी सुमन चौधरी थानाधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया था। टीम ने मुखबिर से सूचना मिलने के बाद आरोपी का पीछा कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद अशफाक उर्फ बाबू साहब (50) पुत्र दीन मोहम्मद वन विहार हाउसिंग बोर्ड, ईदगाह दिल्ली का रहने वाला है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए डीसीपी कार्यालय से दो हजार रुपए का ईनाम रखा हुआ था।

### छह चेन स्नैचर पुलिस के हत्थे चढ़े

**जयपुर** (कासं)। श्याम नगर थाना पुलिस ने चेन स्नैचिंग गिरोह का खुलासा करते हुए दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सोने की 6 चेन बरामद की है। पुलिस ने वारदात के समय काम में ली गई बाइक को भी जब्त किया है। आरोपी अब तक एक दर्जन चेन स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम दे चुके है। एडिशनल कमिश्नर कैलाश चन्द विश्नोई ने बताया कि जयपुर शहर में चेन पर्स, मोबाइल स्नैचिंग, लूट और नकबजनी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इस पर डीसीपी (अपराध) ज्येष्ठा मैत्रयी, एडिशनल डीसीपी सुलेश चौधरी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। टीम ने मुखबिर से सूचना मिलने के बाद करौली हाल शिक्षा सागर विस्तार सांगानेर सदर निवासी देवेन्द्र उर्फ बंसल और लवकुश उर्फ मोटा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी चेन स्नैचर का अपराध करने के आदि है। जिन्होंने पूर्व में भी जयपुर शहर में चेन स्नैचिंग की काफी वारदातों को अंजाम दिया। आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास, लूट, आर्म्स एक्ट और चोरी के कुल दस प्रकरण दर्ज है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि आरोपी वारदात करने से पहले शराब का सेवन करके वारदात को अंजाम देते है। वारदात करते समय राह चलती महिला से चेन की छीना झपटी और मारपीट कर चेन तोड़कर ले जाते है। इस दौरान महिलाएं के चोट भी लग जाती है। आरोपियों ने बताया कि जयपुर शहर में पूर्व में भी कई वारदातें की है। इनमें श्याम नगर, शिप्रापथ, मुहाना, बजाज नगर और मानसरोवर में एक दर्जन वारदात करनी स्वीकार की हैं।




## World Health Day


Established in 1950, World Health Day is an important event that includes a theme each year that is meant to draw attention to a current health issue in the world. The World Health Organization (WHO) has 194 member states who are tasked with putting together regional, local, and international events on this day. The World Health Organization has been involved in mobilizing many health efforts all over the world for the past 70 years by describing what medicines are essential for public health and which diseases to give a particular focus to.



#TESTING

# Steroid Shot To Ease Neck Pain

Injected steroids can reduce the swelling and pressure on nerves that contribute to pain.



A quick clinical test can predict which people with neck pain are more likely to benefit from epidural steroid injections, researchers report.

These injections deliver drugs directly around the spinal nerves to stop nerve inflammation and reduce pain.

The uncomfortable injections are a common treatment for neck pain, but can cost hundreds of dollars each, carry risks, and help only a minority of patients, studies show.

A new variation on physical exam, as described in the journal Mayo Clinic Proceedings among 78 people with neck pain, could help guide best use of the treatment.

"Until now, it was really a 50/50 coin flip whether an epidural steroid injection would help any given neck pain patient," says Steven P. Cohen, professor of anaesthesiology and critical care medicine at Johns Hopkins University School of Medicine.

"We looked at many different variables and believe we've figured out a quick and reliable way to provide patients with much more accurate, personalized information on their chances of getting better, and actually improve their odds of treatment success."

According to the American Medical Association, neck and back pain are among the ailments that incur the highest amounts of total health care spending in the United States. Each year, doctors administer more than 10 million epidural steroid injections for back and neck pain.

Injected steroids can reduce the swelling and pressure on nerves that contribute to pain. However, the underlying causes of back and neck pain are diverse, and not all patients experience pain relief from the injections. As a result, the procedure is facing increased scrutiny by hospital systems and insurers, fuelling a search for ways to better identify patients most likely to benefit.

In the new study, Cohen and collaborators adapted Waddell signs-a group of eight physical signs, named for the physician who developed them, more than 50 years ago, as a tool to identify patients whose back pain may not be due to physical abnormalities that can be treated surgically-for neck pain patients.

The signs, which can be assessed in a few minutes by a clinician, include checking for tenderness, overreaction to light stimulation, weakness not clearly explained by any physical injury or abnormality, pain that disappears when the patient is distracted, and pain that extends beyond expected areas of the body. "These physical exam manoeuvres are incredibly simple to perform and easy to identify," says Cohen.

For back pain, Waddell signs are used primarily to determine whether back pain is non-organic (not associated with a direct anatomic cause). Previously, many clinicians interpreted these signs as indicative of malingering or psychological factors. More recently, however, researchers have shown that such non-organic signs may also point to complex underlying causes of pain. In general, studies have shown that back pain patients with more Waddell signs are less likely to benefit from treatment.

To conduct the new study, clinicians examined 78 neck pain patients for the eight non-organic physical signs before treating them with epidural steroid injections. Overall, 29% (23) of the patients showed no non-organic signs; 21% (16) had one non-organic sign; and 50% (39) of patients had two or more signs before injections.

One month later, patients whose pain was still decreased by the epidural steroid injection had, on average, just 1.3 non-organic signs, while those whose pain was not decreased at the one-month mark had, on average, 3.4 non-organic signs.

Some of the individual Waddell signs were highly correlated with a lack of response to the injections. For example, 55% of injection non-responders showed apparent overreactions to light touch, while only 11% of those helped by the injections showed this sign. The researchers also found that people with more non-organic signs associated with their neck pain were more likely to report chronic pain in other areas of the body, as well as fibromyalgia and psychiatric conditions.

Cohen says it appears that the presence of multiple non-organic signs are identifying patients who might benefit from other treatment approaches, before trying epidural steroid injections. "But further research must be done to determine the best options."

For now, Cohen says the findings can immediately help guide conversations between patients with neck pain and their doctors, when weighing the potential risks and benefits of an epidural steroid injection.

Additional co-authors are from Walter Reed National Military Medical Centre, the District of Columbia Veterans Affairs Medical Centre, Seoul National University in Korea, and Johns Hopkins.



'Free as a bird' is a figment of human imagination. Birds are so tied-in to their life routines that some bird species have been known to die out in an area because a tree on which they were dependent for food or nesting had been cut down. The importance of habitat conservation in the protection of avian and animal species can hardly be overemphasized. This is why when logging companies talk about reforestation, by planting millions of trees of one species in the place of the multi-species forest they demolished, it is such a farce. Especially the animals, birds, insects, amphibians, and reptiles that used to live in the natural forest and which died with the trees, will never return. That is why when you walk in one of these so-called forests, plantations really, there is dead silence. The silence of the grave. While when you walk in a natural forest, as Hashim and I were doing that morning, the forest speaks to you. You can hear the breeze in the treetops. You can hear the murmuring of the river as it flows over the rocks at the base of the sluice gates, where we used to fish. You hear the rustle of leaves as a Rat Snake chases its prey. You can hear the booming call of the Nilgiri Langur sentinel as he sounds the alarm.

# The Forest Speaks to You (...1)

#THE WILD



Mirza Yawar Baig
*Naturalist and wildlife conservationist*

One of my favourite places in the Anamallais, Manamboli is the fishing spot down the road from Uralikal Forest Checkpost at the bottom of the dam on the Parambikulam River. Sandy (Sundeep Singh) was the Assistant on Uralikkal and Mr. Saleem Sheriff was the Manager. My dear friend Hashim Tyabji was visiting us and I decided to take him to see what we could see in this beautiful forest. Hashim, apart from being my dear friend, which is not his best achievement, is a very famous naturalist with an encyclopaedic knowledge of birds. I never missed an opportunity to learn from him, the best way for which was to take him for a walk in the bush. It was very early in the morning and as Hashim and I walked along pathway that followed the Parambikulam River, the mist rose from the water and cast shadows at will as it played with early morning sunrays. It is a good idea when walking in such places to stay with your car for a while and allow the buzz in your ears, the sound of our noisy environments to fall silent. This is important for two reasons. One, only then will you be able to listen to the forest. Two, in a forests that is as full of beings which can be potentially dangerous to life, it is a good idea to have your hearing operating at peak performance. Nothing in the forest will attack you unprovoked. Animals don't eat junk food. But you can blunder into one and irritate it enough for it to respond in kind to your own detriment. I have walked, sat in silence, even slept on the ground in river sand or a hammock in Amazonian rainforests as well as the forests of Central and South India and I am writing this now. I wouldn't try this in Africa, though. Lions operate by different rules. Unlike tigers, they love junk food.

### An Amazing Insight

At one place where a forest giant had fallen, the sun was shining through and there was a leafy tree with some type of berry on it. On this tree were a multitude of birds, all apparently flying around randomly, eating the berries. Hashim stopped me silently with a hand signal and we squatted on our haunches to watch the birds. He showed me how different species of birds were eating from different levels on the tree. An amazing insight into the highly ordered life of birds. 'Free as a bird' is a figment of human imagination. Birds are so tied-in to their life routines that some bird species have been known to die out in an area because a tree on which they were dependent for food or nesting had been cut down. The importance of habitat conservation in the protection of avian and animal species can hardly be overemphasized. This is why when logging companies talk about reforestation, by planting millions of trees of one species in the place of the multi-species forest they demolished, it is such a farce. Especially the animals, birds, insects, amphibians, and reptiles that used to live in the natural forest and which died with the trees, will never return. That is why when you walk in one of these so-called forests, plantations really, there is dead silence. The silence of the grave. While when you walk in a natural forest, as Hashim and I were doing that morning, the forest speaks to you. You can hear the breeze in the treetops. You can hear the murmuring of the river as it flows over the rocks at the base of the sluice gates, where we used to fish. You hear the rustle of leaves as a Rat Snake chases its prey. You can hear the booming call of the Nilgiri Langur sentinel as he sounds the alarm.

The Western Ghats have evergreen rainforest. The first calls in the Anamallais, as the sun went down were always the jungle fowl going up to roost. First the cocks would crow - kakkaak, kaakak?? - with a question mark at the end. Then the hens would sometimes cackle as they flew up to their roosts. Once they settled in, the Nightjars would start flitting on silent wings, catching moths and other insects in flight as they came out of their hiding places. It was a fascinating sight to watch the Nightjars as they took their interceptor flights. The Nightjar would sit in an open place (on a small rock or in the middle of a path) and made its characteristic call chut-chut-chut-churrrrrrrrrrrr. They repeated this call endlessly, sitting absolutely still but watching the world very closely. As soon as it saw a poor unsuspecting insect going about its business, the Nightjar would erupt into the air and the world insect population is reduced by one. 100% kill rate. Amazing birds.

> The first calls in the Anamallais, as the sun went down were always the jungle fowl going up to roost. First the cocks would crow - kakkaak, kaakak??

### Sounds In The Forest

Then there would be silence for a while as the jungle settled for the night. As the first light of the moon strengthened, the owls would come out of their roosting places, where they had been hiding both from the sun as well as from crows who harass them mercilessly if they saw them in the open. They hunt in pairs. They flew out onto the branch that was their take off perch, one followed by the other. They would sit there for a while and talk to each other, perhaps discussing strategy. Then he would glide away in one direction and she in another. You must see an owl in flight to understand the meaning of grace. Complete silence so that its prey has no idea of death as it comes to it in the dark.

Suddenly, you would hear the dhank-dhank of the Sambar. This was the alarm call telling the other tenants of the jungle that one of the two big cats that live in this forest, the tiger, or the leopard, is on the prowl. The Sambar is the most reliable of the sentinels which call out when they see these predators. In the Anamallais we do not have Cheetal (Axis or Spotted deer) who also are reasonably reliable as alarms for tiger sighting. We have the Muntjac (Barking deer) who is so skittish that it sounds the alarm for almost anything. But Sambar call only if they see one of the big cats and so when you hear a Sambar calling, you can be sure that the tiger walks. If you follow the call, you can tell the direction of the tiger's travel. If it lies down, the Sambar will stop calling. Just listening to sounds in the forest is a delight. During the day, the Nilgiri Langur with the black faces, beautiful shiny grey fur and impossibly long tails who have one of their number as a permanent lookout are the sentinels. Everyone relies on them because their high vantage point gives them a distinct advantage.

> Sambar call only if they see one of the big cats and so when you hear a Sambar calling, you can be sure that the tiger walks. If you follow the call, you can tell the direction of the tiger's travel. If it lies down, the Sambar will stop calling. Just listening to sounds in the forest is a delight.

But at night, the Langur are among the first to go to the treetops where they spend the night, safely out of harm's way. Langurs are at the top of the leopard's dietary preference and so no wonder they prefer to be where the leopard is not subjected to any temptation. Despite that they fall prey because at night Langur are blind in the dark while for the leopard, it is like hunting in daylight. Leopards are totally at home in treetops, even taking prodigious leaps, seeming to fly from one branch to another and one tree to another. It is a dangerous world for all prey, everywhere. Listening and recognizing sounds is a critical survival skill that one must learn if one wants to survive in the forest.

The Sambar stopped calling. That means that the tiger has killed and is feeding or lying down. There is silence for a while. You watch the moon traveling its route, uninterested in the goings on of the world. Then, as you look at the deep shadows, you might see one of them move and come out into the open, illuminated by the moon. You see the shine of his black coat and his white socks. You hear the snort as the bull clears his nose. The Gaur have arrived. He sounds the all-clear, the cows and calves emerge and all of them move to the shallow pool to drink. There was not enough water for all of them to drink together so they remain there for as long as it takes for the pool to keep filling as they keep emptying it.

***To be continued....***

rajeshsharma1049@gmail.com



Uralikal Forest.



Sambhar scenting the air.



An Owl in flight





Jenny, Bertie and me with our trout catch (1986). Me and Sandy in Corbett, Jan, 2007.



Langur sentinel – ever alert – many lives depend on him.

#DINE OUT

# Of Legacy, History & Food

The newly opened Café Orleans in Narain Niwas is Kanota family's ode to General Amar Singh Kanota and the memorable days he spent as a captain of the British Army during the First World War in France.



Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*

The renowned heritage hotel of the Pink City, Narain Niwas was built in 1928 by General Amar Singh Kanota, an important figure in the Kanota family and the Commander-in-chief of the Jaipur Maharaja's army. General Kanota's legacy is etched in history as he was among the first batch of cadets to be inducted in the British Indian Army as officers in 1905. During his wait for deployment orders to the frontlines, he spent close to a month in Orleans, the picturesque French city renowned for its enchanting café culture. It was here that he found solace in the stimulating conversations with his fellow officers over a cup of coffee, while basking in the warm embrace of the French culture.

For General Kanota, food was more than just sustenance - it was a way of life. His love for culinary delights passed down through generations, and today his grandson, Thakur Man Singh Kanota, a noted food connoisseur himself, pays a tribute to his legacy with the addition of a new historical feature to Narain Niwas - Café Orleans, to mark the 80th year of his passing. The café is Kanota family's ode to General Kanota and the memorable days he spent as a captain of the British Army during the First World War in France.

### Captivating interiors

Located right across the reception of Narain Niwas, lies Café Orleans beckoning you with its historical charm. As you step inside the cafe, you are greeted with blue and gold intricately designed interiors. The neatly stacked books by the window, the aroma of freshly brewed coffee, and the view of lush greenery and peacocks outside through the large windows adds to the inviting atmosphere of the café. And if you are lucky, you can catch a glimpse of the peacocks spreading their plumage in all their glory.

Amidst an eclectic mix of captivating antiques and fascinating décor pieces, one feature that truly stands out is a wall brimming with history and marvel. This awe-inspiring wall boasts a striking collection of photographs that meticulously document the illustrious life of General Amar Singh Kanota, whose legacy is intricately woven into the tapestry of Narain Niwas. Each photograph is a poignant reminder of the General's extraordinary life.

Café Orleans also offers an outdoor seating area which is a haven for those seeking solace amidst nature's bounty. As the cafe opens during the early hours of the dawn, one can enjoy the cool morning breeze as the chirping of birds fills the air, And as the evening sun sets in the horizon, casting a golden glow over the verdant greenery, the deck transforms into a magical spot,

### A selective yet satiating menu

Despite having a smaller selection than other eateries in the hotel, the menu is meticulously crafted to appeal to both tourists and locals. If you are looking for something light and refreshing, the farm-fresh naked leaf fig salad or compressed watermelon feta cheese salad are excellent choices. If you need something more filling, the Kanota Panini with cottage cheese, tomato, hummus, and veggies or the European Panini with pesto, chicken, olives, jalapeno, and lettuce are perfect for a quick bite. The menu also includes soul-satisfying soups, like the ginger carrot soup and slow-roasted bone chicken soup, as well as filling wraps and burritos. Be sure to save room for dessert and indulge in homemade donuts or the orange and wild honey cake. To wash these down, there is a selection of freshly brewed coffee, tea, and refreshing shakes and juices on offer.

---

**Where:** Café Orleans, Hotel Narain Niwas, Narayan Singh Circle
**Timings:** 6 am to 10 pm



Mezze Platter.



General Amar Singh Kanota.



A wall in Cafe Orleans that showcases pictures of General Amar Singh Kanota.




The ambience of Cafe Orleans .




The outer seating area of Cafe Orleans.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# ग्रामीणों ने शव लेने से इंकार किया, निरवाणा सी.एच.सी. पर प्रदर्शन

## ईंट-भट्टे के ट्रैक्टर डम्पर की टक्कर महिला की मौत का मामला

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** घमंडिया निरवाणा मार्ग पर मंगलवार देर रात रात ईंट-भट्टे के ट्रैक्टर डम्पर की टक्कर महिला की मौत के मामले में ग्रामीणों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से इनकार कर दिया। गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने निरवाणा सीएचसी पर धरना-प्रदर्शन करते हुए मामले में ट्रैक्टर-डम्पर चालक पर केस दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की।

ग्रामीणों ने पुलिस के ढीले रवैये पर सवाल उठाए। बुधवार सुबह घमूड़वाली थाना के एएसआई रोहिताश कुमार निरवाणा सीएचसी में मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए लेने पहुंचे तो ग्रामीणों का आरोप लगाया कि देर रात को पुलिस को सूचना दी। जबकि पुलिस 10 घंटे से देरी से पहुंची। पुलिस पर घटना स्थल का तत्काल मौका निरीक्षण नहीं करने व प्रत्यक्षदर्शियों से बयान नहीं लेने पर रोष जताया। हादसे के जिम्मेदार ट्रैक्टर-डम्पर चालक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

इस पर एएसआई वापस चले गए। गुस्साए लोगों ने निरवाणा सीएचसी के सामने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरने की सूचना पर सूरतगढ़ पंचायत समिति प्रधान हजारीराम मील सीएचसी निरवाणा पहुंचे। उन्होंने शव का पोस्टमार्टम के लिए समझाइश की। लेकिन ग्रामीण पुलिस पर 10 घंटे देरी से पहुंचने का आरोप लगाते हुए ट्रैक्टर-डम्पर चालक की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। दोपहर 12 बजे घमूड़वाली थानाधिकारी हरबंस सिंह जाब्ते के साथ निरवाणा सीएचसी पहुंचे। प्रधान हजारी राम मील, निरवाणा सरपंच रामकुमार घोयल व थानाधिकारी ने मृतका के परिजनों व ग्रामीणों वार्ता की। थानाधिकारी ने वाहन चालक की गिरफ्तारी का भरोसा दिया।


■ **मामले में ट्रैक्टर-डम्पर चालक पर केस दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की**

उन्होंने बताया कि मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर डम्पर को अपने कब्जे में ले लिया है। घायल के बयानों पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। इस सहमति बनने के बाद पोस्टमार्टम के लिए शव घमूड़वाली पीएचसी ले जाया गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

मृतका के घायल पति सोना सिंह पुत्र नंद सिंह निवासी निरवाणा के बयान पर ट्रैक्टर डम्पर चालक के खिलाफ तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाकर टक्कर मारने के आरोप में केस दर्ज किया है। हादसे में सोना सिंह की पत्नी वीरपाल कौर (30) की मौत हो गई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व पूछताछ के बाद हादसे में टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर व डम्पर की पड़ताल कर उसे जब्त कर लिया। मृतका चार बच्चों की मां थी।

# विद्यालय की चारदीवारी निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

## गांव गोपालपुरा में ग्रामीणों ने रुकवाया निर्माण कार्य



**गांव गोपलपुरा में चल रहे विद्यालय की चारदीवारी निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाने को लेकर ग्रामीणों ने निर्माण कार्य बन्द करवाया।**

**टोडाभीम, (निसं)।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव गोपलपुरा में रमसा के द्वारा करवाये जा रहे नवीन विद्यालय भवन की चारदीवारी के निर्माण कार्य में लाखों रुपये खर्च करने के बावजूद भी ठेकेदार के द्वारा घटिया निर्माण कार्य करवाया जा रहा हैं। गोपालपुरा के ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार के द्वारा विद्यालय की चारदीवारी के निर्माण कार्य में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। जिसको लेकर आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा विद्यालय की चारदीवारी के कार्य को बन्द करवा दिया गया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि घटिया निर्माण कार्य अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहा हैं लेकिन अधिकारी सब जानते हुए आंखें मूंदे हुए हैं। ग्रामीणों के द्वारा चारदीवारी के निर्माण कार्य मे घटिया सामग्री के उपयोग की शिकायत रमसा के कनिष्ठ अभियंता से की गई लेकिन वे ग्रामीणों को संतोषजनक जवाब नही दे पाए।

रमसा के कनिष्ठ अभियंता बालकिशन गुप्ता ने बताया कि विद्यालय की चारदीवारी रमसा से करीब 8-10 लाख रुपये की लागत से करवाई जा रही हैं। गोपाल पुरा निवासी हरि मीना के द्वारा चारदीवारी निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि चारदीवारी की नींव करीब 3 फुट नीचे से खोदकर शुरू करनी थी, लेकिन ठेकेदार के द्वारा बिना नींव खोदे ही ऊपर से ही चारदीवारी का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा चारदीवारी का निर्माण कार्य बन्द करवा दिया गया हैं। गांव के ग्रामीणों के द्वारा कनिष्ठ अभियंता से निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग की गई है।

पीईईओ खेड़ी मोहनलाल मीना ने माना कि जितनी राशि चारदीवारी के लिए स्वीकृत की गई हैं ठेकेदार के द्वारा उसके अनुरूप निर्माण कार्य नही करवाया जा रहा हैं। निर्माण कार्य बन्द करवाने के दौरान हरिराम मीणा, गंगा सहाय मास्टर, प्रेमराज मीणा, बाल स्वरूप मीणा, मुरलीधर मीणा,श्रीमन मीणा,बुधराम,पीओ खेड़ी मोहनलाल मीणा, गोपाल पुरा विद्यालय प्रधानाध्यापक ऋषिकेश मीणा और शिक्षक हरकेश मीणा सहित दो दर्जन से अधिक लोग उपस्थित थे।

इस संबंध में रमसा के कनिष्ठ अभियंता बालकिशन गुप्ता का कहना है कि यदि ठेकेदार के द्वारा विद्यालय की चारदीवारी के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा हैं, तो मामले की जांच कर ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल विद्यालय की चारदीवारी का निर्माण कार्य बन्द करने के निर्देश ठेकेदार को दिए गए हैं।

## एस.आई. की हार्ट अटैक से मौत

**भरतपुर, (निस)।** थाना मथुरा गेट में उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत पूरन उम्र 57 वर्ष की साइलेंट हार्ट अटैक आने से गुरूवार को मौत हो गई। थाना मथुरा गेट पर ड्यूटी के दौरान कार्य करते समय उन्हें सीने में तकलीफ हुई थी उसके बाद साथी पुलिस कर्मियों ने जिला आरबीएम अस्पताल में लेकर पहुंचे। लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया। पिछले पांच दिनों पूर्व मथुरा गेट थाना पर लगे ईश्वरी प्रसाद उम्र 53 वर्ष को भी ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक आया था। उसे तत्काल जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां वे पांच दिनों तक आई सी यू में भर्ती रहे थे गुरूवार को ही उन्हें चिकित्सकों ने छुट्टी दी हैं।

# गुजरात जा रही 20 लाख की शराब पकड़ी, ट्रक चालक गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान पंजाब से गुजरात ले जाई जा रही करीब 20 लाख रूपए की शराब बरामद कर ट्रक जब्त किया। मौके पर बाड़मेर निवासी ट्रक चालक रावताराम पुत्र दुल्लाराम निवासी बींजासर चौहटन, बाड़मेर को गिरफ्तार कर ट्रक जब्त कर लिया। ट्रक चालक सहित शराब तस्करी में शामिल तीन लोगों को नामजद किया है। ट्रक में 466 कार्टन में 3960 बोतल व 6528 पव्वे शराब बरामद की गई।

जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी रघुवीर सिंह बीका अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इस बीच अबोहर हनुमानगढ़ स्टेट हाईवे पर पतली चैकपोस्ट के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। पंजाब की ओर आये ट्रक के अगले हिस्से में दो तरह के नंबर लिखे हुए थे। इनमें एक नंबर प्लेट थी, जबकि एक साइड में अलग से नंबर भी अंकित थे। दो अलग-अलग नंबर देखकर पुलिस को संदेह हुआ। ट्रक रोकने के साथ ही चालक ने फरार होने का प्रयास किया। इस बीच पुलिस कर्मियों ने ट्रक पर लगी त्रिपाल को उठाकर देखा तो उसमें भारी मात्रा में शराब के कार्टन भरे हुए थे।

पूछताछ में चालक रावताराम ने बताया कि उसके पास प्रहलाद नाम के व्यक्ति का फोन आया था। उसने ट्रक ले जाने को कहा था। उसके बाद हीर सिंह नाम के व्यक्ति का फोन आया कि सीतो गुनों के पंप शराब से भरा ट्रक खड़ा है। हीरसिंह ने शराब से भरा ट्रक लाने को कहा। गुजरात में आगे जहां भेजना है इसकी जानकारी वाट्स-एप ऑडियो कॉल पर देने की बात कही थी। पुलिस ने रावताराम से पूछताछ के आधार पर प्रहलाद सहारण व हीरसिंह पर मुकदमा दर्ज किया है। जांच हिंदुमलकोट थाना प्रभारी बलवंत राम को सौंपी है। नाकाबंदी के दौरान टीम में प्रभारी छैल सिंह, करतारसिंह, सुरेंद्र, आशीष कुमार, प्रताप सिंह, बलजिंद्रसिंह, राजेंद्र कुमार व सुभाष आदि शामिल थे।

## केयर टेकर ने फांसी लगा जान दी

**हनुमानगढ़, (कासं)।** जंक्शन की विनय वाटिका के पास स्थित मकान में बुजुर्ग की देखभाल करने के लिए रखे केयर टेकर ने फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया। केयर टेकर का शव उसी बुजुर्ग के कमरे में फंदे पर झूलता मिला, जिस बुजुर्ग की देखभाल करने के लिए उसे रखा गया था। फिलहाल सुसाइड के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। जंक्शन पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

सीआई अरूण चौधरी ने बताया कि बलविन्द्र सिंह अरोड़ा (60) पुत्र सोहनलाल अरोड़ा निवासी सौ फुटी सुरेशिया पिछले कुछ समय से विनय वाटिका के पास स्थित एक घर में रहने वाले परिवार के करीब सौ वर्षीय बुजुर्ग की देखभाल करता था।

# 20 कछुए व पैंथर के नाखून बरामद, चार गिरफ्तार

## दिल्ली वाइल्ड लाइफ व उदयपुर वन विभाग टीम ने दी दबिश

**उदयपुर, (कासं)।** दिल्ली क्राईम ब्यूरो एवं उदयपुर शहर वन विभाग की टीम ने उदियापोल बस स्टेण्ड सहित चार स्थानों पर दबिश देकर कछुए एवं पैंथर या टाइगर के नाखून बरामद कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। देर रात तक एक स्थान पर दबिश जारी है।

प्राप्त जानकारी केअनुसार 6 अप्रेल को मोबाईल पर मिली सूचना के आधार पर दिल्ली क्राईम ब्यूरो के निरीक्षक स्वयं ग्राहक बन कर उदयपुर पहुंच कर वन विभाग की टीम को सूचना दी। इस पर सहायक वन सरंक्षक उदयपुर उत्तर नरपतसिंह के निर्देशन में टीम गठन कर क्षैत्रिय वन अधिकारी जितेन्द्रसिंह एवं सभी नको का स्टाफ की अलग अलग टीमे तैयार कर उदियापोल बस स्टेण्ड पहुंची। जहां से महिपाल रावत को हिरासत में लिया जिसके पास से करीब 20 कछुए बरामद किये। व्यापार में लिप्त देबारी निवासी पवन प्रजापत पुत्र प्रकाश चन्द्र को हिरासत में लिया गया। इसके साथ ही पेंथर के दांत की बीक्री करने में महेन्द्र शर्मा पुत्र पन्नालाल शर्मा निवासी नाथद्वारा , पिपरडा राजसमन्द निवसी राजेन्द्रसिंह राणा को गिरफ्तार किया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। वन विभाग ने वन्य जीव अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू की।

गुरूवार को दिल्ली वाईल्ड लाईफ के निरीक्षक देवेन्द्रसिं, हेडकांस्टेबल आशुतोष पाण्डे, उदयपुर सहायक वन संरक्षक नरपतसिंह के नेतृत्व में क्षैत्रिय वन अधिकारी विजेन्द्रसिंह व वन कर्मी रघुनाथ सालवी, मांगीलाल, सुधीर, भेरूलाल गायरी, जीवन सिंह, अजितसिंह, रणजीतसिंह प्रहलादसिंह, भावना राजेश्वरी मय टीम ने गुरूवार को उदियापोल बस स्टेण्ड पर कार्यवाही करने के बाद मिले साक्ष्यों के आधार पर उदियापोल बस स्टेण्ड, नगर निगम के समीप,राजसमन्द पीपरडा में कार्यवाही कर महिपाल रावत, पवन प्रजापत, महेन्द्र तथा महेन्द्र शर्मा गिरफ्तार किया। जिनसे की गई पूछताछ के आधार पर मामले में दिल्ली वाईल्ड लाईफ एवं स्थानीय वन विभाग की टीम शहर के उदियापोल कालाजी गोराजी क्षैत्र में सर्च अभियान में लगी है।

## आठ गिरफ्तार

**सुजानगढ़, (निसं)।** गत दिवस दिनदहाड़े सब्जी मंडी के पास कार में सवार व्यक्तियों पर हमले का विडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आठ जनों को गिरफ्तार किया है। सीआई मुकुट बिहारी मीणा ने बताया कि सब्जी मंडी के पास मारपीट के वायरल विडियो की असलियत का पता कर अब्दुल रहमान उर्फ पैंथर पुत्र मो. सलीम लीलगर निवासी ड्रीमलाईट सिनेमा हॉल के पास, सुजानगढ़, अंकित स्वामी पुत्र डूंगरमल स्वामी निवासी आबसर, आसिफ खान पुत्र राज खान निवासी नूर नगर, सुजानगढ़, अब्दुल रहमान उर्फ अनाडी पुत्र अजीमुद्दीन लीलगर निवासी धिंगाणियां बास, सुजानगढ़, मनोज पुत्र गिरधारीलाल जाट निवासी पारेवडा, शिवराज उर्फ कालू पुत्र सोहनसिंह राजपूत निवासी वार्ड नं. 17, सांखला बास, सुजानगढ़, मदनलाल पुत्र विनोद जाट निवासी वार्ड नं. 4 सुजानगढ़ तथा विक्रम पुत्र जगदीश जाट निवासी वार्ड नं. 4 सुजानगढ़ को गिरफ्तार किया गया है।

■ **गाड़ी पर हमला करने का मामला**

पुलिस ने बदमाशों से सॉरी मांगने का वीडियो भी जारी किया है। ज्ञात रहे कि बुधवार को सब्जी मंडी के पास एक कार पर कुछ युवकों द्वारा लाठियों से हमला करने का विडियो वायरल हुआ था। जिसकी पूरे शहर में चर्चा रही थी। इस मामले में पीड़ित द्वारा पुलिस थाने में मुकदमा नहीं दर्ज करवाया गया। जिस पर पुलिस ने हमलावरों की पहचान कर उन्हे शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है।

# मोबाईल एप का स्टाम्प विक्रेताओं ने किया विरोध

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** गंगापुर सहित आसपास के क्षेत्र के स्टांप विक्रेताओं ने मोबाइल ऐप के जरिए स्टांप बेचने के राज्य सरकार द्वारा लागू किए गए पायलट प्रोजेक्ट का विरोध किया है। सभी स्टांप विक्रेताओं ने गुरुवार को मिनी सचिवालय में नारेबाजी कर योजना का विरोध किया। साथ ही मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन देकर सरकार द्वारा लागू की गई मोबाइल ऐप की प्रणाली को बंद कर एक ही प्रणाली ऑफलाइन रजिस्टर से स्टांप विक्रय करवाने के आदेश जारी करने की मांग की। गंगापुर में सभी स्टांप वेंडर्स मिनी सचिवालय पहुंचे और मोबाइल ऐप के जरिए स्टांप बेचने की राज्य सरकार की पायलट प्रोजेक्ट योजना का विरोध करते हुए नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। स्टांप वेंडरों का कहना था कि पूरे प्रदेश में करीब 20 हजार फिजिकल स्टांप विक्रेता कार्य करते हैं।

इन पर करीब 1 लाख लोगों के भरण पोषण, शिक्षा और सुरक्षा की जिम्मेदारी है। सभी स्टांप विक्रेता गरीब और अशिक्षित परिवारों से संबंध रखते हैं और अपने स्टांप विक्रेता के कार्य से ही परिवार के लिए रोजी-रोटी का जुगाड कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्टांप विक्रेता के पास स्मार्टफोन नहीं है। यदि किसी के पास स्मार्टफोन है भी तो वह नेटवर्किंग जॉब से जुडे हुए नहीं हैं। इतना ही नहीं बहुत से स्टांप वेंडर बुजुर्ग और विकलांग हैं, जिन्हें ऑनलाइन नेटवर्किंग नहीं आती है। ऐसी स्थिति में कई स्टांप विक्रेताओं द्वारा पायलट योजना के तहत मोबाइल ऐप के माध्यम से इस जटिल प्रक्रिया का प्रयोग कर स्टांप विक्रेता करना संभव नहीं है।

## दुष्कर्म के फरार आरोपी को जेल

**अनूपगढ़, (कासं)।** नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में पांच महीनों से फरार चल रहे आरोपी को अनूपगढ़ थाना अधिकारी फूलचंद शर्मा और उनकी टीम ने गिरफ्तार कर पोक्सो न्यायालय में पेश किया। पोक्सो कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

गौरतलब है कि अनूपगढ़ पुलिस थाने में 15 नवम्बर 2022 को पीडित बालिका के परिजनों के द्वारा आरोपी विष्णु राम के खिलाफ नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने का और दुराचार करने का मामला दर्ज करवाया था। पुलिस ने मामला दर्ज होने के एक हफ्ते में ही नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर लिया था मगर आरोपी फरार चल रहा था। थानाधिकारी फूलचंद शर्मा ने बताया कि क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की के परिजनों ने मामला दर्ज करवाया था।

# जंगली जानवर ने पालतू जानवरों को शिकार बनाया

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के निकटवर्ती गांव मोडावासी में बुधवार रात्रि को अनेकों घरों में किसी अज्ञात जानवर ने घरों में बंधे पालतू जानवरों पर हमला करने का मामला सामने आया है। वहीं अज्ञात जानवर की हमले के कारण अनेक पालतू जानवर घायल हो गए तथा दो बकरी और एक गाय की मौत होना बताया जा रहा है। वहीं घटना के बाद समुचे गाँव सहित आसपास के गाँवों में सनसनी फैल गई।

ग्रामीणों ने बताया कि किसी भी ग्रामीण ने अज्ञात जानवर को देखा नहीं है, लेकिन संभवत भेडिया हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि अज्ञात जानवर ने अनेक घरों में बंधे पशुओं को अपना शिकार बनाया है जिसके कारण एक गाय और दो बकरियों की मौत हो गई तथा दर्जनों पशु गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि घटना को लेकर लोगों में भय का माहौल है क्योंकि जिस जानवर ने हमला किया है वह खतरनाक हो सकता है। वहीं अज्ञात हिंसक जानवर ने अलग-अलग घरों में बंधे पशुओं को अपना शिकार बनाया है।

ग्रामीणों में प्रशासन से माँग की है कि शीघ्र ही अज्ञात हिंसक जानवर की पहचान कर ग्रामीणों की सुरक्षा करने की जावे। वहीं ग्रामीण रमजान खान ने बताया कि सूचना के बाद पशु चिकित्सक एवं पुलिस टीम भी मौके पर पहुंचे हैं तथा घटना का मौका निरीक्षण किया एवं पशुओं का उपचार शुरू करने के साथ-साथ मृतक पशुओं का पोस्टमार्टम करने की कार्रवाई की गई है।

# हिंडौन को जिला बनाने की मांग को लेकर धरना शुरू

## सरकार की सद्बुद्धि के लिए हनुमान चालीसा पाठ किया

**हिण्डौन सिटी, (कासं)।** हिंडौन को जिला बनाने की मांग को लेकर गुरुवार को एसडीएम ऑफिस के बाहर धरना शुरू किया। धरने के दौरान राज्य सरकार को सद्बुद्धि दिलाने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। धरने पर बैठे लोगों का कहना है कि हिंडौन बड़े औद्योगिक क्षेत्र के रूप में देश में एक अपनीविशेष पहचान बना चुका है। यहां के औद्योगिक इकाइयों से निर्मित उत्पादों की देश के कई बड़े शहरों तक भेजे जाने की व्यवस्था है। यहां का पत्थर व्यवसाय और कुशल कारीगरों के द्वारा निर्मित किए गए पत्थर विदेशों तक भेजे जा चुके हैं। उनकी मांग भी दिनों दिन बढ़ती जा रही है।

इसी के साथ यहां रेल मार्ग से जुड़ा हुआ बड़ा कंटेनर डिपो भी है। दौसा, भरतपुर जिले से जुड़े कई गांव के किसान यहां की कृषि उपज मंडी में फसलों की बिक्री के लिए पहुंचते हैं। जिनके आवागमन के लिए सुविधाजनक मार्ग है। हिंडौन उपखंड के श्रीमहावीरजी में जैन समाज की आस्था का एक बड़ा प्रमुख केंद्र भी है। जहां देशभर से लोग दर्शनों के लिए आते हैं। राज्य और केंद्र सरकार को जीएसटी के रूप में बड़ा राजस्व आय देने वाला हिंडौन सरकार की उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। वक्ताओं ने हिंडौन को जिला नहीं बनाए जाने तक आंदोलन जारी रखने की बात कहीं।

उनका कहना है कि राज्य सरकार द्वारा हाल ही में 19 नए जिलों की घोषणा की है। जिनमें कई नए जिले की जनसंख्या, क्षेत्रफल और औद्योगिक इकाईयों की तुलना में हिंडौन काफी आगे है। इसके बावजूद हिंडौन की अनदेखी की गई। धरना में वीरसिंह जाटव बनकी, भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री पप्पू सिंह, भाजपा के एसटी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जगदीश मीणा, आराम सिंह, मनोज तिवारी, परशुराम सोलंकी, नरेंद्र तोमर, लोकेश कोटवास, हरिओम घासीपुरा, दाऊद अली, सुरेंद्र सिंह, पूर्व पार्षद तारा गुर्जर सहित कई लोग शामिल हुए।

# अजीजपुर आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में लगे गंदगी के ढेर

## गंदगी से नौनिहालों के बीमार होने की आशंका

**टोडाभीम, (निसं)।** ग्राम पंचायत अजीजपुर में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर में घासफूस व कूड़े-कचरे का ढेर लगा हुआ है, जो नौनिहाल को बीमार कर सकता है। इसके बाद भी जिम्मेदार परिसर में उगी घासफूस व फैली गंदगी को साफ कराने पर ध्यान नहीं दे रहा है। केंद्र परिसर एवं आसपास गंदगी का ढेर लगा हुआ है। आंगनबाड़ी केंद्र पर आने वाले गांव के 3 से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चे केंद्र पहुंच रहे हैं।

राज्य सरकार एक तरफ आंगनबाड़ी पर आने वाले बच्चों को पोष्टिक आहार के अलावा खेलकूद का माहौल प्रदान करने का प्रयास कर रही है। ताकि बच्चों को केन्द्रों में बच्चों का बौद्धिक विकास के साथ बेहतर माहौल मिल सके, लेकिन केन्द्र के परिसर एवं उसके आसपास फैली गंदगी राज्य सरकार के प्रयासों पर पानी फेर रहा है। आंगनबाड़ी के सामने गंदगी फैलने के





**ग्राम पंचायत अजीजपुर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में उगी घास-फूस व लगे गंदगी के ढेर।**

कारण नौनिहाल बच्चों में बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीण इलाकों के गली, मोहल्ले, सड़क किनारे, हैंडपंप व आंगनबाड़ी केन्द्रों के आसपास गंदगी पसरी हुई है।

प्रकाशी मीना कार्यवाहक सीडीपीओ महिला एवं बल विकास विभाग टोडाभीम का कहना है कि अजीजपुर आंगनवाड़ी केंद्र का मामला मेरी जानकारी में नही हैं मंगलवार तक इसको दिखवाकर केंद्र परिसर की साफ-सफाई का कार्य करवाया जावेगा।

## शादी कराने वाली दलाल गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** रूपये लेकर शादी धोखे से पीडित के साथ शादी कराने वाली दलाल को सायरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 3 अप्रेल को पीडित ताराशंकर पुत्र खुमाणीलाल निवासी पानेरियों की भागल सायरा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि ममता पालीवाल निवासी लौधाघाटी ने मुझे शादी कराने के लिए लडकी बताई तथा तीन लाख 35 हजार रूपये की मांग की। इस पर रूपये देने के बाद 24 फरवरी को शादी करवा लिखा पढ़ी करवा दी।

पांच मार्च को मेरी पत्नी उसके पीहर नाथद्वारा गई तथा 19 को लौटी तथा मेरे घर से मेरी मां के जेवरात व अन्य जेवरात तथा शादी में चढाए जेवरात लेकर चली गई। इस संबंध में पूछताछ करने पर धमकी देती हैं। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर दलाल अन्जु उर्पु प्रकाश सोनार्थी ने शादीशुदा होने की जानकारी दी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर सायरा थानाधिकारी नाथूसिंह मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर प्रमीला उर्फ ममला पालीवाल पत्नी भेरूलाल पालीवाल पुत्री विष्णु पालीवाल निवासी लोधाघाटी नाथद्वारा को गिरफ्तार किया।

# सोम-जाखम नदी पर 26 करोड़ से बनने वाले एनीकट का शिलान्यास

**डूंगरपुर, (निसं)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ.सी.पी.जोशी, जल संसाधन मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया, कृषि राज्य मंत्री लालचंद कटारिया, खेल तथा सूचना एवं जनसम्पर्क राज्य मंत्री अशोक चांदना, राजस्थान क्रिकेट संघ के अध्यक्ष वैभव गहलोत और आसपुर विधायक गोपीचंद मीणा ने गुरुवार को बेणेश्वर धाम से 1 किमी दूरी पर एनिकट के भूमिपूजन व शिलान्यास समारोह में शिरकत की। बेणेश्वर धाम पीठाधीश्वर अच्युतानंद महाराज के सानिध्य में मंत्रोच्चारण के बीच सोम-जाखम नदी पर लगभग 26 करोड़ से बनने वाले एनिकट का शिलान्यास हुआ, तो ग्रामीणों की बरसों पुरानी मुराद पूरी होती दिखी।

मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ.सी.पी.जोशी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि संविधान में लोकसभा और विधानसभा को अलग-अलग विकास कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि मैं 1980 में एमएलए बन गया था। गांवों में जाते थे तो देखते थे कि पानी की समस्या है। आजादी के बाद पहली बार इतना बडा बजट इस आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए आया है। 2 लाख-4 लाख में एनिकट बनते थे, लेकिन 26 करोड की लागत से यह एनिकट बनने जा रहा है। मैं समझता हूं कि आजादी के बाद यह पहला एनिकट होगा, जिसका स्वरूप इतना भव्य होगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी.जोशी ने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में महिला शिक्षा की स्थिति में सुधार पर जोर देते हुए उपस्थित जनसमूह और जनप्रतिनिधियों से आव्हान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जाकर अभिभावकों को समझाएं कि बेटियों को पढ़ाना बहुत जरूरी है। कम से कम 10 वीं पास होने के बाद ही बेटी की शादी का विचार करें। खेल तथा सूचना एवं जनसम्पर्क राज्य मंत्री अशोक चांदना ने एनिकट की भव्यता और इसकी लागत को देखते हुए इसे एनीकट नहीं मिनी डेम की संज्ञा देते हुए कहा कि 26 करोड की लागत से बनने वाला यह एनीकट नहीं, मिनी डेम है। जब इस मिनी डेम में पानी रूकेगा, तो आसपास के गांवों में रहने वाले किसानों और ग्रामीणों का जीवन खुशहाल हो जाएगा। हरियाली और खुशहाली तो पानी से है।

■ **अभिभावकों को समझाएं कि बेटियों को पढ़ाना बहुत जरूरी है : जोशी**

जल संसाधन मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीयां ने कहा कि बरसों पुरानी यह नदी बहकर समुद्र में जा रही थी। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी का आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने यहां एनिकट बनाने के लिए बजट दिया। राजस्थान क्रिकेट संघ के अध्यक्ष श्री वैभव गहलोत, आसपुर विधायक गोपीचंद मीणा ने कार्यक्रम को संबोकधित किया। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी जोशी, कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, जल संसाधन मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया, खेल तथा सूचना एवं जनसम्पर्क राज्य मंत्री अशोक चांदना, आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत का स्वागत किया गया।

## संक्षिप्त

### फुल बंगला झांकी सजाई

**मालपुरा** (निस)हनुमान जयंति के पावन पर्व पर मालपुरा शहर सहित उपखण्ड क्षैत्र के हनुमान मंदिरो मे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। शहर के घाणा के बालाजी मंदिर मे 1121 दीपको से पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी के आतिथ्य मे फुल बंगल झांकी व महाआरती के साथ-साथ भंडारे मे पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया। बारादरी बालाजी मंदिर मे सामुहिक सुन्दरकाण्ड व महिला सत्संग का आयोजन हुआ। विप्र कल्याण बोर्ड चैयरमेन व राज्यमंत्री महेश शर्मा ने जयसिंहपुरा हनुति हनुमान मंदिर मे विशेष पूजा अर्चना कर प्रदेश मे खुशहाली की कामना की गई। हनुमान जंयति व पूर्णिमा के पावन संयोग पर डिग्गी मे आस्था का सैलाब उमडा । लम्बी कतारो मे लग भक्तो ने कल्याणजी के दर्शन किये। थानेश्वर महादेव मंदिर मे सामुहिक सुन्दकाण्ड के पाठ हुए। तो घर-घर हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई।

### बजरी मामले में तीन गिरफ्तार

**टोंक,** (नि.स.)। जिले में पुलिस विभिन्न थाना क्षेत्रो में बजरी व पत्थर के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार पीपलू थाना पुलिस ने चेजा पत्थर का खनन व चोरी कर बिना रवन्ना के पत्थर भरकर परिवहन करने पर डम्पर चालक पप्पूलाल गुर्जर पुत्र जयकिशन गुर्जर निवासी चुराडा थाना दतवास को गिरफ्तार कर डम्पर को जब्त किया। बरोनी पुलिस ने अवैध चेजा पत्थर परिवहन करने के मामले में फरार आरोपी सीताराम जाट पुत्र गोविंद नारायण जाट निवासी किवाडा थाना बरोनी को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार निवाई थाना सदर पुलिस ने अवैध रुप से बजरी परिवहन में वांछित आरोपी हनुमान प्रसाद बुनकर पुत्र रतन लाल बुनकर निवासी रैगरो का मौहल्ला, डिडावता माधोराजपुरा जिला जयपुर को गिरफ्तार किया।

### युवक को चाकू मारा

**टोंक,** (नि.स.)। शहर के पुरानी टोंक थाना क्षेत्र में हाऊसिंग बोर्ड क्षेत्र में आपसी विवाद के चलते एक युवक को चाकू मार कर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को 10.30० बजे करीब हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 3 में नदीम व कादिर के बीच आपसी विवाद के चलते कहासूनी कदिर ने नदीम पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया, जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया। सूचना पर पुरानी टोंक प्रभारी उदयवीर सिंह और सीओ सलेह मोहम्मद टोंक मौके पर पहुंचे और आरोपी तत्काल हिरासत में ले दिया।

# सामाजिक न्याय मंत्री ने किया कोचिंग योजना के नवीन पोर्टल का शुभारंभ

**अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली द्वारा आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शैक्षिणक वर्ष 2023-24 हेतु मुख्य मंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के नवीन पोर्टल का वर्चुअल शुभारंभ किया गया।

मंत्री जूली ने कहा कि गत वर्ष इस योजना में 15 हजार अभ्यर्थी शामिल थे जिसे राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष बढ़ाकर 30 हजार कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों की समय पर कोचिंग हो

- **इस बार दो चरणों में आवेदन प्राप्त कर मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी।**

सके इसके लिए इस बार दो चरणों में आवेदन प्राप्त कर मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। इससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों का समय पर प्रवेश हो सकेगा।

उन्होंने बताया कि पहले चरण में कोचिंग करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 6 अप्रेल से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवदेन की अंतिम तिथि 20 अप्रेल निर्धारित है। उसके बाद मेरिट लिस्ट निकाली जाकर कोचिंग संस्थाओं में प्रवेश दिया जाएगा। दूसरे चरण में पहली मेरिट लिस्ट निकलने के बाद माह मई-जून में आवेदन लिए जा कर दूसरी मेरिट लिस्ट जुलाई माह में जारी की जाएगी।

उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत 12 पाठ्यक्रमों को सम्मिलित किया गया है जिसके लिए 30 हजार सीटों का श्रेणीवार वर्गीकरण किया है। इन सीटों में यूपीएससी की 600, आरएएस की 1500, सब इंसपेक्टर या लेवल-10 के उपर की भर्तियां 2400, रीट 4500, लेवल 5 से लेवल 10 तक की भर्तियां 3600, कांस्टेबल भर्ती 2400, मेडिकल व इंजीनियरिंग की 12000, क्लैट व अन्य 3000 सहित कुल 30 हजार सीट सम्मिलित है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव, डॉ समित शर्मा ने बताया कि योजना अंतर्गत अभ्यर्थी 20 अप्रेल 2023 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। शासन सचिव ने बताया कि नवीन पोर्टल पर अब समस्त दस्तावेजों का यथासंभव वैब से सत्यापन होगा। इससे समय की बचत के साथ-साथ त्रुटिपूर्ण दस्तावेज अपलोड होने की संभावना नही है।

उन्होंने कहा कि सूचना तकनीक का प्रयोग करते हुए अब प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया है। अब आवेदन पत्रों का यथासंभव स्वतः अनुमोदन होता है जिससे मानवीय श्रम एवं समय की बचत होती है। आवेदन पत्रों के स्वतः अनुमोदन होने से आवेदन की अंतिम तिथि के तत्काल पश्चात वरीयता सूची जारी कर दी जाएगी।



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली द्वारा आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शैक्षिणक वर्ष 2023-24 हेतु मुख्य मंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के नवीन पोर्टल का वर्चुअल शुभारंभ किया

### हनुमान ध्वजयात्रा को जूली ने दिखाई हरी झंडी

**अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता एवं कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि मेले व उत्सवों से भाईचारा बढ़ता है। मंत्री जूली गुरूवार को हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित श्री हनुमान सेवा मंडल बगीची वाले हनुमान जी महाराज की शोभायात्रा को केडलगंज से ध्वज दिखाकर रवाना कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि केडलगंज से प्रारम्भ हुई ध्वज व शोभायात्रा से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। 501 से अधिक हनुमान भक्त हाथ में ध्वज थामे अकबरपुर बगीची वाले हनुमान जी के लिए रवाना हुए। केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली अलवर ठाामीण विधानसभा क्षेत्र के ढहलावास, गरवाजी में श्री हनुमान मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा में पूजा अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि पूरे देश में हनुमान जन्मोत्सव का यह विशेष दिन उत्सव की तरह मनाया जाता है। गरवाजी में मंत्री जूली ने साधु-संतों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। हनुमान जयंती के अवसर पर जिले भर में हनुमान मंदिरों में रामनाम का उदघोष चलता रहा हनुमान भक्तों ने अनेकों जगहो पर ध्वजयात्रा कर भण्डारों का आयोजन किया बाला किला स्थित चक्रधारी हनुमान मंदिर में विशाल ध्वज यात्रा का आयोजन किया गया वहीं पहाडों पर विराजमान छटंकी वाले हनुमान मंदिर के लिए भक्तो ने विशाल ध्वज यात्रा का आयोजन किया ।

## सार-समाचार

### पौधे चट कर गई नीलगाय



भोजन पानी की तलाश में भटकती नीलगाय।

**सांभरझील।** आसपास के जंगलों से भोजन पानी की तलाश में नील गायों का झुंड अब शहर में आसानी से देखा जा सकता है। तेजी से खत्म होते जंगल की वजह से इनके जीवन पर भी अब गहरा संकट हो गया है। नील गायों का झुंड संध्याकाल के पश्चात आसपास के खेतों में जाकर फसल चट कर जाती है, किसानों को अपनी फसल बचाने के लिए देखरेख करनी पड़ती है। बुधवार की शाम को नील गायों का झुंड गौरव पथ स्थित ठाम न्यायालय में देखा गया, जहां पर लगे पौधे खा गई।

### यातायात दुरुस्त करने की कवायद

**पावटा** । राष्ट्रीय राजमार्ग 48 सर्विस रोड सहित कस्बे के मुय मार्गो पर प्रतिदिन लगने वाले जाम से परेशान नागरिकों को निजात दिलाने के उद्देश्य से यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए प्रागपुरा थाना प्रभारी सवाई सिंह के नेतृत्व में थाना पुलिस अब सत होती नजर आ रही हैं। चौराहे पर सडक के दोनों तरफ बनी सर्विस लाइनों पर खडे होकर रास्ता अवरुद्ध करने वाले अतिक्रमियों व सडक पर अतिक्रमण कर सडक को बाधित करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध अब प्रागपुरा थाना पुलिस सत मूड में आ गई है। प्रागपुरा थाना प्रभारी सवाई सिंह ने दोपहर बाद पावटा कस्बे की सर्विस लाइनों व मुय मार्गो पर अतिक्रमियों के विरुद्ध सत कार्यवाही करते हुए हटाने का काम प्रारंभ कर दिया है। थाने पर सीएल जी की बैठक मे सदस्यों द्वारा आग्रह किया गया था कि सडक, सर्विस लाइन, मुय मार्गो पर आए दिन लगने वाले जाम से नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। जिसके कारण प्रतिदिन जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। जिसके चलते आवागमन करने वाले नागरिकों को भारी परेशानी से गुजरना पडता है। वही ग्रामीणों ने प्रागपुरा थाना प्रभारी सवाई सिंह के इस कार्य को सराहनीय बताया।

### भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

**निवाई** । गांव करेडा बुजुर्ग में अरनिया मण्डल ने भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाएंगे। जिला महामंत्री व मण्डल प्रभारी विष्णु शर्मा ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अपने खून पसीने से सींचकर भाजपा को विशाल वटवृक्ष बनाने वाले सभी महापुरुषों को नमन करता हूं। राष्ट्रवादी विचारधारा, अंत्योदय के सिद्धांत व मोदीजी के नेतृत्व में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भाजपा निरंतर प्रयासरत है। मण्डल अध्यक्ष देवराज गुर्जर ने कहा कि राष्ट्र सेवा के संकल्प को समर्पित भारतीय जनता पार्टी रूपी छोटे से पौधे को अपने अमूल्य त्याग एवं कठोर परिश्रम से विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल जैसा वटवृक्ष बनाने वाले सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई दी।

### कमल संकल्प उत्सव मनाया

**नरैना**(निस) । गुरूवार को कस्बे मे भारतीय जनता पार्टी के 44 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा मंडल अध्यक्ष नटवर पारीक की अध्यक्षता में नरेना भाजपा मंडल के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता ताराचंद कुमावत के निवास स्थान पर भाजपा झंडारोहण के साथ कमल संकल्प उत्सव को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया साथ ही सभी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन ऑनलाईन सुना।इस दौरान पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश सोढाणी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राम प्रकाश शर्मा,सहकारी समिति अध्यक्ष हृदय सुमन पारीक,पूर्व मंडल अध्यक्ष रतन जी गंगवाल,कांतिचंद्र लुहाड़िया, विजयदान सिंह मंडपी ,लालचंद शर्मा, मंडल कोषाध्यक्ष सुनील दाधीच,भंवर सैनी,रवि कुमावत,भगवती नारायण भटनागर,पार्षद विजय माचिवाल,युवा मोर्चा अध्यक्ष बलवीर गुर्जर सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजुद रहे।

### यज्ञ मंडप का मिट्टी से लेपन

**मनोहरपुर** । खोरी में श्री रामरिछपाल दास जी महाराज के सानिध्य में खोरी परमानंद धाम श्री हरिओम दास जी महाराज द्वारा 9 अप्रेल से आयोजित होने जा रहे श्रीसीताराम महायज्ञ की तैयारियाँ जोरों पर चल रही हैं,इसके लिए महिलाओं ने यज्ञ मंडप के आंगन का मिट्टी से लेपन किया हैं । इस अवसर पर कंचन, अंजू, संतोष, ममता, हंसा, इंदिरा, नन्छी, मीरा, मंगली, किरण, छीमकी, हंसा, शशी यादव, फूली यादव, लक्ष्मी, संती समेत दर्जनों महिलाएं लगी है आंगन लेपन में ।उल्लेखनीय हैं कि 9 अप्रेल को सुबह 08:15 बजे परमानंद गौशाला से हाथी घोडो शाही लवाजमें के साथ 5 हजार से अधिक महिलाओं के साथ कलश यात्रा निकाली जायेगी। जिसमें शाहपुरा ही नहीं बल्कि चारों तरफ के श्रृद्धालु शिरकत करेंग। सभी यजमानों को 8 अप्रेल को सांयकाल ही यज्ञ स्थल पहुंचना अनिवार्य है।

### सालोदिया बने प्रदेश सचिव

**टोंक** (नि.स.)। अखिल भारतीय रैगर महासभा के प्रदेश सचिव पद पर धर्मेन्द्र सालोदिया को मनोनीत किया है। ज्ञातव्य रहे कि अखिल भारतीय रैगर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.एल.नवल सेवानिवृत्त आईएएस की अभिशंषा पर प्रदेश अध्यक्ष कजोडमल मुडोतिया ने धर्मेन्द्र सालोदया को प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किया है। इससे पूर्व सालोदिया ने लम्बे समय तक टोंक जिलाध्यक्ष पद पर रहकर भी रैगर समाज को सेवायें प्रदान की। इस मौके पर सालोदियों को समाज के व अन्य गणमान्य लोगों ने बधाई देकर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अ.व.शहजाद, कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष अब्दुल खालिक खान, शकील अहमद प्रदेश प्रवक्ता राशन डीलर एसोसिएशन, सुभाष कुमार मिश्रा जिला महासचिव कांग्रेस सेवादल, राहुल राजवंशी पत्रकार, बृजमोहन गुप्ता, तुलसीराम चावला विशिष्ठ लोक अभियोजक आदि ने बधाई दी।

### मेले में श्रदालुओं ने चढ़ाई ध्वजा

**नारायणपुर,** (निसं)। कस्बा स्थित चौगान मंदिर वाले बाल हनुमानजी महाराज का मेला गुरुवार को मंदिर महंत तुलसीदास महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ । मेले के दौरान सुबह पुरुषोत्तमदास आश्रम से मुख्य बाजार होते हुए चौगान मंदिर तक राम दरबार के साथ शोभायात्रा निकाली गई । 101 श्रदालुओं ने डीजे पर नाचते-गाते हुए बाल हनुमानजी महाराज के ध्वजा चढाई, दोपहर से भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमे कस्बे सहित आसपास क्षेत्र के ठाामीणों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। कलाकार छोटे लाल शास्त्री द्वारा दोपहर से नेहडा कार्यक्रम आयोजित किया गया । शाम को आरती के साथ आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया । इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे ।

### कांग्रेस की बैठक आहूत

**फागी** । फागी मण्डल कांग्रेस की बैठक गुरूवार को कांग्रेस कार्यालय पर आहूत की गई। मण्डल अध्यक्ष त्रयम्बवेश्वर चिंदोला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रदेषाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देषानुसार सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए नगरपालिका फागी एवं ग्राम पंचायत किशोरपुरा परवण मांदी व भोजपुरा के बूथ अध्यक्षों तथा 51 सदस्यीय मण्डल कार्यकारिणी को अधिकाधिक युवाओं को सम्मिलित करते हुए षीघ्र ही मनोनित करने का निर्णय लिया गया।बैठक में फागी ब्लाक अध्यक्ष किषनद धीच नगर अध्यक्ष किषन गुर्जर महावीर अजमेरा महावीर प्रधान श्रीनारायण तिवाडी सहित सैंकडों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अक्षय बैरवा जिलाध्यक्ष नियुक्त

**टोंक** (नि.स.)। विधि एवं मानव अधिकार आरटीआई विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट कुलदीप सिंह पुनिया ने प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी गोविंद सिंह डोटासरा की अनुशंसा पर टोंक जिला अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट अक्षय बैरवा को विधि एवं मानव अधिकार आरटीआई विभाग टोंक जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर टोंक जिले के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश आलाकमान का आभार प्रकट किया है।

### मंदिरों में हुए अनेक अनुष्ठान

**निवाई** । हनुमान जयन्ती पर हनुमान मंदिरों में गुरुवार को अनुष्ठान और पूजा अर्चना सहित धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बावडी वाले बालाजी मंदिर पुजारी पं.शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि हनुमान जयन्ती पर बावडी वाले बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर गुरुवार की सुबह 6 बजे बालाजी की प्रतिमा का पंचगव्य व पंचामृत से महाभिषेक कर चोला चढाया गया। विशेष पोशाक के साथ फूल-बंगले की झांकी सजाकर महाआरती की गई। गुरुवार की दोपहर तीन बजे धार्मिक अनुष्ठान के साथ 108 आसनों पर सामूहिक सुन्दरकाण्ड के पाठ का आयोजन किया गया। बालाजी महाराज के छप्पन भोग की झांकी सजाकर भोग लगाया गया। इसके बाद महाआरती कर श्रद्धालुओं पंगत प्रसादी जिमाई गई। इसी प्रकार प्राचीन मोरिया वाले बालाजी, विश्व शांति आश्रम, कुंजबिहारी आश्रम, दादूदयाल आश्रम, संकट मोचन हनुमान मंदिर, चिंताहरण हनुमान मंदिर, बूढला बालाजी, आसाम मिल बालाजी मंदिर, छोरिया बालाजी, भातडिया बालाजी, सीन्दरा बालाजी, लुहारा बालाजी गांव दादिया में स्थित बीड वाले बालाजी मंदिर सहित सभी हनुमान मंदिरों में धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया।

# योग गौरव सम्मान समारोह में गठवाड़ी ने लहराया परचम




शक्ति योग साधना महाविद्यालय गठवाड़ी जमवारामगढ़ के योग प्रतिभागियों ने अलग पहचान बनाई।

**मनोहरपुर** (निस) । नवलगढ़ झुंझुनूं में सम्पन्न हुए राष्ट्रीय योग गौरव सम्मान समारोह में देश हर राज्य से आये योग प्रतिभागियों में शक्ति योग साधना महाविद्यालय गठवाड़ी जमवारामगढ़ के योग प्रतिभागियों ने अपनी कठिन परिश्रम और लगन से राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान बनाई ।

इस अवसर पर संस्थान निदेशक सुरज्ञान सिंह चौधरी ने बताया कि इस उपलब्धि के पीछे स्थानीय योगाचार्य मेहरचंद, योगाचार्य बी.एल. बधाला और योगाचार्य मनमोहन के अथक परिश्रम व प्रयास और छात्रों की कठोर मेहनत से सम्भव हो पाया है! इस उपलब्धि के सुअवसर पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है।

### श्रीहनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया

**नरैना**(निस) । कस्बे मे गुरूवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस दौरान कस्बे के बाग वाले बालाजी, दड़े वाले बालाजी,कचहरी वाले बालाजी, कुम्भ तलाई वाले बालाजी, दक्षिणमुखी बालाजी सहित विभिन्न मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव पर मनमोहक ऋंगार किया गया साथ ही हनुमान चालीसा, सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया।

वही श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाते हुए महाआरती की गई व प्रसाद वितरण किया गया। वहीं हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर कस्बे के बाग वाले बालाजी मंदिर से उगरियावास स्थित बंधे के बालाजी की 23 वीं पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा मे सेंकडों पदयात्री नाचते गाते जयकारे लगाते बंधे के बालाजी पहुंचे। पदयात्रा मे हनुमान जी की मनमोहक झांकी सजाई गई।

पदयात्रा प्रातः 4:30 बजे रवाना हुई जो कस्बे मे भ्रमण करते हुए आकोदा, बिचुन, भैराणा होते हुए बंधे के बालाजी पहुंची जहां बालाजी के ध्वज व प्रसाद चढ़ाकर महाआरती की गई तदुपरांत सामुहिक भण्डारे का आयोजन हुआ।

# चाकसू में शहीद गिर्राज यादव की चतुर्थ पुण्यतिथि पर लोगों ने श्रद्धांजलि दी

**चाकसू** (निस) कस्बे में गुरुवार को गणेशपुरी बगीची में शहीद गिर्राज यादव की चतुर्थ पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया

गणेशपुरी बगीचे महंत राजेन्द्रपूरी महाराज ने सभी को श्रदांजलि अर्पित कराते हुए 2 मिनट का मौन धारण करवा शहीद की आत्मा की शांति के लिए प्रभु से प्राथना की और कहा कि जवानों की सजगता और देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की शहादत को नमन करना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है। परिवार के लोगों और स्थानीय लोगों ने शहीद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी इस दौरान लोगों की आंखें उस समय नम हो गई जब शहीद की मां ने दबडबाई आंखों से शहीद बेटे की तस्वीर को अपने सीने से लगाया और टकटकी लगाए कहीं देर तक निहारा वहीं शहीद के पैतृक गांव में भी ठाामीणों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर शहीद को याद किया।



शहीद गिर्राज यादव की चतुर्थ पुण्यतिथि पर लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

### एस.डी.एम. ने की जनसुनवाई

**निवाई।** राजीव गांधी सेवा केंद्र पर गुरुवार को एसडीएम रविकांत सिंह की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन हुआ।

जनसुनवाई में एसडीएम ने ठाामीणों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण की कार्यवाही की। जनसुनवाई में ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रिक्त पदों पर चिकित्सा कर्मी लगवाने, गांव के रास्तों पर पानी निकासी के लिए नाली निर्माण करवाने, श्योसिंहपुरा गांव में नाथों के मोहल्ले में बरोनी से सड़क मार्ग पर भरने वाले पानी की निकासी करवाने व सड़क मरम्मत की मांग की। जनसुनवाई में सरपंच शिवजीराम जाट, भैरूलाल सैनी, हल्का पटवारी अनिल कुमार चौधरी, पशु चिकित्सा अधिकारी आदेश सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# चिकित्सा मंत्री की मौजूदगी में साधारण सभा हुई

**लालसोट।** पंचायत समिति सभागार में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा की मौजूदगी में प्रधान नाथू लाल मीणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई साधारण सभा की बैठक में करोड़ों रुपए लागत के हजारों विकास कार्यों का अनुमोदन सर्व सहमति से किया गया.. चिकित्सा मंत्री मीणा की मौजूदगी में पंचायत समिति के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि

महात्मा गांधी नरेगा वार्षिक कार्य योजना 2023 व 24 का पंचायत समिति लालसोट साधारण सभा द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। जिसमें सभी 37 ठााम पंचायतों के 8696 कार्य लगभग 436 करोड के सम्मिलित किए गए। 7.16 लाख मानव दिवस सृजन किए जाने का लक्ष्य लिया है एवं अट्ठारह करोड़ 62 लाख श्रम पर व्यय किया जाना प्रस्तावित है। साधन सभा की बैठक के दौरान सरपंच एवं पंचायत समिति सदस्यों द्वारा ठााम पंचायत क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को भी मंत्री मीणा से अवगत कराते हुए ठााम पंचायतों में जरूरत के विकास कार्यों को स्वीकृत कराने के लिए बजट आवंटन कराने की मांग की गई.. चोडियावास महिला सरपंच द्वारा चिकित्सा मंत्री मीणा से साधारण सभा की बैठक के दौरान सवाल उठाते हुए कहा कि ज्यादातर बजट महारिया एवं निर्झरना ठााम पंचायत को ही अलाट किए जाते हैं.. महिला सरपंच द्वारा तीखी निगाहों से प्रधान नाथू लाल मीणा की तरफ निगाहे करते हुए इस शिकायत को करने के बाद सदन में हंसी ठहाके गूंज पड़े।

### भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

**निवाई।** गुरुवार को भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने स्थापना दिवस को कमल संकल्प दिवस के रूप में मनाया। निवाई शहर के पाटनी काम्प्लेक्स पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंडल अध्यक्ष रामवतार घाटी व वरिष्ठ नेता मोहन जैन के सानिध्य में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि कर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र जैन, भाजपा नेता रतनदीप गुर्जर, पूर्व प्रधान ममता जाट, मनोज पाटनी, पार्षद कमलेश किराड, किसान मोर्चा अध्यक्ष शंकर लाल सैनी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष गोविंद सोनी, शिवराज चंवरिया, मक्खन परिडवाल, शकील मंसूरी, इशाक मुगल, जगदीश बैरवा, लादू बैरवा, सुरेश राजवंशी, चंद्रकला खंडेलवाल,रामबाबू सेन, सांवरा सिंह, मांगीलाल रेगर, मांगीलाल महावर, सुरेश जैन, मोहन बैरवा, विनोद शर्मा, कन्हैया लाल सैनी, राहुल गोतम, ममता खंगार आदि मौजूद थे।

# न्यायालय परिसर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पोस्टर का विमोचन

**श्रीमाधोपुर** । आगामी 22 अप्रेल अक्षय तृतीया के दिन आयोजित किए जाने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत गुरुवार को पोस्टर का विमोचन किया ।

- **आगामी 22 अप्रेल अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा**

भगवान परशुराम जन्मोत्सव समिति के राजेंद्र शर्मा एडवोकेट ने बताया कि गुरुवार को न्यायालय परिसर श्रीमाधोपुर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पोस्टर व बैनर का विमोचन किया गया । इस अवसर पर एडवोकेट गिरिराज शर्मा, अनिल महर्षि, कैलाश शर्मा, विक्रम, सुनील शर्मा कांवट, हिमांशु शर्मा, सुनील शर्मा गोमावाली, सुनील शर्मा खाकीवाला, जितेंद्र गौड़,पंकज शर्मा, गजेंद्र शर्मा, सौरव शर्मा देवेंद्र,राजेश शर्मा,निखिल शर्मा, आदित्य प्रताप सिंह नरूका व अन्य अधिवक्ता गण उपस्थित थे।




22 अप्रेल को अक्षय तृतीया के दिन आयोजित किए जाने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियां की गई।

### श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया

**बहरोड़ / नीमराना ।** श्री हनुमान जयंती पर सिद्ध सेवा धाम मांढण पर आयोजित हो रहे दो दिवसीय महापर्व में गुरुवार को हवन कार्यक्रम में लोकपाल शर्मा कोसली वाले द्वारा हवन करने के बाद महंत अनिल पुरोहित ने हवन में पूर्णाहुति दी गई। इसके बाद आश्रम पर उपस्थित श्रद्धालुओं व सेवकों को आशीर्वाद दिया। इसी क्रम में विशाल भंडारे के चलते रात्रि जागरण में अमित चौधरी एंड पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें समाजसेवी सुरेश कुमार दिल्ली, महेश बोहरा एवं दीप गगन प्रधान नारनौल तथा अमित छम्मा चौधरी, बृजेश यादव, ज्योति यादव, पूजा एवं लकी भाटिया सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग रात्रि जागरण कार्यक्रम में पहुंचने की जानकारी दी गई। इस दौरान सरपंच संघ खोल रेवाड़ी अध्यक्ष रविंद्र हाथी, विनीत दिल्ली समाजसेवी, लोकपाल समाजसेवी एवं मुन्नीराम, सुभाष सेठ, कृष्ण कान्हावास, सुरेश सेठ दिल्ली, महेश बोहरा, दीप गगन प्रधान नारनौल सहित अनेक श्रद्धालुओं ने महंत अनिल पुरोहित सिद्ध सेवा धाम मांढण का श्री हनुमान जयंती पर आशीर्वाद प्राप्त किया।



मैं एशियाई खेलों में अपनी भागीदारी को लेकर सुनिश्चित नहीं हूं क्योंकि यह चीन में आयोजित हो रहे हैं। - कोनेरू हंपी

भारत की शीर्ष शतरंज खिलाड़ी, एशियाई खेलों में भागीदारी को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — **मार्क वुड**



इंग्लैंड और लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मार्क वुड साबित करना चाहते हैं कि वह इंडियन प्रीमियर लीग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल हैं क्योंकि पांच साल पहले इस लुभावनी टी20 लीग में उनका पदार्पण निराशाजनक रहा था। वह लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए अभी तक पहले दो मैचों में आठ विकेट झटक चुके हैं लेकिन 2018 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए उन्होंने चार ओवर फेंके लेकिन कोई विकेट नहीं झटक सके थे। वुड ने शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले मैच से पहले कहा, "मुझे लगा था कि मेरा काम पूरा नहीं हुआ था।

**क्या आप जानते हैं ?...** मेजबान ब्राजील ने 1950 के विश्वकप फुटबाल के आयोजन के लिए रियो डी जेनेरो में दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम बनाया जिसमें दर्शक क्षमता 2,20,000 थी।

## भारत फीफा रैंकिंग में पांच स्थान के सुधार से 101वें पायदान पर

नयी दिल्ली, 6 अप्रैल। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम हाल में संपन्न त्रिकोणीय टूर्नामेंट में म्यामां और किर्गिस्तान पर जीत की बदौलत नवीनतम फीफा रैंकिंग में गुरुवार को पांच स्थान के फायदे से 101वें स्थान पर पहुंच गई। पिछले महीने म्यामां और किर्गिस्तान के खिलाफ क्रमशः 1-0 और 2-0 की जीत की बदौलत भारत ने 8.57 रेटिंग अंक हासिल किए और पांच स्थान की छलांग लगाने में सफल रहा। भारत पिछली रैंकिंग में 106वें स्थान पर था। यह साल की पहली रैंकिंग है। पिछली रैंकिंग पिछले साल 22 दिसंबर को जारी की गई थी। भारत न्यूजीलैंड से एक स्थान पीछे और कीनिया से एक स्थान आगे है। इगोर स्टिमक के मार्गदर्शन में खेलने वाली भारतीय टीम के 1200.66 अंक हैं और वह एशिया के 46 देशों के बीच 19वें पायदान पर है। भारत की सर्वश्रेष्ठ फीफा रैंकिंग 94 है जो उसने 1996 में हासिल की थी। विश्व चैंपियन अर्जेन्टीना एक स्थान के फायदे से विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई है। इसके बाद शीर्ष 10 में फ्रांस, ब्राजील, बेल्जियम, इंग्लैंड, नीदरलैंड, क्रोएशिया, इटली, पुर्तगाल और स्पेन का नंबर आता है। एशियाई देशों में जापान शीर्ष पर है।

## फीफा रैंकिंग में छह साल में पहली बार शीर्ष पर पहुंचा विश्व चैम्पियन अर्जेंटीना

ज्यूरिख, 6 अप्रैल। विश्व कप विजेता अर्जेंटीना छह साल में पहली बार गुरुवार को फीफा विश्व रैंकिंग में चोटी पर पहुंचने में कामयाब रहा। अर्जेंटीना ने पिछले महीने दो मैत्री मैचों में जीत दर्ज की थी जिससे वह ब्राजील को हटाकर चोटी पर पहुंचने में सफल रहा। ब्राजील को मोरक्को से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था जिससे वह तीसरे स्थान पर खिसक गया। विश्व कप के फाइनल में अर्जेंटीना से हारने वाला फ्रांस एक पायदान चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। उसने यूरोपीय चैंपियनशिप क्वालीफायर्स के लगातार मैचों में नीदरलैंड और आयरलैंड को हराया था। बेल्जियम पहले की तरह चौथे जबकि इंग्लैंड पांचवें स्थान पर है। इसके बाद नीदरलैंड, क्रोएशिया, इटली, पुर्तगाल और स्पेन का नंबर आता है।

## ओरलियंस मास्टर्स : निशिमोटो को हराकर राजावत क्वार्टरफाइनल में

ओरलियंस (फ्रांस), 6 अप्रैल। भारत के प्रियांशु राजावत ने शीर्ष वरीय जापान के केंटा निशिमोटो के खिलाफ गुरुवार को यहां सीधे सेट में जीत दर्ज करते हुए ओरलियंस मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया के 58वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने पिछले रविवार को मैड्रिड स्पेन मास्टर्स का खिताब जीतने वाले दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी निशिमोटो को 21-8, 21-16 से हराया। राष्ट्रीय चैंपियन मिथुन मंजूनाथ अगर आज होने वाले एक अन्य मुकाबले में चीनी ताइपे के ची यू जेन को हरा देते हैं तो क्वार्टर फाइनल में राजावत से भिड़ेंगे। भारत की थॉमस कप विजेता टीम का हिस्सा रहे राजावत ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले गेम में 10-0 की बढ़त बनाई और निशिमोटो को कोई मौका नहीं दिया। निशिमोटो पहले गेम में बिलकुल भी लय में नहीं दिखे और सिर्फ आठ अंक ही जुटा पाए।

## बेंजेमा की हैट्रिक, बार्सिलोना को हराकर रियाल मैड्रिड कोपा कप के फाइनल में

बार्सिलोना, 6 अप्रैल। करीम बेंजेमा की एक और हैट्रिक की मदद से रियाल मैड्रिड ने अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना को 4-0 से करारी शिकस्त देकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। यह 1963 में 5-1 से जीत के बाद पहला अवसर है जबकि रियाल मैड्रिड ने बार्सिलोना को उसके घरेलू मैदान कैंप नोउ में चार गोल के अंतर से हराया। रियाल मैड्रिड ने इस तरह से सेमीफाइनल में 4-1 के कुल अंतर से जीत दर्ज की। बार्सिलोना ने पहले चरण के मुकाबले में 1-0 से जीत हासिल की थी और उसे फाइनल में पहुंचने के लिए दूसरे चरण में केवल ड्रा की जरूरत थी।

## ड्रेसिंग रूम में मजाक अब स्वीकार्य नहीं : ईसीबी

लंदन, 6 अप्रैल। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के नवनियुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड ने कहा है कि ड्रेसिंग रूम के मजाक को अब स्वीकार्य व्यवहार नहीं बल्कि इसे 'अपशब्द' माना जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि टीमों को भी फिर से निर्धारित करना होगा कि उनके ड्रेसिंग रूम में स्वीकार्य व्यवहार क्या है और क्या नहीं। इस साल फरवरी में ईसीबी के मुख्य कार्यकारी का पद संभालने वाले गोल्ड ने 'गार्डियन' से कहा, "हमने ड्रेसिंग रूम में देखा है, आप मजाक वाले शब्द का उपयोग कर सकते थे। लेकिन मजाक अब एक अपशब्द है। मजाक स्वीकार्य नहीं है।" गोल्ड (52 वर्ष) ने कहा, " यह टीमों पर निर्भर करता है कि वे सुनिश्चित करें कि उनके पास नियंत्रण का अपना सही स्तर है और वे अपनी टीम संस्कृति का निर्धारण करें। वे यह भी जानते हैं कि क्या स्वीकार्य है और क्या नहीं। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एंड्रूस स्ट्रास ने भी हाल में इसी तरह की बात की थी और क्रिकेटरों को अजीम रफीक जैसे विवाद से बचने के लिए नस्लीय उत्पीड़न वाले मजाक और खिंचाई करने से बचना चाहिए। पाकिस्तान में जन्में रफीक करीब एक दशक तक काउंटी टीम यार्कशर के लिए खेले लेकिन उन्होंने नवंबर 2021 में ब्रिटेन के 'डिजिटल, मीडिया एवं खेल' विभाग को बताया था कि साथी क्रिकेटरों की नस्लवादी टिप्पणियों के कारण वह अपनी जिंदगी खत्म करने के बारे में सोचने लगे थे।

# वरूण और सुयश ने चैलेंजर्स को घुटनों पर बैठाया, कोलकाता 81 रन से जीता



कोलकाता, 6 अप्रैल। वरूण चक्रवर्ती (15 रन पर चार विकेट) और सुयश शर्मा (30 रन पर तीन विकेट) की घातक फिरकी की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने गुरूवार को सितारों से सजी रायल चैलेंजर्स बैंगलोर को 81 रन से रौंद कर इंडियन प्रीमियर लीग में जीत का खाता खोला। ईडन गार्डन मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 204 रन बनाये जिसके जवाब में रायल चैलेंजर्स बैंगलोर की पूरी टीम 17.4 ओवर मे 123 रन बना कर पवेलियन लौट गयी।

सलामी बल्लेबाज रहमानउल्लाह गुरबाज (57) के बाद मध्यक्रम में रिंकू सिंह (46) और शार्दुल ठाकुर (68) ने तूफानी बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुये कोलकाता के स्कोर को 200 रन के पार पहुंचा कर चैलेंजर्स के सामने मजबूत चुनौती पेश की। शार्दुल ने मात्र 29 गेंद खेलकर नौ चौके और तीन आसमानी छक्कों के साथ अर्धशतकीय पारी खेली जबकि दूसरे छोर पर रिंकू ने उनका भरपूर साथ निभाते हुये 33 गेंद खेलकर दो चौके और तीन छक्के जड़े। इससे पहले गुरबाज ने छह चौकों और तीन छक्कों के साथ तेज शुरूआत करते हुये बैंगलोर के गेंदबाजों को छकाया। डेविड विली और करन शर्मा ने कोलकाता के दो दो विकेट चटकाये।

जीत के लिये 205 रनों का पीछा करने उतरी चैलेंजर्स को पहला झटका पारी के पांचवे ओवर में विराट कोहली (21) के तौर पर लगा, उन्हे सुनील नारायन ने बोल्ड आउट किया। उस समय टीम का स्कोर 44 रन था। अगले ही ओवर मे फाफ डु प्लेसिस (23) लेग स्पिनर वरूण चक्रवर्ती का शिकार बने।

दोनो सलामी बल्लेबाजों के आउट होने के बाद मध्यक्रम लडखडा गया और एक के बाद एक विकेटों का पतझड शुरू हो गया। बैंगलोर के छह बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई तक ले जाने में असफल रहे,नतीजन टीम को शर्मनाक हार का सामना करना पडा।

## विश्व कप में विलियम्सन का खेलना मुश्किल



वेलिंगटन, 6 अप्रैल। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन घुटने में लगी गंभीर चोट के कारण भारतीय सरज़मीन पर अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप 2023 से बाहर हो सकते हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनज़ेडसी) ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि विलियम्सन के दाहिने घुटने को स्थिरता प्रदान करने वाला एक लिगामेंट टूट गया है। वह अगले तीन हफ्तों में सर्जरी करवा सकते हैं। गौरतलब है कि गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेले गये इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के पहले मुकाबले में विलियम्सन चोटग्रस्त हो गये थे। वह इस चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर होकर स्वदेश लौट गये।

एनज़ेडसी ने कहा कि विलियम्सन को पूर्णतः फिट होने में लगने वाले समय को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वह विश्व कप में न्यूजीलैंड की कप्तानी नहीं कर सकेंगे। विलियम्सन ने कहा, "पिछले कुछ दिनों में मुझे काफी समर्थन मिला है और इसके लिये मैं गुजरात टाइटन्स और न्यूजीलैंड क्रिकेट दोनों को धन्यवाद देना चाहता हूं।" उन्होंने कहा, स्वाभाविक रूप से इस तरह की चोट लगना निराशाजनक है लेकिन मेरा ध्यान अब सर्जरी कराने और रिहैब शुरू करने पर ही है। इसमें कुछ समय लगने वाला है लेकिन मैं जल्द से जल्द मैदान पर वापसी करने के लिये हर संभव प्रयास करूंगा।" गौरतलब है कि विलियम्सन पिछले एकदिवसीय विश्व कप में 82.57 की औसत से 578 रन बनाकर न्यूजीलैंड के लिये कप्तान के अलावा एक बहुमूल्य बल्लेबाज भी रहे थे। न्यूजीलैंड ने विलियम्सन की अगुवाई में एक रोमांचक फाइनल तक का सफर तय किया था जहां उसे मेज़बान इंग्लैंड के हाथों सुपर ओवर में हार मिली थी।

## कलिकेश सिंह देव बने एनआरएआई के नये अध्यक्ष

नयी दिल्ली, 6 अप्रैल। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के शासी निकाय ने अध्यक्ष रनिंदर सिंह के लंबी छुट्टी पर जाने के बाद गुरुवार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव को संघ की कमान सौंप दी। गौरतलब है कि खेल मंत्रालय ने एक निर्देश जारी किया था कि राष्ट्रीय खेल संघों के प्रमुख राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुसार 12 साल से अधिक समय तक पद पर नहीं रह सकते हैं,जिसके बाद सितंबर 2021 में पुनः एनआरएआई अध्यक्ष चुने गये रनिंदर छुट्टी पर चले गये थे।

रनिंदर ने सबसे पहली बार 29 दिसंबर 2010 को एनआरएआई की कमान संभाली थी और वह अपना कार्यकाल पिछले साल ही पूरा कर चुके हैं। सिंह देव को एनआरएआई संविधान के नियम 19 के तहत अध्यक्ष चुना गया है, जबकि रनिंदर के चुनाव और कार्यकाल का मामला दिल्ली उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

सिंह देव ने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी लेने के बाद कहा, मैं शासी निकाय द्वारा मुझे दी गई जिम्मेदारी और अध्यक्ष द्वारा मुझ पर दिखाए गए विश्वास को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूं। हमारी तात्कालिक प्राथमिकता एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप जैसे महत्वपूर्ण आगामी आयोजनों के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। एनआरएआई की टीम और मैं भारत सरकार, खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण और अन्य सभी प्रमुख हितधारकों के साथ मिलकर काम करने की कोशिश करेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारा खेल आगे चलकर देश के लिए और अधिक सम्मान लाए।"

## नॉर्दन यूनाइटेड का विजयी आगाज

नयी दिल्ली, 6 अप्रैल। नेहरू स्टेडियम पर शुरू हुई फुटबॉल दिल्ली बी-डिवीजन लीग के उद्घाटन मैच में नॉर्दन यूनाइटेड एफसी ने वीनस एफसी को 3-0 से रौंदकर टूर्नामेंट की विजयी शुरुआत की।

दिन के दूसरे मुकाबले में दिल्ली स्टूडेंट्स एफसी ने कोलंबस यंगस्टर्स को 6-0 से रौंद दिया। दिल्ली स्टूडेंट्स की जीत में अर्जुन बिष्ट ने तिकड़ी जमाई लेकिन मैच का आकर्षण 14 वर्षीय आयुष जोशी का दर्शनीय गोल रहा। मयंक और अनुज ने एक-एक गोल किए। नव गठित नार्दन यूनाइटेड के लिए सौरभ, पसोलुनी और ऊंगचिपुई ने वीनस पर गोल दागे। लीग का उद्घाटन फुटबॉल दिल्ली के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने किया। इसी बीच, अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए ए-डिवीजन सुपर सिक्स मुकाबले में एमिटी नेशनल ने रॉयल एफसी पर 9-2 की एकतरफा जीत दर्ज की।

विजेता टीम के लिए मैन आफ द मैच अंकित, आशीष यादव और ललित कुमार ने दो दो गोल बांटे। हितेश, अंकित अमन और विकास ने एक-एक गोल का योगदान दिया। पराजित कोलंबस के गोल पिंटू और प्रबीर के नाम रहे।

## आईपीएल : राहुल के रबांकुरों के सामने मार्करम की चुनौती

लखनऊ, 6 अप्रैल। केएल राहुल की लखनऊ सुपरजायंट्स अपने घरेलू मैदान एकाना स्टेडियम पर लौटते हुए शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में एडेन मार्करम की सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगी। अपने पिछले मैच में राहुल की टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स का चेपौक किला लगभग फतह कर लिया था, हालांकि वह 217 रन के लक्ष्य से 12 रन दूर रह गयी। काइल मेयर्स (22 गेंद, 53 रन) और निकोलस पूरन (18 गेंद, 32 रन) ने चेन्नई के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी का बेहतरीन प्रदर्शन किया था और लखनऊ को इस कैरिबियाई जोड़ी से एक बार फिर ऐसी ही उम्मीद होगी।

सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक का भारत आना लखनऊ के लिये अच्छा संदेश है, हालांकि मेयर्स की खतरनाक फॉर्म के कारण शायद उन्हें कुछ समय टीम से बाहर ही रहना पड़े। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हुए मैच में एकाना की पिच पर पर्याप्त उछाल देखने को मिला था और टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले मार्क वुड एक बार फिर इसका लाभ उठाना चाहेंगे। मध्य ओवरों में युवा लेग-स्पिनर रवि बिश्नोई रनों के प्रवाह को थामने की कोशिश करेंगे। दूसरी ओर, हैदराबाद को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सभी विभागों में मात मिली थी, हालांकि कप्तान मार्करम के टीम में शामिल होने से उन्हें बड़ी मदद मिलनी चाहिये। हैदराबाद के पास फज़लहक़ फ़ारुक़ी, उमरान मलिक और टी नटराजन जैसे युवाओं से सजा गेंदबाजी आक्रमण भी है जो एकाना स्टेडियम पर मेजबान लखनऊ को परेशान कर सकता है। लखनऊ और हैदराबाद पिछले सीजन में एक बार भिड़े थे।

## किर्गिस्तान के खिलाफ जीत के बाद भारत को एक और ठोस प्रदर्शन की उम्मीद

बिश्केक, 6 अप्रैल। एएफसी ओलंपिक क्वालीफायर के पहले दौर के मुकाबले में किर्गिस्तान के खिलाफ 5-0 की बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय महिला फुटबॉल टीम शुक्रवार को यहां मेजबान टीम के खिलाफ होने वाले दूसरे चरण के मुकाबले में लय बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। साल के शुरुआती तीन महीने में पांच निराशाजनक नतीजों के बाद थॉमस डेनर्बी के मार्गदर्शन में खेलने वाली भारतीय टीम ने ग्रुप जी के दो चरण के मुकाबले के पहले मैच में मंगलवार को डोलेन उमरजाकोव स्टेडियम में किर्गिस्तान को हराकर जीत की राह पर वापसी की। भारत के लिए पहले चरण के मुकाबले में चार अलग-अलग खिलाड़ियों ने गोल दागे जिससे टीम की दूसरे चरण के मुकाबले में अच्छे प्रदर्शन की टीम की उम्मीद बढ़ी है। पहले चरण के मुकाबले में भारत के लिए अंजू तमांग ने दो गोल दागे जबकि सौम्या गुगुलोथ, शिल्की देवी और रेणु ने एक-एक गोल किया। डेनर्बी ने कहा, "पहले मैच में हम गोल करने के लिए बेताब थे क्योंकि हम अपनी गोल करने वाली कई बड़ी

## जुरेल के प्रदर्शन से खुश है कप्तान सैमसन

गुवाहाटी, 6 अप्रैल। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स के हाथों पांच रन की हार के बावजूद युवा बल्लेबाज ध्रुव जुरेल के प्रदर्शन पर संतुष्टि जाहिर की है।

पंजाब ने बुधवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल्स के सामने 198 रन का लक्ष्य रखा था। रॉयल्स ने 16 ओवर में 129 रन पर छह विकेट गंवा दिये थे, लेकिन जुरेल (15 गेंद, 32 रन) ने शिमरन हेटमायर (18 गेंद, 36 रन) के साथ सातवें विकेट के लिये 26 गेंद पर 61 रन की साझेदारी करके मैच को रोमांचक बना दिया। सैमसन ने मैच के बाद कहा, "(जुरेल का टीम में होना) हमारा सौभाग्य है। वह पिछले दो सीजन से हमारे साथ हैं और उनके ऊपर काफी काम किया गया है। हम सब उनके प्रदर्शन से काफी खुश हैं।"

रॉयल्स को आखिरी ओवर में 16 रन की दरकार थी लेकिन सैम करन ने हेटमायर को रनआउट करते हुए पंजाब की जीत सुनिश्चित की। सैमसन ने स्वीकार किया कि पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले का भरपूर लाभ उठाया था, हालांकि उनके गेंदबाजों ने मध्य ओवरों में बेहतर गेंदबाजी की।

सैमसन ने पिच के बारे में कहा, "मेरे हिसाब से यह पिच बल्लेबाजी के लिये बहुत अच्छी थी, खासकर पावरप्ले में। गेंद ज्यादा स्विंग नहीं हो रही थी। उनके बल्लेबाजों ने आक्रामकता के साथ शुरुआत की थी और उनकी पारी उसी हिसाब से आगे बढ़ी।" उन्होंने कहा, "हमारे गेंदबाजों ने रफ्तार में मिश्रण करने की कोशिश की। इस मैदान पर बड़े स्कोर बनते हैं लेकिन हमने पावरप्ले के बाद उनको वापस लाने का अच्छा प्रयास किया।" राजस्थान को एक झटका तब लगा जब सलामी बल्लेबाज जॉस बटलर की जगह रविचंद्रन अश्विन पारी की शुरुआत करने उतरे। सैमसन ने बताया कि बटलर को पंजाब की पारी की आखिरी गेंद पर कैच पकड़ते हुए उंगली में चोट लग गयी थी। कप्तान सैमसन ने बताया, "जॉस फिट नहीं थे। कैच लेने के बाद उनकी उंगली में टांके लगे थे।


## कार्यालय नगर पालिका नदबई (भरतपुर) राज.

क्रमांक : न.पा.न./भूमि/अभियान/2022-23/5108

दिनांक 31.03.2023

### लोक सूचना ( प्रारूप-10 )

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका नदबई द्वारा कस्बा नदबई तहसील नदबई के निम्न खसरों में भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही की जानी है। यदि किसी व्यक्ति/विभाग/संस्था को उक्त संदर्भ में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मय साक्ष्य इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद अवधि के किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र.सं. | स्थान का नाम | खसरा संख्या |
|---|---|---|
| 1 | डहरा रोड, कस्बा नदबई | 3934,4240/3908,4241/3908,4242/3908,4248/3906,4247/3906,4243/3908,4244/3907,4249/3906,3910,3911,3912 |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका नदबई


## उलटफेर अंजाम देकर प्रियांशु क्वार्टर फाइनल में, मिथुल व तान्या हारे

ऑर्लिन्स, 6 अप्रैल। भारत के प्रियांशु राजावत ने गुरुवार को यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान के केंटा निशिमोतो को सीधे गेमों में हराकर गुरुवार को ऑर्लिन्स मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दुनिया के 58वें नंबर शटलर प्रियांशु ने मैड्रिड स्पेन मास्टर्स का पुरुष एकल खिताब जीतने वाले दुनिया के नंबर 12 खिलाड़ी निशिमोतो पर 21-8, 21-16 से जीत दर्ज कर अपने कौशल का परिचय दिया।

क्वार्टरफाइनल में प्रियांशु का सामना चीनी तापेई के ची यु जेन से होगा। राजावत ने पहले गेम की शुरुआत में 10-0 की विशाल बढ़त बना ली जबकि निशिमोतो को खाला खोलने के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा। निशिमोतो ने ब्रेक के बाद बेहतर खेल का प्रदर्शन किया लेकिन 21-8 की हार को नहीं टाल सके। दूसरे गेम में निशिमोतो 6-2 की बढ़त बनाने में कामयाब रहे लेकिन राजावत ने जल्द ही 10-10 पर वापसी की। ब्रेक तक निशिमोतो 11-16 से आगे थे लेकिन प्रियांशु ने ब्रेक के बाद लगातार छह अंक अर्जित किये।

निशिमोतो ने मुकाबले के अंतिम हिस्से में अच्छा संघर्ष किया, लेकिन प्रियांशु ने संयम के साथ अपनी बढ़त को सुरक्षित रखते हुए क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। इसी बीच, प्रियांशु के हमवतन मिथुन मंजूनाथ को अपने पुरुष एकल मुकाबले में यु जेन के हाथों 21-15, 21-19 की हार का सामना करना पड़ा।

## चोटिल रिचर्डसन की जगह मेरेडिथ मुंबई इंडियंस टीम में

नयी दिल्ली, 6 अप्रैल। मुंबई इंडियन्स ने गुरुवार को चोटिल तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन के विकल्प के तौर पर रिली मेरेडिथ को अपनी टीम में शामिल किया। रिचर्डसन की पैर की मांसपेशियों में चोट है और वह इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर हो गए थे। उनके विकल्प के तौर पर टी में जगह बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मेरेडिथ ने पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं और आठ विकेट चटकाए हैं। यह 26 वर्षीय तेज गेंदबाज इससे पहले आईपीएल में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियन्स की ओर से खेल चुका है। आईपीएल के अनुसार, "वह डेढ़ करोड़ रुपये में मुंबई इंडियन्स से जुड़े हैं।"

## डि काक के जुड़ने से बढ़ेगा आत्मविश्वास : हुड्डा

लखनऊ, 6 अप्रैल। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के हरफनमौला खिलाड़ी दीपक हुड्डा ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के ओपनर क्विंटन डि काक के जुड़ने से टीम के आत्मविश्वास में बढोत्तरी होगी। सन राइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुक्रवार को खेले जाने वाले मुकाबले की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से बातचीत में हुड्डा ने कहा डि काक एक बेहतरीन खिलाड़ी है, उनके आने से टीम का आत्मविश्वास निश्चित रूप से बढ़ेगा। काइल मेयर्स पर निर्भरता को लेकर पूछे गये सवाल पर उन्होने कहा मेयर्स एक उम्दा खिलाडी है जो पहले दो मैचों में टीम को अच्छी शुरूआत देने में सफल रहे है मगर इसका यह मतलब नहीं है कि टीम उन पर निर्भर है। हमारी टीम में कई अच्छे खिलाड़ी है जो विरोधी टीम के सामने चुनौती पेश करने में सक्षम हैं। दिल्ली के बल्लेबाज आयुष वडोनी की शानदार फार्म के चलते उन्हे ऊपर खिलाने के बारे में पूछे गये सवाल पर उन्होने कहा कि हमारी टीम का बल्लेबाजी क्रम बहुत मजबूत है। और कोई भी खिलाडी किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी करने में सक्षम है।

उन्होने कहा सनराइजर्स हैदराबाद के लिये टीम किसी खास रणनीति पर काम नहीं कर रही है। हमारा काम बेहतर खेल खेलना है। अगर हम अपनी चीजे सही करते रहेंगे तो निश्चित रूप से हम खेल में आगे रहेंगे। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले मुकाबले में हमे बड़ी जीत मिली हालांकि चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ हम चेज करने में कुछ पीछे रह गये। हमारी योजना 218 के स्कोर पर पहुंचने की थी मगर हर बार जो आप सोचते हो वह मुमकिन नहीं होता है।

अच्छी शुरूआत के बावजूद निजी स्कोर को बड़ा बनाने में असफल रहने के सवाल पर उन्होने कहा कि वह अपनी पारी को बड़ा बनाने का भरपूर प्रयास कर रहे है मगर इसके लिये कोई खास रणनीति नहीं बनायी है। साल के अंत में होने वाले विश्वकप के बारे में खुद की संभावनाओं को लेकर उन्होने कहा कि वह इसके लिये एक प्रक्रिया के तहत अभ्यास कर रहे है। आईपीएल के बाद भी टीम को कुछ अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने है जिसमें मौका मिलने पर वह बेहतर देने का प्रयास करेंगे। इकाना की पिच को लेकर पूछे गये सवाल पर उन्होने कहा कि टीम पिछले कुछ दिनो से यहां अभ्यास कर रही है।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला सवाई माधोपुर ( राजस्थान )

क्रमांक:-2295-304 दिनांक: 04.04.2023

### खुली निविदा सूचना

इस कार्यालय की समस्त शाखाओं एवं अधिनस्थ कार्यालय पुलिस लाईन थानों एवं चौकियों के उपयोग हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये विभिन्न प्रकार की स्टेशनरी सामग्री क्रय करने हेतु सक्षम जी.एस.टी.एन रजिस्टर्ड आपूर्तिकर्ताओं से बार्षिक दर संविदा हेतु खुली निविदा दिनांक 13.04.2023 समय 12:00 पी.एम. तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन 3:00 पी.एम पर निविदाताओं या उनके द्वारा मनोनित प्रतिनिधी के समक्ष खोली जावेगी। उक्त निविदा सूचना विभागीय बेवसाईट sppp.Rajsthan.gov.in पर देखी जा सकती है आमंत्रित खुली निविदा का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. सं. | नाम सामग्री | अनुमानित राशि | निविदा फार्म | धरोहर राशि | निविदा खोलने की दिनांक/समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 2. | स्टेशनरी सामग्री | 4.00/- लाख रूपये | 300/- रूपये | 8000/- रूपये | दिनांक 13.04.2023 समय 3:00 पी.एम |

## !! कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक करौली ( राज. ) !!

क्रमांक:-व-15() सामा./करौली/2023/2734-80 दिनांक: 05.04.2023

### खुली निविदा सूचना

जिला पुलिस अधीक्षक करौली के अन्तर्गत आने वाले थानों/कार्यालय एवं पुलिस चौकियों के कम्प्यूटर्स एवं हार्डवेयर उपकरणों की मरम्मत हेतु वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध वर्ष 2023-24 के लिए (एएमसी) एवं कम्प्यूटर/प्रिन्टर/यूपीएस हार्डवेयर के स्पेयर पार्टस की मोहर बन्द निविदाऐं आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 17.04.2023 को अपरान्ह 02.00 बजे तक प्राप्त की जावेंगी। प्राप्त निविदाऐं उसी दिनांक 17.04.2023 को निविदा दाताओं के समक्ष अपरान्ह 3.00 बजे खोली जावेंगी।

| क्र.सं. | नाम आईटम | अनुमानित राशि | निविदा फार्म | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटर/प्रिन्टर/यूपीएस/स्केनर के कन्ज्यूमेबल आईटम की दर संविदा के उपकरणों की दरों का वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध | 3.00 लाख | 200/- रू. | 6000/-रू. |

नोटः- बिड प्रपत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज निर्धारित बि प्रपत्र शुल्क, कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक करौली में किसी भी कार्य दिवस को पोस्टल आर्डर/डी.डी./चैक जमा करवाकर दिनांक 17.04.2023 को दोपहर 01.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं या वेबसाईट karaulipolice.rajasthan.gov.in एवं State Public Procurment Portal से भी डाउनलोड किया जा सकता है। डाउनलोड किये गये बिड प्रपत्र का प्रारूप निर्धारित शुल्क बिड दस्ता द्वारा पृथक से पोस्टल आर्डर/डी.डी./चैक कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक करौली के नाम से बिड के साथ संलग्न करना होगा। देरी से प्राप्त निविदादाताओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा शर्तें वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक,
करौली।



श्री हनुमान जन्मोत्सव पर्व पर विद्याधर नगर में श्री पापड़ वाले हनुमान मंदिर में हजारों राम भक्तों ने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। महामंडलेश्वर स्वामी श्री श्री 1008 श्री रामसेवक दास जी महाराज एवं अंतरराष्ट्रीय हनुमान चालीसा वादक श्री अमरनाथ जी महाराज के सानिध्य में हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक दिनेश मित्तल ने बताया कि, कार्यक्रम में भव्य आतिशबाजी, फूलों की बारिश, महिला टीम द्वारा राम भक्तों को गुलाल का तिलक एवं जय श्री राम का दुपट्टा पहनाया गया। इस अवसर पर श्री पापड़ वाले हनुमान मंदिर को आकर्षक लाइटिंग और जय श्री राम के ध्वजों से सजाया गया। हनुमान चालीसा के बाद हनुमान जी की महा आरती हुई। कार्यक्रम में बालाजी को 21,000 देसी घी के लड्डुओं का भोग लगाकर भक्तों में वितरित किया गया। माना जा रहा है कि, जयपुर के इतिहास में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का यह एक रिकॉर्ड है।

# राजस्थान राजस्व सेवा परिषद ने सरकार को चेताया

## समझौता पत्र पर अमल नहीं हुआ तो राजस्व सेवा परिषद के तहत पटवारी, तहसीलदार और कानूनगो उतरेंगे आंदोलन की राह पर

- **समझौते पर अमल के लिए सरकार को 15 दिन दिए।**

जयपुर, 6 अप्रेल (का.प्र.)। सरकार की ओर से किए पिछले समझौते की पालना नहीं करने को लेकर अब राजस्थान राजस्व सेवा परिषद ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि सरकार की ओर से पूर्व में किए गए समझौते पर शीघ्र अमल नहीं किया गया, तो 15 दिन बाद राजस्व सेवा परिषद के तीनों संगठन आंदोलन पर उतर आएंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

राजस्थान पटवार संघ के अध्यक्ष नरेंद्र कविया, कानूनगो संघ के अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह और राजस्थान तहसीलदार सेवा परिषद के अध्यक्ष विमलेंद्र सिंह राणावत ने कहा कि सरकार ने पूर्व में जब शिविर लगाए थे, तब हमने संवेदनशीलता दिखाते हुए सरकार की ओर से किए गए समझौते पर विश्वास करके आंदोलन समाप्त कर सरकार का सहयोग किया था। अब समझौते के 2 साल पूरे हो जाने के बावजूद अभी तक उसकी पालना नहीं हुई है, ऐसे में अब हमें फिर से संघर्ष के लिए सड़कों पर आना होगा। राजस्थान पटवार संघ के अध्यक्ष नरेंद्र कविया ने प्रमुख मांग बताते हुए कहा कि समझौते के अनुरूप पटवारी पद को तकनीकी पद घोषित करते हुए पटवारी पद का वेतनमान एल-8 (ग्रेड-पे 2800) निर्धारित किया जाये एवं वरिष्ठ पटवारी पद को खत्म किया जाए। इसी के साथ पटवारी, भू अभिलेख निरीक्षक, नायब तहसीलदार तहसीलदार का कैडर पुनर्गठन किया जाकर आवश्यकतानुसार नवीन पद सृजित किया जाए। वहीं भू अभिलेख निरीक्षक पटवारी के पदों का फील्ड में नियम 13 अनुसार गठन किया जाये। इसी के साथ आर ए एस कैडर का रिव्यू करवाया जाकर, तहसीलदार से आर ए एस के जूनियर स्केल में रिक्त पदों को डी.पी.सी./ तदर्थ पदोन्नित से भरे जाने की हुई सहमति पर अमल किया जाए।

वहीं समझौते मे तय बिंदु के अनुरूप पटवारी व भू अभिलेख निरीक्षण से लिये स्थाई स्पष्ट स्थानान्तरण नीति बनाये जाने का निर्णय किया जाए।

राजस्थान राजस्व सेवा परिषद के तीनों संगठनों के पदाधिकारियों ने बताया कि 2021 में मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव, राजस्व मंत्री सहित अन्य स्तरों पर मांग पत्र प्रस्तुत किए गए और जब उनकी पालना नहीं हुई तो शिविरों का बहिष्कार किया गया था। उस समय सरकार की ओर से राजस्व सेवा परिषद के संगठनों के साथ में समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए थे, लेकिन इतने महीने बीत जाने के बावजूद समझौता पत्र पर किसी प्रकार का कोई अमल नहीं करके सेवा परिषद की अनदेखी की जा रही है। ऐसे में हम सरकार को चेतावनी दे रहे हैं कि 15 दिनों के दौरान यदि पूर्व में किए गए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर के अनुरूप समझौते लागू नहीं किए जाते हैं, तो राजस्थान राजस्व सेवा परिषद के तहत तमाम अधिकारी और कर्मचारी आंदोलन पर मजबूर होंगे और इसकी समस्त जिम्मेदारी भी सरकार की होगी।

# प्रदेश के 17 जिलों में 100 नए करोना संक्रमित मिले

## सबसे ज्यादा, 21 नए कोविड संक्रमित राजधानी जयपुर में मिले हैं

- **विभाग ने प्रदेश भर में 2517 लोगों के सैंपल लिए उनमें से 100 में करोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। कोविड पॉज़िटिव मरीजों का इस वर्ष का यह आंकड़ा सर्वाधिक है।**
- **डॉक्टर्स का कहना है कि, कोविड के नए वेरिएंट का संक्रमण ओमक्रॉन से भी तेजी से फैल रहा है। ओमक्रॉन के लक्षण हल्के थे, पर इसमें तेज जुकाम, बुखार, खांसी के अलावा थकान व कमज़ोरी की शिकायत भी मिल रही है।**
- **कोटा व बारां में एक-एक कोविड मरीज की मौत होने की खबर भी मिली है।**

**-कार्यालय संवाददाता-**

जयपुर, 6 अप्रेल। राजस्थान में एक बार फिर करोना महामारी का खतरा बढ़ गया है। गुरूवार को प्रदेश के 17 जिलों में 100 नए संक्रमित मरीज मिले हैं, जबकि कोटा व बारां में एक-एक रोगी की मौत हुई है। कोविड पॉजिटिव मरीजों का यह आंकड़ा इस वर्ष में अब तक सबसे ज्यादा है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक गुरूवार को सबसे ज्यादा 21 कोविड संक्रमित जयपुर जिले में मिले हैं, जबकि राजसमंद में 13 व जोधपुर में 10 रोगी सामने आये। इसी तरह बीकानेर में 9, अलवर, उदयपुर और चितौड़गढ़ में 7-7, पाली में 6, झालवाड़ में 4, सिरोही में 3 मरीज मिले है। इसी प्रकार कोटा, श्रीगंगानगर, बूंदी, जैसलमेर, बारां व अजमेर 2-2 तथा भीलवाड़ा में एक संक्रमित मरीज मिला है। चिकित्सा विभाग के मुताबिक, गुरूवार को प्रदेश में 37 कोविड रोगी रिकवर हुए। विभाग ने प्रदेशभर में 2517 लोगों के सैंपल लिए थे, इनमें से यह 100 मरीज सामने आए है। प्रदेश में फिलहाल 294 एक्टिव केस मौजूद हैं।

डॉक्टर्स के मुताबिक कोविड का नया वैरिएंट एक्सबीबी 1.16 की आर वैल्यू ज्यादा है। यानी इस वैरिएंट से संक्रमित मरीज के संपर्क में आने वाले दूसरे व्यक्ति भी जल्दी संक्रमित हो रहे हैं। इससे पहले जो ओमिक्रॉन के दूसरे वैरिएंट थे, वो इतनी तेजी से स्प्रेड नहीं हो रहे थे। उनमें बीमारी के लक्षण भी सामान्य से भी हल्के थे। अगर कोई मरीज संक्रमित हो भी रहा था तो उसे हल्के जुकाम-खांसी जैसे लक्षण दिख रहे थे। इस वैरिएंट की चपेट में आने वाले मरीजों में तेज जुकाम-बुखार, खांसी के अलावा शरीर में थकान और कमजोरी भी महसूस हो रही है।

जयपुर प्रथम सीएमएचओ डॉ. विजय सिंह फौजदार का कहना है कि, कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए सभी अस्पतालों को टेस्टिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। करोना संक्रमण को लेकर घबराने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन लोगों को कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करना चाहिए, ताकि इससे बचा जा सके।

# 'मानसरोवर से मान्यावास की 100 फीट रोड 3 माह में बनाएं'

जयपुर, 6 अप्रैल (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने जेडीए को आदेश दिए हैं कि, मानसरोवर से मान्यावास जाने वाली सौ फीट चौड़ी रोड का निर्माण तीन माह में पूरा करें। इसके साथ ही अदालत ने रोड की चौड़ाई कम करने के खिलाफ पूरणमल सैनी द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया है।

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने जे.डी.ए. को यह आदेश देते हुए सड़क की चौड़ाई कम करने की मांग करने वाली याचिका को भी खारिज कर दिया।**

जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने अपने आदेश में कहा कि, रोड की चौड़ाई कम करने के संबंध में जेडीए की ओर से मांगी गई आपत्ति पर याचिकाकर्ता ने कोई कार्रवाई नहीं की। वहीं जे.डी.ए. द्वारा अभ्यावेदन को खारिज करने के खिलाफ याचिकाकर्ता को जेडीए कोर्ट में जाना चाहिए था।

याचिका में कहा गया था कि, जेडीए ने वर्ष 2012 में इस रोड की चौड़ाई दो सौ फीट से घटाकर सौ फीट कर दी।

इस दौरान रोड के सैंटर पॉइंट का ध्यान नहीं रखा गया कि, किस बिन्दु से रोड दोनों तरफ पचास-पचास फीट चौड़ी रहेगी।

# 'नौटंकीबाज कांग्रेस ने अडानी के थाली में परोसे थे बंदरगाह'

## निर्मला सीतारमण ने आरोप लगाया कि, कांग्रेस की केरल सरकार ने विझिंजम पोर्ट बिना किसी टैंडर के अडानी को सौंप दिया था

- **वित्त मंत्री सीतारमण ने राहुल गांधी को आदतन अपराधी करार दिया।**
- **सीतारमण ने कहा, राहुल गांधी ने कई विवादास्पद बयान दिये हैं और देते आ रहे हैं, उनके खिलाफ कई विवादास्पद मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। सीतारमण ने कहा, राहुल ने 2019 में राफेल डील के संदर्भ में गलत बयानी के बाद सार्वजनिक रूप से माफी मांगी थी।**

नई दिल्ली, 6 मार्च। राहुल गांधी पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज जमकर निशाना साधा है। निर्मला ने कहा कि राहुल ने 2019 में पीएम मोदी को लेकर गलत बयानी की थी और कांग्रेस नेता एक बार फिर वही गलती दोहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अडानी मामले को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस ने संसद के बजट सत्र को चलने नहीं दिया, लेकिन वो खुद उनके फेवर में काम करते थे।

सीतारमण ने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि अगर कांग्रेस नेता को लगता है कि अडानी को "ये सब चीजें" भाजपा ने दी हैं, तो यह सच नहीं है। सीतारमण ने कहा कि यह केरल की कांग्रेस सरकार थी, जिसने अडानी को विझिंजम पोर्ट थाली में परोस कर दिया था। यह किसी टेंडर के आधार पर नहीं दिया गया था। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी कई दफा झूठ बोलने के बाद माफी मांग चुके हैं। उन्होंने कहा कि अब एक बार फिर वो पीएम मोदी पर झूठे बयान देकर दिखा रहे हैं कि वो आदतन अपराधी हैं।

सीतारमण ने कहा कि 2019 में राफेल डील को लेकर लगाए गए आरोपों पर राहुल गांधी को सर्वोच्च न्यायालय में माफी मांगनी पड़ी थी। सीतारमण ने कहा, उससे पहले प्रधानमंत्री के खिलाफ जब गलत बयान दिया था, तब भी राहुल को लिखित माफीनामा देना पड़ा। आज राहुल बोल रहे हैं मैं गांधी हूं सावरकर नहीं। क्या उन्हें याद नहीं है कि उन्होंने कई दफा माफी मांगी है।

# आठ करोड़ रु. का गबन

भुवनेश्वर, 6 अप्रैल (वार्ता)। भुवनेश्वर की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बुधवार को कटक से एसबीआई के फूलबनी शाखा के डिप्टी मैनेजर आशुतोष आचार्य को आठ करोड़ रुपये से ज्यादा रकम की हेराफेरी के आरोप में गिरफ्तार किया। ईओडब्ल्यू

- **ओडिशा की अपराध शाखा ने कटक जिले की फुलबनी एस. बी.आई. ब्रांच के डिप्टी मैनेजर को गिरफ्तार किया है।**

सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि आरोपी आशुतोष आचार्य को आईपीसी की धारा 409/420/467/ 468/471/ 120-बी, आईटी अधिनियम की धारा 66 (सी) के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है। भारतीय स्टेट बैंक, आरबीओ, फूलबनी के क्षेत्रीय प्रबंधक की शिकायत के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक, फूलबनी शाखा के उप प्रबंधक-सह-फील्ड अधिकारी आशुतोष आचार्य के खिलाफ 59 एक्सप्रेस क्रेडिट लोन और 26 पेंशन ऋणों की अवैध रूप से सिफारिश करने और उसे प्रक्रिया में लाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था।

## जज पत्नी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सहायक अभियोजन अधिकारी पद पर सेवारत हो गया। लेकिन अप्रार्थी व उसके परिजनों का व्यवहार उसके व बच्चों के प्रति सही नहीं रहा। बच्चों की परवारिश में भी उसने कोई जिम्मेदारी नहीं निभाई। इसलिए उसे दोनों बच्चों के लिए भरण पोषण राशि दिलवाई जाए। पति के अधिवक्ता डीएस शेखावत ने कहा कि प्रार्थी का स्वयं का वेतन ही दो लाख रुपए से ज्यादा है। उसने खुद ही तलाक का प्रार्थना पत्र दायर कर रखा है। वह खुद बच्चों का भरण-पोषण करने में सक्षम है। जबकि अप्रार्थी का वेतन 75 हजार रुपए है। इसलिए प्रार्थना पत्र खारिज किया जाए।

## नाबालिग से...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अभियुक्त ने नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म कर न केवल उसे शारीरिक रूप से क्षति पहुंचाई है, बल्कि उसको मानसिक वेदना भी दी है। ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक रचना मान ने अदालत को बताया कि, पीड़िता अपनी सहेली के जरिए अभियुक्त के संपर्क में आई थी। इस दौरान अभियुक्त ने उसे अपने झांसे में ले लिया। वर्ष 2021-2022 के बीच अभियुक्त उसे आए दिन स्कूल से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाता और कानोता थाना इलाके में दुष्कर्म करता।

इसी बीच पेट दर्द और अत्यधिक रक्तस्राव होने पर परिजनों ने पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पता चला कि, पीड़िता गर्भवती है। तब पीड़िता ने परिजनों को अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। पीड़ित पक्ष की ओर से थाने में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। ट्रायल के दौरान अभियुक्त की ओर से कहा गया कि, उसे इस प्रकरण में फंसाया गया है।

मामले में एफआईआर भी देरी से दर्ज कराई गई है और अभियोजन पक्ष के पास उसके खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य भी नहीं हैं। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने गवाहों और चिकित्सकीय साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त को बीस साल की सजा और जुर्माने से दंडित किया।

## इस ''डिज़ाइन बॉक्स'' एजेन्सी का मालिक...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

- **आसाम के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने ''डिज़ाइन बॉक्स'' को जिम्मेदारी दी थी, विधानसभा चुनावों में, पर वहां भी पार्टी चुनाव हारी तथा भाजपा ने दोबारा सरकार बनायी।**
- **ऐसा कहा जाता है, गहलोत के विश्वासी पवन खेड़ा ने गहलोत को ''डिज़ाइन बॉक्स'' से मिलाया था।**
- **पर कांग्रेस में, दिल्ली में यह चर्चा का विषय है कि, लगातार असफलताओं के बावजूद ''डिज़ाइन बॉक्स'' को नये ग्राहक कैसे मिले हैं।**

हरियाणा में वरिष्ठ नेता भूपिंदर सिंह हूडा ने भी डिजाइन बॉक्स की सेवाएं ली पर यहाँ भी कांग्रेस मात्र 30 सीटें ही जीत पाई।

असम में कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में डिजाइन बॉक्स की सेवाएं ली थी पर वहाँ भी कांग्रेस हार गई और भाजपा दोबारा सत्तारूढ़ हो गई।

अब डी.के. शिव कुमार अपना भाग्य आजमा रहे हैं, हालांकि कर्नाटक में सिद्धारमैया सबके प्रिय हैं।

अगली परीक्षा की घड़ी राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की है, उन्होंने भी विधानसभा चुनाव के लिए डिजाइन बॉक्स की सेवाएं ली हैं।

जहाँ यह सर्वविदित है कि गहलोत जब भी मुख्यमंत्री रहे वे कांग्रेस को जीत नहीं दिला पाए और इस बार तो यह भी कहा जा रहा है कि अगर वे मुख्यमंत्री बने रहे तो कांग्रेस अपना सबसे खराब प्रदर्शन करेगी।

कांग्रेस के सूत्रों का कहना है कि पवन खेड़ा जिन्हें गहलोत का बड़ा समर्थक माना जाता है, ने ही गहलोत को डिजाइन बॉक्स से अनुबंध करने के लिए तैयार किया है। और कहा जा रहा है कि डी.के. शिव कुमार को भी इसके लिए पवन खेड़ा ने ही तैयार किया है। अभी तक यह नहीं पता है कि डिजाइन बॉक्स का मालिक कौन है लेकिन कहा जाता है कि वह चंडीगढ़ का कोई पंजाबी है

लेकिन, सवाल यह है कि कंपनी जो हर काम में असफल रही है उसको अभी भी इतने महंगे कॉन्ट्रैक्ट क्यों मिल रहे हैं। क्या यह कांग्रेस की अंदरूनी कारस्तानी है?

## नैशनल पार्टी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

देने में देरी कर रहा है।

राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलने के कई फायदे हैं, जैसे पार्टी कार्यालय के लिए मुफ्त जमीन या भवन मिलना, पार्टी का विशिष्ट चुनाव चिन्ह, जिसे पूरे देश में कोई अन्य पार्टी प्रयुक्त नहीं कर सकती है।

आप ने चुनाव आयोग के समक्ष मैमोरैंडम भेजा है कि उसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया जाए।

पर अभी तक चुनाव आयोग का जवाब नहीं आया है। अब आप ने चुनाव आयोग की कथित देरी के खिलाफ कर्नाटक हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

आप दिल्ली और पंजाब में सत्तारूढ़ पार्टी है तथा गोवा में 6 प्रतिशत वोट भागीदारी के साथ इसके दो विधायक हैं। गुजरात में इसके 5 विधायक हैं जहां इसने 14 प्रतिशत वोट लिए हैं।

# भाजपा कश्मीर में चुनाव के लिए तैयार

श्रीनगर, 6 अप्रैल (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जम्मू कश्मीर इकाई के महासचिव अशोक कौल ने गुरुवार को कहा कि पार्टी राज्य में चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है।

कौल ने मध्य कश्मीर के बडगाम जिले में भाजपा के 44वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान मीडियाकर्मियों से कहा कि जब भी भारत का चुनाव आयोग तारीख की घोषणा करेगा, भाजपा जम्मू कश्मीर में चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है। जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ताओं को द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की ओर से हाल ही में दी गई कथित धमकियों के बारे में कौल ने कहा कि इस तरह की धमकियां अक्सर आती हैं।

## 'भाजपा नेताओं के...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भाजपा शासन से अप्रसन्न नहीं है। जो बात उन्होंने अनकही छोड़ दी थी कि भाजपा फिल्म स्टारों की ताकत पर आश्रित होने के लिये मजबूर हो गई है क्योंकि उसके किसी भी नेता का राज्य में प्रभाव नहीं है, उस बात को कांग्रेस के पूर्व सांसद तथा पूर्व संचार प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कह दिया। उन्होंने कहा कि चूंकि लोग अब मुख्यमंत्री बोम्मई एवं अन्य नेताओं के भाषण सुनने नहीं आ रहे, भाजपा को भीड़ इकट्ठा करने के लिये अब फिल्म स्टारों पर भरोसा करना पड़ रहा है। वे भाजपा प्रचारक के रूप में कन्नड़ सुपर स्टार किचा सुदेश के प्रवेश पर टिप्पणी कर रहे थे। एक अन्य नेता ने कहा कि यह इस बात का साफ संकेत है कि भाजपा अपनी संभावनाओं को लेकर आश्वस्त नहीं है तथा इसलिये वह अपने प्रचार को ताकत देने के लिये फिल्म स्टारों की तरफ भाग रही है। यहाँ तक कि प्रधानमंत्री की मौजूदगी भी पार्टी की मदद नहीं कर पा रही है क्योंकि लोग बासवराज बोम्मई सरकार से निराश हो गये है तथा वे विकल्प की तलाश में हैं।

शिव कुमार ने भाजपा द्वारा सोच समझकर किये शोर-शराबे को कोई महत्व न देते हुये कहा कि सड़क का आम आदमी सरकार के कुछ न करने से उकता गया है तथा बड़ी उम्मीद और अग्रिम भरोसे के साथ कांग्रेस की ओर देख रहा है। एक ऐसे व्यक्ति के रूप में, जिसने पूर्व से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण तक राज्य के अनेक दौरे किये हैं तथा आम आदमी की बात सुनी है, शिव कुमार ने कहा, ''आप राज्य के किसी भी व्यक्ति से बात कीजिये, ज्यादा संभावनाएं इसी बात की हैं कि आपको केवल निराशा की कहानियाँ ही सुनने को मिलेंगी। जबरदस्त सत्ता-विरोधी लहर है तथा लोग बदलाव की तलाश में हैं।''

कुछ ओपिनियन पोल सर्वेक्षणों, जो इस समय चर्चा में हैं, के अनुसार, 2018 की ही तरह एक बार फिर त्रिशंकु विधानसभा होगी तथा एच.डी. देवगोड़ा तथा कुमारास्वामी का जनता दल (सेकूलर) किंग मेकर के रूप में उभरेगी।

लेकिन शिव कुमार ने ऐसी चर्चाओं को खारिज करते हुये, घोषणा की कि, ''कांग्रेस को 140 से अधिक सीटों का सुविधाजनक बहुमत मिलेगा तथा किसी अन्य दल की सहायता के बिना अपनी सरकार बनायेगी। जैसा कि जनता ने तय कर लिया है, हमें समर्थन के लिये किसी के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।''

कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी 224 में से 141 सीटें जीतेगी, तथा इसमें अचरज जैसी कोई बात नहीं है। शिव कुमार ने कहा, ''इस समय हम पूरे संकल्पित हैं तथा कांग्रेस को जिताने की दिशा में काम कर रहे हैं तथा उम्मीदवारों का चयन पूरी तरह से उनकी जीत की संभावना के आधार पर किया जा रहा है।'' उन्होंने आगे कहा कि ''नेतृत्व या मुख्यमंत्री पद को लेकर पार्टी के अंदर कोई अनबन या दरार नहीं है। इस समय पूरा ध्यान जीत पर है। एक प्रश्न यह कि मुख्यमंत्री कौन बने, पर पार्टी परिणामों के बाद विचार करेगी।''

यह कोई छिपी हुई बात नहीं है कि शिव कुमार तथा कांग्रेस के एक अन्य दिग्गज नेता तथा पूर्व मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया- दोनों ही मुख्यमंत्री बनने के आकांक्षी हैं और कांग्रेस के समक्ष यही परेशानी है कि वे पार्टी को दो भिन्न दिशाओं मे खींचेंगे।

मुख्यमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षा से इंकार करते हुये, शिव कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा उनकी भी है। महत्वाकांक्षा रखना कुछ गलत भी नहीं है। लेकिन मुख्यमंत्री कौन बनेगा, यहएक ऐसी चीज है जिस पर हाईकमान उचित समय पर निर्णय लेगा तथा यह समय तो हर व्यक्ति के लिये पार्टी की जीत के लिये काम करने का है।

इसे कांग्रेस का सौभाग्य ही कहा जायेगा कि दूसरे नेता तथा कांग्रेस के डबल इंजन के एक इंजन सिद्धारमैया ने भी एक जनसभा में इसी प्रकार के भाव व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि ''कांग्रेस तथा अन्य पार्टियों में यही फर्क है कि कांग्रेस में कार्यकर्ताओं और नेताओं के विचारों की अभिव्यक्ति की पूरी स्वतंत्रता है।''

## ए.के. एन्टनी के पुत्र भाजपा में शामिल...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

- **भाजपा में शामिल होने से पहले अनिल एन्टनी ने कहा, कांग्रेस पार्टी के लोग एक परिवार की सेवा में लगे रहते हैं, पर मैं देश की सेवा करना चाहता हूँ।**

जाये। सूत्रों ने कहा कि इस कदम का महत्व राजनैतिक होने से कहीं ज्यादा, समाचारों की सुर्खियाँ से है। उनके भाजपा में शामिल होने से भाजपा को न तो केरल में कोई मदद मिलनी है और न राष्ट्रीय स्तर पर, यह केवल वाद-विवाद का विषय बनेगी, जिसका उद्देश्य मात्र राहुल गांधी की छवि को खराब करना होगा।

सूत्रों ने कहा कि जिस समय उनके पिता रक्षा मंत्री थे, तब कई लॉबीइस्टों ने उन्हें अपनी ओर खींचने की कोशिश की थी इसलिए वे ए.के. एन्टनी की ईमानदारी एवं सच्चाई से कुंठित और निराश रहते थे।

अनिल एन्टनी, जो केरल कांग्रेस के नेता थे, ने 2002 के गुजरात दंगों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आई.बी.बी.सी. की डॉक्यूमैन्ट्री संबंधी विवाद के बाद, जनवरी में कांग्रेस छोड़ दी थी।

भाजपा नेता पीयूष गोयल, वी. मुरलीधरन तथा पार्टी की केरल इकाई के अध्यक्ष के. सुरेन्द्र ने आज एक औपचारिक समारोह में उनका भाजपा में स्वागत किया।

अनिल एन्टनी ने आज पत्रकारों से कहा, ''कांग्रेस का हर कार्यकर्ता इस बात को जानता है कि वह एक परिवार के लिये काम कर रहा है। लेकिन मेरा मानना है कि वह एक परिवार के लिये काम कर रहा हूँ।'' उन्होंने कहा, ''इस बहु-ध्रुवीय दुनिया में भारत को अग्रणी स्थान पर लाने के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बहुत ही स्पष्ट सोच हो।''

कांग्रेस छोड़ने से पहले, अनिल एन्टनी केरल में कांग्रेस का सोशल मीडिया प्रकोष्ठ चलाते थे। पार्टी छोड़ने से पहले, उन्होंने बी.बी.सी. डॉक्यूमैन्ट्री को ''भारत के खिलाफ पूर्वाग्रह युक्त'' बताया था। कांग्रेस ने कहा था कि यह डॉक्यूमैन्ट्री मोदी पर प्रहार करने वाली है तथा मोदी पर आरोप लगाया था कि वे भारतीय राजनीति में विपक्ष की गुंजाइश को कम करने की सुनियोजित कार्यवाही को अंजाम दे रहे हैं।

भाजपा नेता पीयूष गोयल ने आज पत्रकारों को बताया ''अनिल एन्टनी बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। जब मैंने अनिल एन्टनी की विश्वसनीयता को जांचा-परखा तो मैं (उनसे) बहुत प्रभावित हुआ।''

गोयल ने कहा, ''उनके विचार, स्थाई विकास से संबंधित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचारों से बहुत मिलते जुलते हैं।.....''हमें विश्वास है कि वे सक्रिय भूमिका निभाते हुये, दक्षिण भारत में भाजपा के पैर जमाने में मदद करेंगे।''

अनिल एन्टनी का भाजपा में शामिल होना कांग्रेस के लिये एक धक्का है क्योंकि उनके पिता कांग्रेस के पुराने एवं निष्ठावान नेता हैं जो जो देश के रक्षा मंत्री भी रह चुके हैं। कांग्रेस ने कहा है कि अनिल एन्टनी ने अपने पिता के साथ विश्वासघात किया है तथा आज के दिन को ''विश्वासघात दिवस'' कहा है।

भाजपा में शामिल होने के औपचारिक अवसर पर, अनिल एन्टनी ने कहा कि वे मानते हैं कि उन्होंने सही कदम उठाया है।

जब पत्रकारों ने अनिल एन्टनी से पूछा कि, क्या यह कदम उठाने से पहले, उन्होंने अपने पिता से विचार-विमर्श किया था, तो उन्होंने कहा, ''इस कदम का संबंध व्यक्तित्वों से नहीं है, विचारों और मतों से संबंधित है। मेरी दृढ़ मान्यता है कि मैंने सही कदम उठाया है। मेरे पिता के प्रति मेरा सम्मान वैसा ही रहेगा।''

भाजपा को उम्मीद है कि अनिल एन्टनी केरल में उसकी मौजूदगी का विस्तार करेंगे तथा और बड़े जनाधार, खासतौर से ईसाइयों का समर्थन हासिल करेंगे। भाजपा केरल में वामपंथ के गढ़ को प्रभावी रूप से तोड़ नहीं पाई है तथा वामपंथियों को उसका कोई डर नहीं है। अनिल एन्टनी ने स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी से एम.एस.सी. तथा इंजीनियरिंग कॉलेज, त्रिवेन्द्रम से बी टैक किया था।

## 'मेरे पुत्र...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की वह कहा कि ''वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व कौशल से प्रभावित है। उन्होने वर्ष 2002 में गुजरात दंगों पर बनी बी.बी.सी. की डॉक्युमैंट्री के बाद जनवरी में ही कांग्रेस छोड़ दी थी।''

उन्होने कहा कि हरेक कांग्रेसी कार्यकर्ता मानता है कि वह एक परिवार के लिए काम करता है। लेकिन मैं मानता हूँ कि मैं देश के लिए काम कर रहा हूँ। प्रधानमंत्री मोदी का बहु ध्रुवीय विश्व में भारत को आगे ले जाने का एक स्पष्ट विचार है।''

## तुष्टिकरण...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

राठौड़ ने कहा कि एक ओर गहलोत सरकार पीएफआई जैसे अलगाववादी संगठनों को रैली निकालने की अनुमति देती है वहीं दूसरी ओर हिंदू नववर्ष, होली, कांवड़ यात्रा, हनुमान जयंती सहित अन्य त्योहारों पर धार्मिक सद्भाव बिगड़ने की बात करके जबरन प्रतिबंध लगाती है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908